

एमओएफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार सोने की चमक कायम रहने की उम्मीद - 12



सोशल मीडिया पोस्ट के साथ नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख जरूरी - 12



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले- बंगाल में भाजपा जीती तो घुसपैठियों पर कड़ा एक्शन - 13



लय में लौटे धुरंधर, विस्फोटक पारियां खेल जिम्बाब्वे को 72 रनों से हराया - 14

आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.35
सूर्यास्त 06.09


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी 10:33 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 23, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' अध्याय वाली पुस्तक पर प्रतिबंध

### एनसीईआरटी निदेशक और शिक्षा विभाग के सचिव को कारण बताओ नोटिस, आपराधिक अवमानना की कार्यवाही की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की उस पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नाम का खंड शामिल किया गया था। कोर्ट ने पुस्तक की सभी प्रतियां तुरंत जब्त करने और डिजिटल प्रतियां हटाने का निर्देश दिया। एनसीईआरटी के निदेशक और शिक्षा विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर पूछा गया कि क्यों न अवमानना और दूसरी जरूरी कार्यवाही की जाए।

कोर्ट ने इस मामले में गहन जांच की मंशा जताते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर गंभीर परिणामों



- उन बैठकों का मूल रिकॉर्ड तलब जिनमें अध्याय को विचार-विमर्श कर दी गई मंजूरी

और स्थाई प्रभाव को ध्यान में रखते हुए ऐसा दुर्व्यवहार न्यायालय की अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 2(सी) के अंतर्गत आपराधिक अवमानना के दायरे में आएगा। यह जानबूझकर किया गया कृत्य पाया जाता है तो न्यायिक प्रणाली में हस्तक्षेप के साथ संस्था को बदनाम करने का भी मामला होगा। कोर्ट ने उन बैठकों के ब्योरे का मूल रिकॉर्ड तलब किया, जिनमें आपत्तिजनक अध्याय पर विचार-विमर्श किया गया था और उसे अंतिम रूप दिया गया था।

### न्यायपालिका के खिलाफ गहरी साजिश और सुनियोजित प्रयास: सीजेआई

सुनवाई के दौरान स्पष्ट रूप से नाराज नजर आ रहे सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, पुस्तक की सामग्री के प्रथम दृष्ट्या अवलोकन और निदेशक से प्राप्त प्रशासनिक प्रतिक्रिया के साथ इसे पढ़ने पर ऐसा प्रतीत होता है कि एक गहरी साजिश के तहत न्यायपालिका के संस्थागत प्राधिकार को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का एक सुनियोजित प्रयास किया गया है। सीजेआई ने कहा, उन्होंने आघात किया है। न्याय पालिका इससे आहत है। न्यायिक संस्था के प्रमुख के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं पता लगाऊं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुस्तक में शब्दों और अभिव्यक्तियों का चयन महज अनजाने में हुई गलती या त्रुटि नहीं हो सकता।

### सुधारों का पुस्तक में नहीं किया जिक्र

शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि पुस्तक में वर्णित विवरण में न्यायालय द्वारा शुरू की गई किसी भी परिवर्तनकारी पहल और उपायों का उल्लेख नहीं किया गया है, जिनमें न्याय तक सुगम पहुंच को सुव्यवस्थित करना और लोकतांत्रिक तानेबाने के संरक्षण में न्यायपालिका का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है। इस न्यायालय द्वारा अतीत में भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के गबन आदि के लिए निंदा किए गए उच्च पदस्थ अधिकारियों की भारी संख्या को देखते हुए यह चुप्पी विशेष रूप से निंदनीय है।

### मामले में कार्रवाई की जाएगी : प्रधान


केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने जवाबदेही तय करने और पाठ्यक्रम के विवादास्पद अंश को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया। प्रधान ने इस बात पर जोर भी दिया कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और इस संस्था का अनादर करने का उसका कोई इरादा नहीं है। जो कुछ हुआ है उससे मैं बहुत दुखी हूं।

- पीठ ने कहा, पुस्तक में अत्यंत लापरवाही, गैरजिम्मेदाराना, अपमानजनक तरीके से लिखी बातों पर गौर करने के बजाय एनसीईआरटी निदेशक ने अपने जवाब में सामग्री का बचाव किया।
- पीठ ने कहा कि यदि यह बेरोकटोक होने दिया गया तो न्यायपालिका की शुचिता और आम लोगों के बीच उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचेगी, इससे भी महत्वपूर्ण है कि बच्चों के मन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

## 'द केरल स्टोरी 2' पर रिलीज से एक दिन पहले लगी अंतरिम रोक

कोच्चि, एजेंसी

- केरल हाईकोर्ट ने कहा- फिल्म सामाजिक सद्भाव भंग न करे, ये कोशिश नहीं की गई



केरल हाईकोर्ट ने 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' के प्रदर्शन पर बृहस्पतिवार को अंतरिम रोक लगा दी। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति बी. कुरियन थॉमस ने फिल्म के प्रदर्शन को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने यह सुनिश्चित नहीं किया कि फिल्म सामाजिक सद्भाव को भंग न करे। हाईकोर्ट ने कहा, सीबीएफसी की ओर से प्रमाणन प्रदान करते समय कानून की स्पष्ट अवहेलना हुई है, अदालत ने कहा कि ऐसी सामग्री का प्रसार, जिसमें वैमनस्य उत्पन्न करने, कानून-व्यवस्था भंग करने और यहां तक कि सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति हो, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) में निहित वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में नहीं आता है। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता श्रीदेव नंबूदरी की ओर से दायर पुनरीक्षण याचिका पर दो सप्ताह के भीतर विचार कर आदेश पारित करे।

## भारत-इजराइल के संबंधों का नया दौर विशेष रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

### मोदी की यात्रा के दौरान कृषि, ऊर्जा और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में 17 समझौते

- सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में काम करेंगे दोनों देश

यरुशलम, एजेंसी

भारत और इजराइल ने बृहस्पतिवार को समय की कसौटी पर खरे साबित हुए संबंधों को एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने पर सहमति व्यक्त की। मोदी और नेतन्याहू के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने व्यापार, कृषि, ऊर्जा, साइबरस्पेस और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 घोषणाएं की गईं। इनमें भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई को इजराइल में भी लागू करने का करार भी शामिल है।

भारत और इजराइल ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के ढांचे के तहत सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन की दिशा में काम करके अपनी पहले से ही घनिष्ठ रक्षा साझेदारी का विस्तार करने का भी संकल्प लिया। साथ ही भारत और इजराइल ने आपसी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा शांति पहल का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि मानवता को कभी संघर्ष का शिकार नहीं बनना चाहिए। मीडिया बयान में मोदी ने कहा कि भारत का सुरक्षा हित पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता से जुड़ा है।



यरुशलम में प्रधानमंत्री मोदी और नेतन्याहू की मौजूदगी में किए गए समझौतों पर हस्ताक्षर।

### उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की भी घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने एआई, क्वांटम तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में सहयोग को नई गति देने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि इजराइल में यूपीआई के उपयोग के लिए एक समझौता हो गया है। भारत और इजराइल के बीच भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के कार्यान्वयन और आई2यू2 (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका) के ढांचे के तहत सहयोग पर भी चर्चा हुई।

### मोदी की झप्पी पूरी दुनिया में अब मशहूर: नेतन्याहू

**नई दिल्ली।** भारत और इजराइल के द्विपक्षीय संबंधों में एक नया मुहावरा जुड़ा और वह है 'मोदी झप्पी'। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वहां की संसद 'नेसेट' में मोदी के संबोधन से पहले दिए गए अपने भाषण में इसका प्रयोग किया। नेतन्याहू ने कहा कि जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी विमान की सीढ़ियों से नीचे उतरे, दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया। नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तिगत रूप से गले मिलना कुछ खास है और इसे पूरी दुनिया में 'मोदी झप्पी' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जब आप किसी को सच्चाई के साथ और इतने करीब से गले लगाते हैं तो आपको पता चलता है कि यह वास्तविक है। नेसेट में जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच नेतन्याहू ने कहा कि वह इस 'झप्पी' को वापस लौटाना चाहते हैं।

## रणनीतिक साझेदारी का नया इतिहास रचेंगे यूपी-जापान

- यामानाशी के गवर्नर का 200 जापानी सीईओ के साथ अगस्त में यूपी दौरे का प्रस्ताव
- ग्रीन हाइड्रोजन, उद्योग व तकनीक पर एमओयू को सीएम योगी ने बताया ऐतिहासिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रांत के बीच रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के दौरान गुरुवार को यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने अगस्त में 200 जापानी सीईओ के साथ उत्तर प्रदेश का दौरा करने का प्रस्ताव दिया, जिसका मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। इसे प्रदेश में निवेश, तकनीकी साझेदारी और औद्योगिक विस्तार की दिशा में बड़ा संकेत माना जा रहा है।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार और यामानाशी प्रांत के बीच उद्योग, पर्यटन, व्यावसायिक शिक्षा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे भावी क्षेत्रों में सहयोग को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें स्वच्छ ऊर्जा नवाचार, तकनीकी आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया, आईआईटी कानपुर को ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पहल न केवल राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के राष्ट्रीय लक्ष्य को भी मजबूती देगी।



योगी ने यामानाशी में फैनुक कॉर्पोरेशन का दौरा किया।

### ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का आधार

मुख्यमंत्री ने यामानाशी स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन संयंत्र का दौरा किया। उन्होंने पावर-टू-गैस प्रणाली को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मॉडल स्वच्छ ऊर्जा और हरित विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का निमंत्रण

यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और सीखी गई तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज स्केल, स्किल और स्पीड के विकास मॉडल पर आगे बढ़ रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### हवाई अड्डे पर 24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने थाईलैंड से आए दो भारतीय यात्रियों के पास से 23.9 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 24 करोड़ रुपये है। आधिकारिक बयान के मुताबिक यात्री 22 फरवरी को टर्मिनल 3 पर पहुंचे जहां उन्हें आव्रजन क्षेत्र के ग्रीन चैनल पर रोका गया। उनके सामान की पहले एक्स-रे जांच और बाद में विस्तृत जांच की गई। तलाशी में हरे रंग के संदिग्ध मादक पदार्थ से भरी पॉलीथीन की 14 थैलियां बरामद की गई जिनमें से आठ एक ट्रॉली बैग में और छह दूसरे बैग में छिपाई गई थीं।

### महाराष्ट्र में लव जिहाद कानून का मसौदा तैयार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने कथित 'लव जिहाद' के मामलों को रोकने के मकसद से प्रस्तावित कानून का एक मसौदा तैयार किया है। विधि एवं न्यायपालिका विभाग ने मसौदा कानून को अंतिम रूप दे दिया है। सत्तारूढ़ दल के विधायकों की तरफ से जबरदस्ती, धोखाधड़ी या लालच देकर किए गए धर्म परिवर्तन को अपराध मानने के लिए एक सख्त कानून की मांग बढ़ रही थी। इसके जवाब में राज्य सरकार ने इस मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए एक उच्च-स्तरीय समिति बनाई थी। कई भाजपा शासित राज्यों ने पहले ही धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बना दिए हैं।

### राकांपा की अध्यक्ष बनीं सुनेत्रा पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनके बड़े बेटे पार्थ पवार को जल्द ही राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने की संभावना है। यह आधिकारिक घोषणा वर्ली में आयोजित पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन 2026 के दौरान की गई। राकांपा प्रमुख रहे अजित पवार के असामयिक निधन के बाद पार्टी की कमान संभालने के लिए सुनेत्रा पवार के नाम का प्रस्ताव वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने रखा, जिसे सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। पार्टी के नए संगठनात्मक ढांचे में कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को शामिल किया गया है।

## अनिल अंबानी के खिलाफ 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी में नया केस

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी एवं रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के खिलाफ 2013-17 के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा से कथित धोखाधड़ी कर बैंक को 2,220 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने के आरोप में नया मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के मुताबिक यह मामला मंगलवार को बैंक से मिली शिकायत पर दर्ज किया गया है।

सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई ने अनिल अंबानी के आवास और रिलायंस कम्युनिकेशन के पंजीकृत कार्यालयों पर छापेमारी कर इस ऋण लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए हैं।



- बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर सीबीआई ने दर्ज किया मामला छापे मारे

**ईडी के समक्ष पेशी:** अंबानी बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। यहां उनका बयान दर्ज किया गया है। यह जांच उनकी कंपनी आरकॉम द्वारा 40,000 करोड़ की बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है।

## घृणास्पद भाषण : असम के मुख्यमंत्री को गुवाहाटी हाईकोर्ट का नोटिस

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को कई जनहित याचिकाओं के संबंध में नोटिस जारी किया, जिनमें उन पर मियां समुदाय के खिलाफ घृणास्पद भाषण देने और सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने तीन याचिकाओं पर सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं में से एक के अधिवक्ता शांतनु बोरठाकुर ने बताया, प्रतिवादी को अगली तारीख से पहले नोटिस का जवाब देना होगा। कोर्ट ने कोई अन्य आदेश जारी नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी को शर्मा के खिलाफ कार्रवाई संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया था। इन याचिकाओं में उस वायरल वीडियो को लेकर कार्रवाई का आग्रह किया गया था, जिसमें शर्मा एक विशेष समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखे थे।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी पॉक्सो कोर्ट में आशुतोष ब्रह्मचारी पर दायर किया वाद

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी अपने खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी के खिलाफ प्रयागराज की विशेष पॉक्सो अदालत में वाद दायर कर दिया है। शंकराचार्य ने कहा कि उन्होंने यह वाद पॉक्सो अधिनियम की धारा 22 के तहत दायर किया है, जिसमें प्रावधान है कि अगर कोई आपके खिलाफ फर्जी मुकदमा करता है तो आप भी उसके खिलाफ वाद दायर कर सकते हैं।



- फर्जी मुकदमा कराने का आरोप, कहा आशुतोष के ही पास रह रहे हैं दोनों लड़के

शंकराचार्य ने खुद पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि माघ मेले के दौरान वह सीसीटीवी कैमरा और मीडिया के कैमरे के सामने रहे। जिन लड़कों के यौन शोषण का आरोप लगाया गया है, वे कभी उनके गुरुकुल में दाखिल तक नहीं हुए।

### एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की ही ये साजिश

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ झूठा मामला उछालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की साजिश की जा रही है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य को बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा जा रहा है। हिस्ट्रीशीटर से पुलिस अपनी जांच रिपोर्ट साझा कर रही है।

## हवाई टिकट बुकिंग 48 घंटे में रद्द करने पर पूरा पैसा वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

विमान यात्री अब बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द करा सकेंगे या उसमें बदलाव कर सकेंगे। नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ टिकट किराया वापसी के नियमों में संशोधन किया है। एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है कि पैसे वापस करने की प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जाए।



डीजीसीए ने यह भी कहा है कि यदि यात्री बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम में किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है तो एयरलाइन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। डीजीसीए ने साफ किया है कि ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से टिकट खरीदने की स्थिति में भी पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि होते हैं। संशोधित नियम 24 फरवरी को जारी किए गए थे। नियामक ने कहा, 48 घंटे के अंदर यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या संशोधित कर सकते हैं। लेकिन जिस संशोधित उड़ान के लिए टिकट लेना चाहते हैं, उसके किराये में जो अंतर है, वह देना होगा।

शासन सख्त | मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति देने के लिए 10 मार्च तक अंतिम मौका

## 47,816 कार्मिकों को तनख्वाह मिलेगी, एसीपी-पदोन्नति नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मानव संपदा पोर्टल पर 31 जनवरी तक चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज न करने वाले राज्य के 47,816 कार्मिकों को जनवरी और फरवरी की तनख्वाह मिलेगी। लेकिन एसीपी, पदोन्नति, विजिलेंस क्लीयरेंस, विदेश यात्रा और प्रतिनियुक्ति जैसी सुविधाओं से वंचित रहेंगे। यह आदेश गुरुवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल ने जारी करते हुए वेतन देने में नरमी के साथ नियम सख्त होने संदेश दिया है। उन्होंने बाकी बचे सभी कार्मिकों को 26 फरवरी से 10 मार्च के बीच मानव



संपदा पोर्टल पर विवरण दर्ज करने का अंतिम अवसर दिया है। त्योहारों को देखते हुए और कर्मचारी संगठनों के आंदोलित होने से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने आदेश जारी किया है। शासनादेश के अनुसार, 31 जनवरी 2026 तक 47,816 राज्य कर्मचारियों ने अपना संपत्ति विवरण दर्ज नहीं किया है, जिसके चलते उनके विरुद्ध सख्त लेकिन चरणबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा है कि जिन कर्मचारियों द्वारा 31 जनवरी तक नियमानुसार संपत्ति विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया था, अब ऐसे सभी कर्मचारियों को 26 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक एक और अवसर दिया गया है। इस अवधि में विवरण दर्ज करते ही जनवरी का लंबित वेतन जारी किया जाएगा। फरवरी माह के वेतन भुगतान में कोई बाधा नहीं होगी। हालांकि, शासनादेश में यह भी साफ किया गया है कि 31 जनवरी तक विवरण न देने का प्रभाव पूरे साल संबंधित कर्मचारियों की सेवा सुविधाओं पर पड़ेगा। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय दंडात्मक कार्रवाई के उद्देश्य से नहीं, बल्कि नियमों के अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। हालांकि, यह भी साफ किया गया है कि यदि 10 मार्च तक तय अवधि के भीतर भी संपत्ति विवरण दर्ज नहीं किया गया, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### इस साल क्या असर पड़ेगा

- ऐसे कर्मचारियों को वर्ष 2026 में एसीपी का लाभ नहीं दिया जाएगा। पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा।
- विदेश यात्रा, प्रतिनियुक्ति और प्रशिक्षण के लिए विजिलेंस क्लीयरेंस जारी नहीं होगी।
- सेवा अभिलेखों में इसे नियम उल्लंघन के रूप में दर्ज किया जाएगा।
- बढ़ी समय सीमा के बाद भी विवरण न देने पर विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई।

# सिंगापुर से जापान तक 'महाराज' का डंका

## अभूतपूर्व सफलता से भरा रहा योगी का दौरा, 1.5 लाख करोड़ के एमओयू, 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान का चार दिवसीय विदेश दौरा निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के लिहाज़ से अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। इस दौरान हुए उच्चस्तरीय निवेश संवादों में उत्तर प्रदेश सरकार ने 1.5 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जबकि 2.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह दौरा वर्ष 2029–30 तक उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

जापान दौरे के दौरान कृषि मशीनरी, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसे भविष्य के क्षेत्रों में बड़े निवेश प्रस्ताव सामने आए। जापान में जिन प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित हुए, उनमें कुबोटा कॉरपोरेशन, स्पार्क मिंडा (टोयो डेन्सो के सहयोग से), जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री और नागासे एंड कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बी 2जी (सरकार से सरकार) बैठकों में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड, कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड, मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, रैपिडस कॉरपोरेशन, मारुबेनी कॉरपोरेशन, सुमितोमो रियलिटी एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और एमयूएफजी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों ने उत्तर प्रदेश को एशिया का उभरता हुआ निवेश केंद्र बताते हुए राज्य में दीर्घकालिक निवेश में रुचि जताई।

जापान दौरे की एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की घोषणा की गई। यह केंद्र यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी, यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी, आईआईटी कानपुर, हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, आईआईटी बीएचयू और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। इससे स्वच्छ ऊर्जा, तकनीकी अनुसंधान और कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी।

### 'जापान सिटी' और ऑटो क्लस्टर की योजना

- यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 500 एकड़ में 'जापान सिटी' विकसित की जाएगी, जहां जापानी कंपनियों के लिए विशेष औद्योगिक वातावरण तैयार होगा। इसके साथ ही ऑटो ओईएम और कंपोनेंट निर्माताओं के लिए डेडिकेटेड ऑटो क्लस्टर और आरएंडडी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। 'इन्वेस्ट यूपी' में जापान डेस्क को और मजबूत किया जाएगा, जिसकी निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एल–जीरो सीरीज मैग्लेव ट्रेन की यात्रा और फानुक कॉरपोरेशन के रोबोटिक्स व फैक्ट्री ऑटोमेशन संयंत्र का भी दौरा किया। फानुक ने उत्तर प्रदेश में निवेश और एमएसएमई सेक्टर के तकनीकी उन्नयन में सहयोग की इच्छा जताई।

### सिंगापुर में भी मिला निवेशकों का भरोसा

- सिंगापुर में आयोजित इन्वेस्टर रोड शो के दौरान एमआरओ, कार्गो हब, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग और फिनटेक क्षेत्रों में व्यापक सहयोग पर सहमति बनी। विशेष रूप से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को एमआरओ और कार्गो हब के रूप में विकसित करने पर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के इस दौरे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेश आज वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव इस बात का प्रमाण हैं कि प्रदेश का वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य अब ठोस धरातल पर आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के दौरान गुरुवार को यामानाशी प्रांत में दुनिया की अत्याधुनिक सुपरकंडक्टिंग मैग्लेव हाई–स्पीड ट्रेन की सवारी की, जो परीक्षण के दौरान 500 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की रफ्तार हासिल करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी तेज गति के बावजूद ट्रेन बेहद स्थिर, सुरक्षित और आरामदायक रही।

### निवेश प्रस्तावों से 5 लाख से अधिक रोजगार की उम्मीद

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार दिवसीय सिंगापुर और जापान दौरा रोजगार, निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिहाज से ऐतिहासिक साबित हुआ है। इस विदेश यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार को कुल 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और लगभग 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से प्रदेश में 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि जापान में 90 हजार करोड़ के एमओयू और करीब 1.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, जबकि सिंगापुर में 60 हजार करोड़ के एमओयू और लगभग 1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सभी समझौतों और प्रस्तावों को इन्वेस्ट यूपी और अन्य संबंधित विभाग समयबद्ध ढंग से लागू करेंगे, ताकि रोजगार सृजन का लाभ शीघ्र जमीन पर दिख सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल समझौतों तक सीमित नहीं है, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्किलिंग और औद्योगिक निवेश के जरिए प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का माध्यम बनेगी। जापान और सिंगापुर दोनों देशों ने युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और एमएसएमई सेक्टर में तकनीकी सहयोग के लिए सकारात्मक रुख दिखाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यामानाशी के गवर्नर अगस्त माह में लगभग 200 जापानी सीईओ के साथ उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे, जिससे निवेश प्रस्तावों को अंतिम रूप मिलेगा और रोजगार सृजन की प्रक्रिया तेज होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हर जिले में विकसित होंगे 100 मॉडल तालाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले में 100–100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित किया जाएगा। इन तालाबों को ग्रे वाटर और प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा, जिससे जल गुणवत्ता सुधरेगी और मच्छरजनित बीमारियों में कमी आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब केवल जल संग्रहण का साधन नहीं, बल्कि भू–जल रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र रहे हैं। लेकिन बीते वर्षों में प्लास्टिक अपशिष्ट और घरेलू ग्रे वाटर (स्नान, रसोई व कपड़े धोने से निकला पानी) सीधे तालाबों में जाने से जल प्रदूषण बढ़ा है, जिसका सीधा असर ग्रामीण स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ा है। इसी चुनौती को देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायती राज विभाग ने मॉडल तालाब विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, चयनित तालाब के चारों ओर नो–प्लास्टिक जोन घोषित किया जाएगा और ग्राम पंचायत से प्लास्टिक न फेंकने का प्रस्ताव पारित कराया जाएगा। तालाब में गिरने वाली नालियों पर प्लास्टिक ट्रैप जाली और फिल्टर चैंबर लगाए जाएंगे। वहीं, ग्रे वाटर के उपचार के लिए नालियों के अंतिम सिरे पर बायो–फिल्टर सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें कंकड़, रेत और केली–केना जैसे पौधों का उपयोग होगा। इससे पानी प्राकृतिक रूप से शुद्ध होकर तालाब में पहुंचेगा।

### सीधे जनता से हो जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराने के साथ इसबार जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव सीधे जनता से कराने की मांग उठाई। उनका कहना है कि मतदान बैलेट पेपर से होने पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बन सके। उन्होंने यूजीसी के मुद्दे पर भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'बांटो और राज करो' की राजनीति कर रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को सांसद संजय सिंह ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में जनता की सीधी भागीदारी नहीं है, जिससे जनादेश कमजोर होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के दुरुपयोग के जरिए जिला पंचायत चुनावों को प्रभावित करती है।

### भाजपा ने घोषित किए बाकी बचे 14 जिलाध्यक्ष

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को संगठन पर्व के तहत बचे हुए 14 जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी। इसके साथ ही प्रदेश में सभी जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की प्रक्रिया पूरी हो गई है। लंबे समय से अपने खास को जिलाध्यक्ष बनाने की पेशबंदी में घोषणा अटकी हुई थी। प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि संगठनात्मक ढांचा अब पूरी तरह तैयार हो गया है, जिससे आगामी चुनावी रणनीति को और धार मिलेगी। घोषित जिलाध्यक्षों में शामली से रामजी लाल कश्यप, अमरोहा से उदय गिरी गोस्वामी, सहारनपुर जिला से अजीत सिंह राणा, बागपत से नीरज शर्मा, पीलीभीत से गोकुल प्रसाद मौर्य, लखीमपुर से अरविंद गुप्ता, गोंडा से इकबाल बहादुर तिवारी, अयोध्या जिला से राधेश्याम त्यागी, अयोध्या महानगर से कमलेश श्रीवास्तव, मिर्जापुर से लाल बहादुर सरोज और सिद्धार्थनगर से दीपक मौर्य को कमान सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नव नियुक्त जिलाध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

# आईटीबी बर्लिन में दिखेगी यूपी पर्यटन की सशक्त मौजूदगी

- 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत के वैश्विक उत्सव में उत्तर प्रदेश का भव्य प्रदर्शन
- एडवेंचर, वेलनेस, मेडिकल से लेकर लग्जरी टूरिज्म तक दिखेगा यूपी पर्यटन विजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्व पर्यटन उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित मंच आईटीबी बर्लिन में उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध पर्यटन सर्किट और आधुनिक पर्यटन संभावनाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 3 से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन वैश्विक पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं से सीधा संवाद करेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 का आयोजन बर्लिन एक्सपो सेंटर सिटी, मेसे डैम-22 में किया जाएगा। वर्ष 1966 से आयोजित हो रहा आईटीबी बर्लिन इस बार अपने 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत का उत्सव मना रहा है। मंत्री ने कहा कि इस वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश अपने पर्यटन विजन और निवेश संभावनाओं के साथ दुनिया से संवाद करेगा। उन्होंने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 की थीम "डिस्कवर द स्टोरीज बिहाइंड 60 इयर्स ऑफ लेगेसी" रखी गई है, जो वैश्विक पर्यटन उद्योग की यात्रा, नवाचार, साझेदारी और भविष्य की दिशा को एक साथ प्रस्तुत करती है। यह थीम अतीत की विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाले वर्षों की रूपरेखा तय करने का भी संदेश देती है।

### बदलती प्राथमिकताओं के अनुसार प्रदर्शनी

- आईटीबी बर्लिन–2026 में प्रदर्शनी को पारंपरिक पर्यटन तक सीमित न रखकर एडवेंचर टूरिज्म, बिजनेस ट्रैवल, एलजीबीटीक्यू ट्रैवल, लग्जरी ट्रैवल, मेडिकल टूरिज्म और ट्रैवल टेक्नोलॉजी जैसे विविध सेगमेंट्स में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य बदलती वैश्विक प्राथमिकताओं और यात्रियों की नई अपेक्षाओं को मंच प्रदान करना है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन का भव्य पवेलियन इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। पवेलियन में अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में साइनेज, रचनात्मक डिस्प्ले, वीवीआईपी लाउंज, हस्तशिल्प, कलाकृतियां और ओडीओपी को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटन विभाग की वेबसाइट्स, मोबाइल एप्लीकेशन, पर्यटन सर्किट, वेलनेस और मेडिकल टूरिज्म की भी व्यापक प्रस्तुति की जाएगी।

# 11 करोड़ नकद, जेवर, महंगी घड़ियां और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले

## बसपा विधायक पर एक हजार करोड़ की टैक्स चोरी करने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बलिया के रसड़ा से बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह और उनके नजदीकियों कि ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। सूत्रों का दावा है कि अभी तक 11 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुए हैं, वहीं काफी मात्रा में जेवर, महंगी घड़ियों के साथ ही लेनदेन और करोड़ों की बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। विधायक द्वारा किए कारोबार में करीब एक हजार करोड़ रुपए के टैक्स चोरी की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि आयकर विभाग की ओर से अधिकारिक तौर पर पुष्टि नही की गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ के विपुलखंड स्थित आवास के साथ ही बलिया, कौशांबी, सोनभद्र के ठिकानों के साथ ही मिजार्पुर और प्रयागराज में सहयोगियों के कई ठिकानों पर छापा मारा था। यह कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार की रात करीब 11 बजे विधायक के लखनऊ स्थित आवास से तो कार्रवाई समाप्त कर दी गई, लेकिन विपुलखंड में ही स्थित छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के कारपोरेट आफिस में पहुंच कर टीम ने जांच शुरू कर दी। बलिया स्थित विधायक के गांव खनवर स्थित आवास के साथ ही रसड़ा स्थित होटल स्काई के अलावा विधायक के खास लोगों में शुमार भूपेन्द्र सिंह और प्रवीण सिंह के यहां पर छापेमारी की गई। सोनभद्र में साईराम इंटर प्राइजेज के साथ ही ठेकेदार के फैजी के ठिकानों पर भी कार्रवाई जारी रही। इसके अलावा सोनभद्र में अन्य खनन कारोबारी जो कि किसी न किसी रूप में विधायक से जुड़े रहे उन सभी के यहां पर भी छापेमारी जारी रही।

### भाजपा के छापे सरकारी डकैती होते हैं



- बसपा प्रमुख मायावती और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बाद अब अखिलेश यादव भी बसपा विधायक के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के छापे लोगों के कमाए गए पैसों को लूटने के काम करते हैं। भाजपाई जहां भी देखते हैं कि कहीं धन–दौलत जमा होने की संभावना हैं, वहीं एजेसियां लेकर पहुंच जाते हैं। भाजपाई ह्रदयहीन हैं, इसलिए संवेदनहीन भी हैं।

## डायरी खोलेगी सत्ता और सियासत की सांठगांठ का सच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के यहां छापे में नकदी, जेवर के साथ ही कथित तौर पर एक डायरी भी मिली है। डायरी में जहां शासन और प्रशासन के कई बड़े अफसरों को लेन-देन का ब्यौरा है, वहीं कई नौकरशाहों की ब्लैक मनी भी खनन और ठेकों में एडजस्ट करने के दस्तावेज भी मिले हैं। साफ है कि डायरी में एक तरह से सत्ता और सियासत की सांठगांठ का सच दर्ज है। उधर डायरी मिलने की खबर फैलने के साथ ही कई अफसरों और सफेदपोशों की बैचेनी बढ़ती जा रही है।

विधायक उमाशंकर सिंह ने जब से सियासत में कदम रखा, तब से उनके रसूख के साथ ही संपत्ति भी अमरबेल की तरह बढ़ती रही। विधायक बनने के बाद तो संपत्तियों में काफी इजाफा होता रहा। उनके रसूख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भले ही वह बसपा से तीन बार के विधायक हैं, लेकिन सत्ता चाहे सपा की रही हो या फिर भाजपा की। उनसे संबंधित कंपनियों को सड़क निमार्ण के साथ ही खनन के ठेके भी मिलते रहे हैं। यहां तक कि नियमों को ताक पर रखकर भी ठेके दिए जाते रहे। सपा सरकार में जहां वह एक कद्दावर मंत्री के ठेकों में पार्टनर रहे, वहीं अगस्त 2025 में उमाशंकर सिंह से जुड़ा पत्थर खनन का मामला सामने आया था। उमाशंकर की पत्नी की कंपनी छात्र शक्ति इंफ्रा कंस्ट्रक्शन ने सोनभद्र में खनन का पट्टा लिया था। कंपनी ने 3,000 रुपए प्रति घनमीटर के रेट से पत्थर खनन का का पट्टा लिया था, जबकि रायल्टी दर 160 रुपए प्रति घनमीटर थी। आरोप लगा था उमाशंकर की पत्नी की कंपनी ने 33,604 घनमीटर गिट्टी का अवैध खनन किया था। यदि नीलामी की दर से वसूली होती तो कंपनी को करीब दस करोड़ की धनराशि सरकारी खजाने में देनी होती। इससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान पुहंचा। अब सवाल यह है कि यह रेट और रायल्टी के खेल बिना किसी आला नौकरशाही और कद्दावर सफेदपोश के वरदहस्त बगैर नहीं सकता। इसी तरह के कई अन्य मामले हैं, जोकि विवादों में रहे। उमाशंकर सिंह से जुड़े नेताओं और अफसरों को खुद के घिरने की चिंता सता रही है। यही कारण हैं कि छापे के दूसरे दिन भी छात्र शक्ति कंपनी के कारपोरेट आफिस के बाहर महंगी गाड़ियों से लोग आते रहे। बाहर से ही छापे की अपने तरीके से जानकारी ली और चलते बने।

### विधायक के बेटे ने कहा: हम पूरा सहयोग कर रहे हैं

- विधायक उमाशंकर सिंह के बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने गुरुवार को चुप्पी तौड़ी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल गोमतीनगर आवास पर इनकम टैक्स विभाग की ओर से जांच की गई। उनके पिता, वह स्वयं और परिवार के अन्य सदस्य विभाग के अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। इनकम टैक्स अधिकारी भी पूरी प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं।

### छापे के पीछे कौन

- **अमृत विचार :** विधायक के साथ ही मैनेजमेंट में माहिर माने जाने वाले उमाशंकर सिंह के यहां छापा पड़ा है तो तमाम सवाल उठ रहे हैं। इसमें अहम सवाल यह है कि आखिरकार बसपा बसपा विधायक के यहां आयकर के छापे के पीछे कौन हैं? ऐसी कौन सी बड़ी शक्ति है, जिसके इशारे पर बसपा प्रमुख मायावती के सबसे खास रहे विधायक के यहां कार्रवाई हुई। वह भी जब विपक्ष बसपा को कथित तौर पर भाजपा की बी टीम बताता रहा है। हालांकि सरसरी तौर पर पत्थर खनन में कैग की रिपोर्ट और विजीलेंस की जांच को ही छापे के पीछे असल वजह माना जा रहा है, लेकिन लोगों के गले से यह बात नहीं उतर पा रही है।

# इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन कॉन्क्लेव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में बीएमआईआईएल की ओर से गुरुवार को विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हाल में इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हसन खिमजी ने टीम को आगे बढ़ने की दिशा में काम करने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और मौजूद लोगों को भविष्य की रणनीति बनाने पर जोर दिया। इस दौरान एमबीबीएस एवं आयुर्वेद कॉलेज के छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की टीम बनाकर केस स्ट्डी गतिविधियां आयोजित की गई, तथा जागरुकता बढ़ाने के लिए क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें विवि के प्रतिनिधियों ने विभिन्न नीतियों के निर्माण की रुपरेखा तैयार की, जिन्हें आगामी समय से प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार, प्रधानाचार्य, विभागाध्यक्ष तथा कैंपस कैटलिस्ट्स मौजूद रहे।




कॉन्क्लेव में मौजूद विशिष्ट अतिथि हसन खिमजी व अन्य। अमृत विचार

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** अलीगढ़ के कौड़ियागंज निवासी शौकत अली का 19 वर्षीय बेटा शादाब यहां शहर में रहकर एक व्यक्ति के साथ पशु आहार का व्यापार करता था। वह बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे बाइक से चिलबिला की ओर गया था। मौर्या चौराहे पर सहालग के कारण हाईवे पर वाहनों की भारी भीड़ थी। इस बीच वह सुल्तानपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



डीएम कार्यालय में ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक शासन से टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में गुरुवार को बीएसए कार्यालय में जुटे। धरना, प्रदर्शन करने के बाद जुलूस निकालकर कलक्ट्रेट पहुंचे शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल के नेतृत्व में गुरुवार को बीएसए कार्यालय पर जुटे परिषदीय स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने टीईटी अनिवार्य करने के विरोध में धरना, प्रदर्शन किया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक आज अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है, जो हमारी सेवा शर्तें पूर्व में निर्धारित थीं उस पर सरकार की ओर से गलत कानून थोप कर कुठाराघात किया जा रहा है। इससे पूरे प्रदेश के शिक्षक आहत हैं। जिला मंत्री विनय सिंह ने कहा कि विज्ञापन ही नियुक्ति का आधार होता है। भारत सरकार की ओर से सभी शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य करना हमारी सेवा शर्तों के विपरीत है। हम इसके लिए संघर्ष करते रहेंगे। जब तक सरकार टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त नहीं कर देती, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### ग्राम प्रधानों ने बच्चों को दुलारा, परोसा भोजन

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** विकासखंड सांगीपुर के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में ग्राम प्रधान पहुंचे। वहां पढ़ने वाले बच्चों से बात कर उन्हें दुलारा। तिथि भोज योजना के अंतर्गत स्वयं परोस कर छात्र–छात्राओं को स्वादिष्ट भोजन कराने के साथ ही चॉकलेट का वितरण भी किया गया। ग्राम पंचायत बेवली में संगीता सिंह, दर्रा में संतोष गुप्ता, औरीपुर नौगीर में रवींद्र यादव, देउम पूरब में विनोद सिंह, देउम पश्चिम जय करन यादव ने बच्चों को स्वयं भोजन कराया। ग्रामीणों ने इस कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी ध्रुव जायसवाल, देवकांत पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, रिया, निशा, गोपेश श्रीवास्तव, सर्वोदय सिंह के अलावा अभिभावक मौजूद रहे।



तिथि भोज अंतर्गत भोजन करते बच्चे।

### धर्म परिवर्तन कराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जेठवारा थाना क्षेत्र के कुटुलिया सांड़देई गांव में मध्य प्रदेश के संतोष शुक्ला का धर्म परिवर्तन कराने वाले आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित होते ही मौलाना सहित सभी गिरफ्तार हो गए। वहीं क्षेत्र में इनाम घोषित होने के बाद मुठभेड़ में गोली लगने के डर से सरेंडर करने की चर्चा रही। जेठवारा थाना क्षेत्र सांड़देई निवासी बदरूदजमा, सफीउज्जमा, नईमुद्दीन, दाउदनगर मस्जिद के मौलाना निजामुद्दीन और 5-6 अज्ञात पर एमपी के सागर पथरिया हाट निवासी संतोष शुक्ला का धर्मपरिवर्तन कराकर उसे शेरखान बनाने का आरोप है। मामले में केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने बदरुज्जमां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एसपी दीपक भूकर ने फरार तीन आरोपियों मौलाना निजामुद्दीन, सफीउज्जमां और सफीउज्जमां पर इनाम घोषित कर दिया था।

सांझी रेखा

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह ने आटा और मंदिरों के चढ़े फूलों ने तैयार किया हर्बल गुलाल

# अयोध्या व काशी में मक्का के गुलाल से खेली जाएगी होली

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या और वाराणसी में मक्का का आटा और मंदिरों में चढ़े फूलों के अर्क से बने शुद्ध हर्बल गुलाल से होली खेली जाएगी। इससे त्वचा खराब नहीं होगी और आंख व मुंह में जाने पर स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचेगा। बच्चे हो या बुजुर्ग सभी इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। गुलाल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लखनऊ के चिनहट की ग्राम उत्तरधौना में संचालित ''सांझी रेखा'' स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नाबार्ड के सहयोग से प्रशिक्षण पाकर इसे तैयार किया है।

इनके हर्बल गुलाल हरा, पीला और गुलाबी तीन रंग में उपलब्ध हैं। तीनों ही मक्का के आटे में फूल व सब्जियों से निर्मित किए गए हैं। इनमें हरा रंग देने के लिए आटा में धनिया और पालक के पत्ते मिलाए गए हैं। जबकि पीला रंग का गुलाल आटा में गेंदा के फूल की पंखुड़ी से तैयार किया है और गुलाबी गुलाल चुकंदर व गुलाब के फूल की कलियों से बनाया है। शुद्धता के साथ सुगंध भी लोगों को प्राकृतिक है।

- खराब नहीं होगी त्वचा, आंख व मुंह में जाने पर नहीं होगा नुकसान

### गुलाल की कीमत (रुपया प्रति किलो)

- गुलाल–थोक – 350–400
- गुलाल–फुटकर – 500
- गुलाल–200 ग्राम – 100



चिनहट के उत्तरधौना में सुखाया जाता गुलाल और टोकरियों में रखा तैयार गुलाल।

> एक तरफ महिलाओं ने स्वास्थ्य को देखते हुए हर्बल गुलाल बनाया है तो दूसरी तरफ इस कार्य से उन्हें रोजगार मिला है। लोग इस हैंडमेड सामग्री को खरीद कर उत्पादन को बढ़ावा दें।
>
> **–अजीत कुमार सिंह,** जिला विकास अधिकारी, लखनऊ

### मंदिरों से एकत्र किए फूल महिलाएं लाईं सब्जियां

- समूह की अध्यक्ष वंदना सिंह ने बताया कि इस कार्य में 18 समूह की महिलाएं जुड़ी हैं। मक्का किसानों से खरीदकर आटा बनाया है, जबकि फूल मंदिरों के चढ़े हुए एकत्र किए हैं। महिलाएं खेती–बाड़ी से जुड़ी हैं, इनके द्वारा धनिया, पालक, चुकंदर एकत्र किया गया है। कोषाध्यक्ष सोनी सिंह बताती हैं कि 40 फीसद तक बचत होती है। एक स्टॉल में चार से पांच हजार की बिक्री हो रही है।

### सात क्विंटल तक भेजी गुलाल की खेप

- 20 क्विंटल उत्पादन लक्ष्य के सापेक्ष 15 क्विंटल तक गुलाल तैयार किया है। इसमें अयोध्या, वाराणसी के खासकर काशी और मिर्जापुर में सात क्विंटल गुलाल बिक चुका है और भी मांग आई है। इसके अलावा अंबेडकर नगर, बस्ती, सोनभद्र, लखीमपुर, हरदोई व कानपुर से मांग आने पर खेप भेजी जा रही है। लखनऊ में भी महिलाएं स्वयं थोक व फुटकर स्टॉल लगाकर बिक्री कर रही हैं। 28 फरवरी से विकास भवन, कलेक्ट्रेट, विश्वविद्यालय समेत अन्य सरकारी परिसरों में स्टॉल लगाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ फेरा

बाराबंकी, अमृत विचार : जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हडियाकोल में मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर, नकदी और जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम हडियाकोल पोस्ट श्री रामवन कुटीर निवासी सुधीर कुमार वर्मा पुत्र रामसिंह के अनुसार बुधवार की रात करीब 2 बजे अज्ञात चोर घर के मुख्य दरवाजों के ताले तोड़कर अंदर घुस आए। चोरों ने कमरों में रखे बक्सों के ताले तोड़ दिए और उनमें रखे सोने-चांदी के जेवरात, नकद रुपये, शैक्षिक प्रमाण पत्र तथा अन्य जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, चोरों ने उनके चचेरे भाई हिमांशु वर्मा के घर में भी घुसकर संदूक का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

### आलू भंडारण किराया न बढ़ाने की मांग

हैदरगढ़, बाराबंकी : भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील इकाई ने एसडीएम को डीएम को सम्बोधित मांग पत्र सौंपा, जिसमें आलू भंडारण के लिए किसानों का किराया न बढ़ाने की अपील की गई। किसानों ने कोल्ड स्टोर मालिकों के साथ वार्ता कर समाधान कराने की भी मांग की। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. हरीराम पाल हैदरगढ़, माताप्रसाद वर्मा त्रिवेदीगंज, मान यादव, गंगा बक्स सिंह, अक्षय वर्मा, तहसील उपाध्यक्ष मोह. रईस, नगर अध्यक्ष व जिला सचिव संतोष सिंह मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, पांच लोग घायल

**रफ्तार की मार**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में सड़क पार कर रहे व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दूसरे हादसों में पांच लोग घायल हो गए, इनमें एक को गंभीर दशा में लखनऊ रेफर किया गया है। कोठी प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम तुनिहा हिम्मतपुर निवासी धर्मराज गुरुवार सुबह घर से एक होटल पर चाय पीने जा रहे थे। डफरारपुर में सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक परिवार का इकलौता सहारा था। निंदूरा प्रतिनिधि के अनुसार घुंघटेर थाना क्षेत्र के टिकरा निवासी चंदन मिश्रा गुरुवार दोपहर बाइक से टिकैतगंज जा रहे थे। टिकैतगंज-घुंघटेर मार्ग पर मतलूकपुर के निकट तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में चक गंजरिया निवासी राम धीरज अपने तीन माह के नाती का लखनऊ में इलाज करा रहे थे। गुरुवार को बाराबंकी आकर अपने घर जाने के लिए एक ऑटो बुक किया। बताया जा रहा कि ऑटो के कादिरपुर चौराहे पहुंचते ही सामने आए एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में ऑटो चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में राम धीरज के परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को पास के एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। त्रिवेदीगंज प्रतिनिधि के अनुसार लोनीकटरा थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी विमल ट्रैक्टर से पोखरा जा रहा था, रास्ते में बेकाबू ट्रैक्टर पलटने से विमल नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाला। घायल विमल को तत्काल सीएचसी त्रिवेदीगंज ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया।

### रेल पटरी के किनारे मिला लापता युवती का शव



बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार शाम से गायब हिन्द अस्पताल में बतौर वार्ड आया तैनात युवती का शव गुरुवार को रेल ट्रैक के किनारे मिला। आशंका है कि परिचित युवक से बातचीत के बाद युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बाराबंकी लखनऊ रेलवे लाइन पर सफेदाबाद कस्बा में एक किनारे युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवती की पहचान रोली गौतम पुत्री बृजेश कुमार निवासी ग्राम बुधियापुर कोतवाली फतेहपुर के रूप में हुई। वह हिंद मेडिकल कॉलेज में वार्ड आया के पद पर कार्यरत थी। परिजनों के अनुसार रोली रोज सुबह ड्यूटी पर जाती और शाम तक घर लौट आती थी। बुधवार को देर रात तक घर न आने पर परिवार की चिंता बढ़ गई। पिता बृजेश कुमार ने बताया कि मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिलने पर उन्होंने अपने स्तर से खोजबीन शुरू कर दी। इसी दौरान उन्हे रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवती का शव पड़े होने की सूचना मिली। मृतका के मौसा जगदीश प्रसाद, जो उसी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत हैं और रामनगर क्षेत्र के खतौरा गांव के निवासी हैं, भी मौके पर पहुंचे। वहां मिले सामान के आधार पर शव की पहचान रोली गौतम के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिवार के अनुसार रोली की मलूकपुर महमूदाबाद जिला सीतापुर निवासी अखिलेश कुमार गौतम से पिछले करीब पांच वर्षों से बातचीत चल रही थी। बताया जा रहा कि वह हाल ही में कुवैत से गांव लौटा था। घटना वाले दिन शाम को दोनों के बीच फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिसके बाद रोली का मोबाइल बंद हो गया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## लखनऊ से युवती को लाने वाला युवक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार: नशे में युवती के पड़े मिलने के मामले में पुलिस ने उसके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस छेड़छाड़ या दुष्कर्म की संभावना से इंकार कर रही, हालांकि युवक व युवती बीते दो साल से एक ही जगह काम करने की वजह से गहरे संपर्क में थे। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ओझियापुर के पास मंगलवार को एक युवती संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ी मिली। ग्रामीणों ने पुलिस को खबर की। मौके पर पहुंची महिला पुलिस को युवती बेतहाशा नशे में मिली, जिसे थाने पर ले जाने के बाद पूछताछ की गई, इसके बाद उसे मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। यहां से पुलिस युवती को वन स्टाप सेंटर ले गई। उसी दिन थाने पहुंची लखीमपुर जिले की मूल निवासी व पीड़िता की बहन ने आरोप लगाया कि लखनऊ में एक पेट्रोल पंप पर काम कर रही बहन को साथी युवक अंकित तिवारी ग्राम ओझियापुर थाना बड्डूपुर देर रात जबरन लेकर आया था।



कार्रवाई करते एसडीएम व टीम। अमृत विचार

### सात नमूने भरे, सवा लाख के खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक

बाराबंकी, अमृत विचार : एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी व सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को लखपेड़ाबाग व नबीगंज क्षेत्रों में छापेमारी की गई। लखपेड़ाबाग स्थित मेसर्स बाला जी घी स्टोर से घी के दो नमूने लिए गए। नबीगंज स्थित मेसर्स रवि ट्रेडर्स से वंश ब्रांड सरसों तेल व रिफाइंड सोयाबीन तेल का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। संदिग्ध पाए जाने पर मयूर वनस्पति के 39 हजार कीमत के 10 टिन, बिस्किन वनस्पति के 53,340 मूल्य के 24 टिन तथा बेकरी शॉर्टनिंग के 32,900 रुपये के 14 जार की बिक्री पर रोक लगा दी गई। कुल एक लाख 25 हजार 240 मूल्य के खाद्य पदार्थ विक्रय से प्रतिबंधित किए गए। हैदरगढ़ स्थित मेसर्स हरी ट्रेडर्स (सब्जी मंडी) से पनीर व छेना तथा रामनगर में पीरी चौराहा से खोया का नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। अभियान में कुल सात नमूने लिए गए। कार्रवाई के दौरान नीरज पाण्डेय, अरुण कुमार, अर्शी फारूकी आदि रहे।

## ननद को किया ब्लैकमेल

सफदरगंज, बाराबंकी: थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। भाभी ने छह साल पुराने वीडियो की आड़ में ननद को न सिर्फ ब्लैकमेल किया बल्कि अपने प्रेमी संग मिलकर उसे दूसरों से संबंध बनाने को विवश किया। आहत युवती ने आखिरकार पुलिस का सहारा लिया और रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब छह वर्ष पूर्व उसकी भाभी ने ही उसका मोबाइल नंबर बेलहरी निवासी मोहित वर्मा को दिया था। आरोप है कि मोहित का घर पर आना-जाना था और इसी दौरान उसने आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए। बाद में उन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वीडियो कॉल के माध्यम से दबाव बनाया गया। पिछले कुछ वर्षों से उसकी मोहित से बातचीत बंद है, लेकिन उसकी भाभी के मोहित से अवैध संबंध हैं। विवाहित मोहित इस समय सऊदी अरब में है। आरोप है कि मोहित ने कुछ स्क्रीनशॉट और रिकॉर्डेड वीडियो भाभी को भेजे, जिन्हें वह कई लोगों को दिखा और भेज चुकी है। आरोप है कि उसकी भाभी उन वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे अन्य व्यक्तियों से शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर कर रही है। विरोध करने पर घर से निकालने और धमकी भी दी जा रही।

### शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व निकली शोभायात्रा



कलश शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

सूरतगंज, बाराबंकी : रायपुर गांव में नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व गुरुवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। सुबह से ही मंदिर प्रांगण पर लोग जुटने लगे। सीतापुर से आए पं. राम शंकर मिश्रा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शिवलिंग की प्रतिमाएं ट्रॉली पर रखकर यात्रा प्रारंभ की गई। कई ट्रॉलियों पर देवताओं की झांकी सजाई गई। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से इमलीपुर, चंदूरा, मोहम्मदपुर खाला चौराहे होते हुए वन खंडेश्वर महादेव मंदिर स्थित सरोवर तक गई। पीत्र वस्त्रधारी महिलाएं और कुंवारी कन्याएं सिर पर जलभर कलश रखकर यात्रा में शामिल हुईं और विधिवत मंदिर में कलश स्थापित किया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की ध्वनि के बीच भक्त झूमते नजर आए। यजमान कमलेश तिवारी, अवधेश तिवारी, अशोक तिवारी, प्रयंशू तिवारी, दीपू, हरिओम श्रीवास्तव, संतोष कुमार, मूलचंद मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता। अमृत विचार

### टेट के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना

बाराबंकी, अमृत विचार : टीईटी की अनिवार्यता से छूट की मांग को लेकर टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया और बीएसए नवीन कुमार पाठक के माध्यम से पीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। धरने में वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय से देश भर के लगभग 25 लाख शिक्षक प्रभावित हुए हैं। उनका कहना था कि सभी शिक्षक सेवा के निर्धारित मानकों को पूरा कर चुके हैं, फिर उनकी योग्यता पर सवाल उठाते हुए जबरन परीक्षा के लिए बाध्य करना अनुचित है। मांग की गई कि सरकार अध्यादेश लाकर आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दे, अन्यथा देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि फिलहाल शिक्षक शांतिपूर्ण मार्ग अपना रहे हैं, लेकिन मांगें न मानी गईं तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा ने कहा कि सभी संगठन एकजुट होकर अन्यायपूर्ण टीईटी परीक्षा का विरोध करेंगे। यूटा जिलाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षक बच्चों को पढ़ाने और विभागीय कार्यों के साथ-साथ परीक्षा की तैयारी करने को विवश हैं, इसलिए उन्हें छूट दी जानी चाहिए।

## मामूली बात पर लहराये गए असलहे, जांच शुरू

रामनगर, बाराबंकी: बुधवार शाम मामूली बात को लेकर एक पक्ष उग्र हो गया और धारदार हथियार के साथ ही असलहे लहराए। यही नहीं घात भी लगाई गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। शिकायत पुलिस तक है और मामले की जांच की जा रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम भैरमपुर निवासी रिजवान पुत्र मोहम्मद सलीम के अनुसार बुधवार शाम बाजार का मुख्य मार्ग बंद होने के कारण वह कार से मुर्गा फार्म की ओर से घर लौट रहा था। आरोप है कि बाजार के पास गांव के एहतिशाम पुत्र मोहम्मद हाशिम अचानक बाइक लेकर सामने आ गए। पीड़ित का कहना है कि बाइक उसकी कार से टकराई भी नहीं, इसके बावजूद एहतिशाम ने गाड़ी रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है घर के नजदीक होने के कारण एहतिशाम ने अपने भाई मोहम्मद उजैद और उबैद को फोन कर बुला लिया। थोड़ी ही देर में दोनों कई अज्ञात लोगों के साथ लाठी-डंडा, धारदार हथियार के साथ पहुंच गए। आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिया। यह भी आरोप है कि विपक्षी काफी देर तक मस्जिद जाने वाले मुख्य रास्ते पर हथियारों के साथ खड़े रहे और लगातार जान से मारने की धमकी देते रहे।




बस को हरी झंडी दिखाते बीएसए। अमृत विचार

### शैक्षिक भ्रमण सर्वांगीण विकास में सहायक: बीएसए

बाराबंकी, अमृत विचार : जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण गुरुवार को शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक और स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पीयूष उपाध्याय ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पहले चरण में 231 छात्राएं रवाना हुईं। जनपद के 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की लगभग 1900 छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं निर्धारित तिथियों में भ्रमण में शामिल होंगी। शासनादेश के तहत सुरक्षा के लिए प्रत्येक बस में दो महिला पुलिस कर्मियों और चिकित्सकीय टीम की व्यवस्था की गई है। बीएसए नवीन कुमार पाठक ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से छात्राओं को व्यावहारिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक ज्ञान का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। पीयूष उपाध्याय ने बताया कि उनकी संस्था को करीब 400 बालिकाओं को स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने का अवसर मिला है, जो उनके आत्मविश्वास और सपनों को संबल देने का प्रयास है। इस अवसर पर डेटॉल हाइजीन एजुकेशन कार्यक्रम के प्रोजेक्ट ऑफिसर दिलीप सिंह, एमिली पॉल और डिस्ट्रिक्ट लीड अतुल तिवारी ने एक्सपोजर विजिट पर जा रही बालिकाओं को हाइजीन किट वितरित की। कार्यक्रम में जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) पुनीत मणि त्रिपाठी, ईएमआईएस इंचार्ज पंकज कुमार वर्मा, जिला समन्वयक पीएम पोषण पीयूष श्रीवास्तव, नंदन पाण्डेय, वार्डन पूनम मिश्रा, विभा मिश्र, अभिषेक सिंह, चंद्रमौली मिश्रा, हरिशंकर मिश्रा, रामप्रकाश, राहुल शुक्ला और हृदेश कुमार रहे।

### छत पर चढ़कर ईंटों से हमला, दंपति लहूलुहान

फतेहपुर, बाराबंकी : कोतवाली क्षेत्र में पड़ोसी से चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। लगातार गाली-गलौज और धमकियां दे रहे पड़ोसी ने एक परिवार पर छत पर चढ़कर ईंट से हमला कर दिया, जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम नन्दरासी निवासी उमेशचन्द्र ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी अमरेश कुमार कई महीनों से उनके परिवार को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है लेकिन वह लोग विवाद से बचते रहे। पीड़ित के मुताबिक, पुलिस से शिकायत के बावजूद आरोपी के व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। पीड़ित ने बताया कि 24 फरवरी की शाम गाली-गलौज से तंग आकर डायल 112 पर कॉल की गई। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी घर में छिप गया, लेकिन पुलिस के लौटते ही फिर से धमकियां देने लगा। बुधवार की सुबह जब उमेश चन्द्र अपनी पत्नी शैल कुमारी के साथ छत पर थे, तभी आरोपी अपनी छत पर आकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसने पीछे से ईंट के गुम्मे से हमला कर दिया, जिससे उमेश चन्द्र का सिर फट गया। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी के चेहरे पर भी प्रहार किया गया, जिससे उनके दांत टूट गए और वे मौके पर बेहोश हो गईं।

### छापेमारी में 45 लीटर कच्ची शराब बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम खेतासराय, इरशाद नगर, अकबरपुर व आल्हनमऊ में गुरुवार को आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रामसनेहीघाट लक्ष्मीचंद्र पाल ने अधीनस्थ स्टाफ तथा चौकी सुखीपुर, थाना टिकैतनगर की पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से की। टीम ने 22 स्थानों पर दबिश देकर करीब 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आबकारी अधिनियम के तहत तीन अभियोग दर्ज कर एक अभियुक्त को जेल भेजा गया। मौके पर 150 किलो तैयार लहन और एक चालू भट्ठी नष्ट की गई।

### लोक अदालत की तैयारियों को लेकर हुई बैठक




दिशा-निर्देश देतीं जनपद न्यायाधीश। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : 14 मार्च को आयोजित होने वाली साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद न्यायालय परिसर में गुरुवार को बैठक हुई। अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। बैठक में अपर जिला जज व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीकृष्णचन्द्र सिंह, सिविल जज सीडी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत, अपर जिलाधिकारीव नोडल अधिकारी प्रशासन राज कुमार सिंह यादव, अपर पुलिस अधीक्षक व नोडल अधिकारी पुलिस विकास चन्द्र त्रिपाठी, अग्रणी बैंक मैनेजर व नोडल अधिकारी बैंक व फाइनेंस कंपनी सहित विभिन्न विभागों और बैंकों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम जनता को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रशासन को आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आदि के माध्यम से जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। साथ ही प्री-लिटिगेशन मामलों के शीघ्र निस्तारण, लंबित मामलों में नोटिस व सम्मन तामील और बैंक ऋण वसूली से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से चिन्हित कर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

## जर्मन युवक संग हिंदू रीति-रिवाज से रचाई शादी



जयमाला डालती रुलन वर्मा। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : जनपद की बेटी रुलन वर्मा की विदेशी लड़के से शादी की चर्चा जोरों पर है। रेलवे में असिस्टेंट इंजीनियर राज कुमार वर्मा की पुत्री रुलन वर्मा उच्च शिक्षा के लिए विदेश गई थीं। फ्रांस से पीएचडी करने के बाद वह वर्तमान में ऑस्ट्रिया के वियाना विश्वविद्यालय में प्रोफेसर व वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। इसी दौरान उनकी मुलाकात जर्मनी के एक युवक से हुई, जो दोस्ती से आगे बढ़कर प्रेम में बदल गई। विवाह के लिए दूल्हा अपने परिवार के 16 सदस्यों के साथ विशेष रूप से भारत पहुंचा। शहर के होटल रॉयल रिलाइट में आयोजित समारोह में हल्दी, मेहंदी और जयमाला सहित सभी रस्में पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुईं। भारतीय शेरवानी पहने विदेशी दूल्हा कार के सनरूफ से निकलकर भारतीय गीतों पर थिरकता नजर आया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। दुल्हन के चाचा आरसी पटेल ने इसे जनपद के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि जर्मनी से आए मेहमानों को भारतीय परिधान, खासकर साड़ियां और यहां का खान-पान बेहद पसंद आया। हिंदी न जानने के बावजूद वे 'आई लव इंडिया' कहते नजर आए। हिंदू परंपराओं के साथ संपन्न इस विवाह के बाद दुल्हन अपने पति के साथ जर्मनी रवाना हो गई। यह अनोखी जोड़ी अब दो परिवारों ही नहीं, बल्कि दो देशों की संस्कृतियों के मिलन का प्रतीक बन गई है।

## युवक के हमलावरों को भीड़ ने पीटा, दो को दबोचा

हैदरगढ़, बाराबंकी: गुरुवार दोपहर घर के बाहर बैठे युवक पर अचानक आए बाइक सवारों ने हमला बोल दिया। युवक की चीख पुकार सुनकर जुटे लोगों ने हमलावरों को घेरकर पीटना शुरु कर दिया। भीड़ ने दो युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामूली विवाद बता रही है। कोतवाली क्षेत्र में बाबा टीकाराम धाम ग्राम बेहटा से सटा हुआ है। इसी गांव के निवासी जमुना प्रसाद मिश्र परिवार के साथ रहते हैं। गुरुवार दोपहर उनका बेटा शिवांक मिश्रा घर के बाहर बैठा था। इसी बीच वहां आए मोटरसाइकिल सवारों ने उस पर हमला बोल दिया। शोर सुनकर जुटे धाम परिसर व आस-पास रहने वाले लोगों ने हमलावरों को भी पीटना शुरू कर दिया। भीड़ के हमले से घबराए आरोपी भागने लगे हालांकि दो हमलावरों को पकड़ लिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों आरोपियों को कोतवाली ले आई। युवक शिवांक मिश्रा ने दी गई तहरीर में बताया कि वह कक्षा बारह का छात्र है।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### डीएम और एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

बाराबंकी, अमृत विचार : जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने गुरुवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार, बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तैनात कर्मियों से जानकारी प्राप्त की। इसके बाद हाई सिक्योरिटी बैरक, महिला व पुरुष बैरक, गौशाला और कारागार अस्पताल का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। अधिकारियों ने कंट्रोल रूम पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था देखी और निर्देश दिए कि सभी कैमरे हर समय क्रियाशील रहें तथा किसी भी तकनीकी खराबी को तत्काल दूर किया जाए। बैरकों में बंदियों को उपलब्ध प्रकाश, शौचालय, स्वच्छता, भोजन और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी परीक्षण किया गया। अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया।

### सुहेल प्रकरण को लेकर आसपा ने सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देते आसपा नेता। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : सुहेल प्रकरण को लेकर आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर सुहेल ने आत्महत्या की कोशिश की। जिलाध्यक्ष देशराज गौतम और मंडल संयोजक अयोध्या वसी हैदर के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में पीड़ित को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। इस दौरान मंडल प्रभारी हरिनंदन सिंह गौतम, शमीम जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, अतुल कांत एडवोकेट, नरेंद्र यादव एडवोकेट सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम ढेमा निवासी सुहेल पुत्र वसीउद्दीन को 7 फरवरी को दिन में अयोध्या जिले की थाना इनायत नगर पुलिस द्वारा कथित रूप से घर से उठाया गया था। परिजनों का आरोप है कि बाद में वह पुलिस चौकी बसौढ़ी मजरे मथुरा थाना पटरंगा की अभिरक्षा में मिला, जहां उसके साथ अमानवीय मारपीट की गई।



उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### मीटिंग हॉल का एसपी ने किया उद्घाटन

रामनगर, बाराबंकी : पुलिस व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में थाना रामनगर परिसर में बृहस्पतिवार को नवनिर्मित बहुउद्देशीय मीटिंग हॉल का भव्य लोकार्पण किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिला पट का अनावरण कर फीता काटकर हॉल का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व पंडित अनिल शास्त्री ने पूजा-अर्चना कराई। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह हॉल थाना प्रशासन के लिए नई ऊर्जा का केंद्र बनेगा। इसमें नियमित अपराध समीक्षा बैठकें, जनसुनवाई, शांति समिति की बैठकों और विशेष अभियानों की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय और संवाद से ही कानून-व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण संभव है और आमजन में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाया जा सकता है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि हॉल को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया गया है।

## आग से घर में रखा सामान हुआ राख

सूरतगंज, बाराबंकी: मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव में शमशेर अली के घर बुधवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। विकराल रूप धारण कर चुकी आग ने घर में रखा सारा सामान जलाकर खाक कर दिया। लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों व हैंडपंप के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में खड़ी मोटरसाइकिल, एलसीडी टीवी, पंखा, घरेलू सामग्री सहित सात हजार रुपये नकदी भी जलकर नष्ट हो गई। आशंका जताई जा रही कि शॉर्ट सर्किट की वजह से हादसा हुआ है।

# प्रेमचंद्र अध्यक्ष, राजीव बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

फतेहपुर, बाराबंकी: दि बार एसोसिएशन फतेहपुर के वार्षिक चुनाव में गुरुवार को मतदान के बाद प्रेमचन्द्र पाल अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजीव नयन तिवारी, उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर सर्वेश श्रीवास्तव और महामंत्री पद पर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने जीत दर्ज की। चुनाव में 176 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर प्रेमचन्द्र पाल ने 106 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप निगम को 53 मतों से हराया। तीसरे प्रत्याशी हरीश मौर्य को 13 मत मिले और 4 मत अवैध घोषित किए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजीव नयन तिवारी ने 96 मत प्राप्त कर सतीश कुमार वर्मा को 16 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर सर्वेश श्रीवास्तव ने 105 मत प्राप्त कर गणेश शंकर मिश्रा को 34 मतों से हराया। महामंत्री पद पर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने राम औतार को मात्र 4 मतों के अंतर से हराया। मनीष को 51, राम औतार को 47 मत प्राप्त हुए। अन्य प्रत्याशियों में कुबेर सिंह (37), संजय कुमार (19), अनीत कुमार (9) और अमर सिंह (13) मत प्राप्त हुए। नतीजे घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों को फूल-मालाओं से लादकर और मिठाई खिलाकर अधिवक्ताओं ने बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया इल्डर्स कमेटी के चेयरमैन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव और चुनाव अधिकारियों मुरलीधर, राकेश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश यादव व पौरूष श्रीवास्तव की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।



दि बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

# 42 दिनों तक रहेगा रेलवे पुल की डाउन लाइन पर मेगा ब्लॉक, बदले जायेंगे ट्रफ

## 2 अप्रैल से 13 मई तक रोज सुबह साढ़े 9 से शाम साढ़े 5 बजे तक होगा कार्य, पैसेंजर ट्रेनों का संचालन रहेगा बाधित

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगा नदी पर स्थित रेलवे पुल के डाउन लाइन पर जर्जर ट्रफ बदलने का काम शुरू होने वाला है। रेलवे सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत 2 अप्रैल से 13 मई 2026 तक 42 दिनों के लिए रोज सुबह साढ़े 9 से शाम साढ़े 5 बजे तक मेगा ट्रैफिक व पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान पुल के डाउन लाइन पर पुराने स्टील ट्रफ हटाकर नए एच-बीम स्लीपर लगाए जाएंगे। जिससे पुल की मजबूती व सुरक्षा में इजाफा होगा।

उत्तर रेलवे ने ब्रिज संख्या 110 के अंतर्गत कानपुर पुल बांया किनारा व कानपुर के बीच 42 दिनों के लिए इस मेगा ट्रैफिक व पावर ब्लॉक को मंजूरी दी है। यह ब्लॉक 2 अप्रैल से 13 मई तक रोज सुबह साढ़े 8 से शाम साढ़े 5 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस मेगा ब्लॉक के चलते यात्री सेवाओं पर व्यापक असर पड़ेगा। कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज सहित कई रेल खंडों पर चलने वाली मेमू, पैसेंजर, इंटरसिटी व सुपरफास्ट ट्रेनों को रद, आंशिक रूप से समाप्त/प्रारंभ या मार्ग परिवर्तित किया गया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार कुल 14 जोड़ी से अधिक मेमू व पैसेंजर ट्रेनें 42 दिनों तक निरस्त रहेंगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए कई ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से चलाने का निर्णय लिया है। कुछ महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों को गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ, कासगंज-शाहजहांपुर, प्रयागराज-डीडीयू व अन्य वैकल्पिक रेलमार्गों से चलाया जाएगा। शताब्दी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस व फरक्का एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की कई ट्रेनों के ठहराव व समय सारिणी में भी इस दौरान बदलाव किए गए हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड से स्वीकृत इस ब्लॉक के दौरान यात्री सुविधाओं को कम से कम प्रभावित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।


इसी रेलवे पुल पर 42 दिनों तक डाउन लाइन पर होगा कार्य।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 जोड़ी से अधिक ट्रेनें 42 दिन रहेंगी निरस्त

**शुक्लागंज:** मेगा ब्लॉक के चलते कुल 14 जोड़ी से अधिक मेमू व पैसेंजर ट्रेनें पूरे 42 दिनों तक पूरी तरह निरस्त रहेंगी। इनमें कानपुर-लखनऊ, कानपुर-रायबरेली व लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेल खंडों पर चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं।

### 2016 में बदले गये थे डाउन लाइन के ट्रफ

**शुक्लागंज:** गंगाघाट रेलवे पुल पर डाउन लाइन के जर्जर ट्रफ नवंबर 2016 में बदले गए थे। उस समय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक मरम्मत कार्य हुआ था। अब करीब 10 वर्ष बाद रेलवे द्वारा डाउन लाइन पर पुराने स्लीपर हटाकर नए एच बीम स्लीपर लगाए जाने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए मेगा ब्लॉक प्रस्तावित किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, चालक बचा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** कानपुर से लखनऊ जा रही एक कार को गुरुवार सुबह हाईवे पर त्रिभुवन खेड़ा के पास अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार सवार बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित माधव नगर निवासी राजेश ठाकुर कार से कानपुर से लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही वह गंगाघाट क्षेत्र स्थित हाईवे पर त्रिभुवन खेड़ा गांव के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे जा रुकी। सूचना पर गंगाघाट पुलिस पहुंची और वाहन हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

# सीओ स्तर से मामले की जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

आत्महत्या प्रकरण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, **अमृत विचार:** भाई और भतीजी की आत्महत्या प्रकरण में उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठी है। गुरुवार को राजमार्ग स्थित एक प्रेसवार्ता में सहजनी निवासी पेंट कंपनी के डिप्टी मैनेजर रहे मृतक विकास गुप्ता के भाई शिवम ओमर ने कहा कि इस मामले की जांच सीओ स्तर के अधिकारी से कराई जाए। साथ ही रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। शिवम ओमर ने बताया कि सोमवार रात उनके भाई विकास गुप्ता व भतीजी वेदिका ने सहजनी में आत्महत्या की थी। आरोप लगाया कि यदि 19 फरवरी को हुई मारपीट की घटना में पुलिस समय पर प्रभावी कार्रवाई करती तो आज उनका भाई व भतीजी जीवित होते। कहा कि घटना के बाद केस दर्ज हुआ लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जिससे परिवार भय में है। उन्होंने आरोप लगाया कि मायके पक्ष के लोग लगातार धमकियां दे रहे हैं ऐसे में परिवार को तत्काल सुरक्षा दी जाए। शिवम ओमर ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। प्रेसवार्ता में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण मांग रखते हुए कहा कि उनके भाई की संपत्ति को सरकार अपने कब्जे में लेकर किसी सरकारी संस्था को हैंडओवर करे। जिससे निराश्रित बच्चों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने प्रशासन व गंगाघाट पुलिस से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा जताई और कहा कि न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# वायरलेस सेट देख भड़के आईजी रेलवे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** गुरुवार सुबह आईजी रेलवे ने उन्नाव जंक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान तकनीकी खामियों व लापरवाही को लेकर आईजी का कड़ा रुख देखने को मिला। विशेषकर वायरलेस सेट के काम न करने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई।

आईजी रेलवे सुबह 11 बजे जंक्शन पहुंचे। उन्होंने दौरे की शुरुआत हेल्थ यूनिट से की, जहां आरपीएफ व जीआरपी के जवानों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने सभी जवानों को पूरी निष्ठा के साथ कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प दिलाया। जब आईजी आरपीएफ थाने पहुंचे तो वहां रखे वायरलेस सेट की कार्यक्षमता जांचने के लिए उन्होंने स्टाफ को बुलाने का प्रयास किया। वायरलेस काम न करने पर जब उन्होंने कारण पूछा तो इंस्पेक्टर ने चार्जिंग न होने की बात कही। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तकनीकी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान आईजी ने थाने के महत्वपूर्ण अभिलेखों की भी पड़ताल की। जिनमें पंचनामा व हवालात रजिस्टर, विवेचना व ड्यूटी रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर देखे। उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर में विधिवत ड्यूटी चार्ट बनाकर लगाने का निर्देश दिया। सुरक्षा व्यवस्था पर उन्होंने इंस्पेक्टर हरीश कुमार को ट्रेनों में रोजाना चेकिंग व गश्त बढ़ाने को कहा।


मातहतों से जानकारी लेते आईजी रेलवे। ● अमृत विचार

● **आईजी रेलवे ने उन्नाव जंक्शन का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**

# बड़े बकाएदारों से वसूली में लाएं तेजी: कमिश्नर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने गुरुवार को कलक्ट्रेट कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। डीएम गौरांग राठी की उपस्थिति में हुए निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कलक्ट्रेट के विभिन्न पटलों, अभिलेखागारों व न्यायालयों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली में सुधार के लिये जरूरी निर्देश दिए।

आयुक्त ने सबसे पहले कलक्ट्रेट हॉल में फरियादियों की सहायता के लिए स्थापित शिकायत प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। डीएम ने प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली के बारे में बिंदुवार जानकारी दी। जिससे संतुष्ट होकर आयुक्त ने इस पहल व कलक्ट्रेट की सुदृढ़ व्यवस्था की सराहना की। इसके बाद उन्होंने अभिलेखागार में बस्तों के बेहतर रखरखाव व साफ-सफाई देख डीएम की सराहना की। संयुक्त कार्यालय के निरीक्षण में उन्होंने ई-ऑफिस की प्रगति जांची। उन्होंने मास्टर रजिस्टर, गार्ड पत्रावली व कर्मियों की सेवा पुस्तिकाओं का अवलोकन किया। विशेष रूप से नए कर्मचारियों के प्रान अकाउंट खोलने व पुरानी व नई पेंशन योजना से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली। स्थानीय लिपिक को निर्देश दिए गए कि नगर निकायों को आवंटित बजट का समयबद्ध व प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें। पुरानी व बड़ी आरसी के बकाएदारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली करने के निर्देश दिए। शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण, रोस्टर वार थाना आर्म्स रजिस्टर के मिलान व संयुक्त निरीक्षण की पंजिकाओं को तत्काल अपडेट करने को कहा। एडीएम न्यायालय में लंबित वादों की स्थिति संतोषजनक मिली। निरीक्षण में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम रामदेव निषाद, सचिव उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण शुभम यादव सहित अन्य अधिकारी व पटल सहायक मौजूद रहे।


कलक्ट्रेट का निरीक्षण करते कमिश्नर विजय विश्वास पंत। ● अमृत विचार

● **आयुक्त ने कलक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

# तेज रफ्तार लोडर की चपेट में आकर वृद्ध की गई जान

**उन्नाव, अमृत विचार:** सदर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग पर तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई। परिजनों का आरोप रहा कि लोडर किसी पुलिस कर्मी का है। इसलिए मगरवारा चौकी पुलिस लोडर का जिक्र न करने का दबाव बनाती रही। हालांकि परिजनों के न मानने पर पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सदर कोतवाली अंतर्गत अकरमपुर मोहल्ला निवासी मिश्रीलाल (62) खेती कर परिवार पालता था। बेटे राहुल ने बताया कि पिता गुरुवार सुबह उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग स्थित सेल्फी प्वाइंट के पास दुकान से सामान लेने गए थे। जहां से लौटते समय कानपुर से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे ने बताया कि लोडर कानपुर के किसी पुलिस कर्मी का है। इसलिए पुलिस मगरवारा चौकी बुलाकर तहरीर बदलवाने पर जोर देती रही। कहा गया कि तहरीर में मवेशी से टकराने से मौत की बात लिख दो। लोडर का जिक्र न करो। शाम 4 बजे तक पुलिस ने समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन नहीं माने और लोडर की टक्कर से मौत की तहरीर दी। तब पंचनामा भरा गया। कोतवाल ने आरोप को गलत बताया। कहा कि बेटे ने जो तहरीर दी है उसी आधार पर प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी।

● **चौकी पुलिस पर लोडर का जिक्र न करने का दबाव बनाने का आरोप**

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपति व पुत्र घायल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के निहाल खेड़ा में मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवारों को हाईवे पर त्रिभुवन खेड़ा के सामने सड़क पार करते समय अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें महिला समेत 3 लोग गंभीर घायल हो गए। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गजिया पुरवा निवासी नीरज पुत्र राम अवतार, उनकी पत्नी पल्लवी व पुत्र आदित्य बुधवार रात निहाल खेड़ा में मांगलिक कार्यक्रम से बाइक से लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे जैसे ही वे लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा के पास सड़क पार करने लगे तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना देख आसपास मौजूद लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। गंगाघाट पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

# टेट के विरोध में उमड़ी शिक्षकों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर जिले के सभी बेसिक शिक्षकों के संगठनों ने वरिष्ठ शिक्षकों के टेट की अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। इसके पहले बीएसए कार्यालय प्रांगण में शिक्षकों का हुजूम उमड़ पड़ा।

राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री व जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा, गजेंद्र वर्मा, रामजन्म सिंह आदि ने 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता का विरोध करते हुए इस काले कानून को वापस लेने की मांग की। धरने को महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष मंजू कनौजिया, उपाध्यक्ष संजय सिंह, तौसीफ अली, विनोद तिवारी, सरल कुमार, सुरेश रावत, अजय कटियार, सूर्यकांत सिंह, विश्वनाथ सिंह, अजय प्रताप सिंह, अनूप शुक्ल, संदीप द्विवेदी, अनिल शुक्ल, प्रदीप द्विवेदी, मंदाकिनी देवी, कमलेश यादव, वीरेंद्र मिश्र, आदर्श शिक्षामित्र संघ के मीडिया प्रभारी मदन पांडेय आदि ने सम्बोधित किया।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

## संकुल की एकदिवसीय खेलकूद बैठक संपन्न

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** विद्या भारती के तत्वावधान में गुरुवार को सरोज सरस्वती शिशु मंदिर गोपीनाथपुरम में उन्नाव संकुल के सभी खेलकूद व शारीरिक संयोजकों की एकदिवसीय बैठक आयोजित हुई। इसका शुभारंभ ओम की ध्वनि से हुआ। कार्यक्रम में उन्नाव संकुल के संकुल प्रमुख व प्रधानाचार्य श्रवण सिंह, प्रांतीय खेलकूद प्रमुख रमेश सिंह व संयोजक प्रधानाचार्य दुर्गेश सिंह रहे। बैठक में उन्नाव संकुल के संकुल खेलकूद व शारीरिक प्रमुख प्रदीप द्विवेदी ने सभी का परिचय कराया। इसके बाद प्रांतीय खेलकूद संयोजक रमेश सिंह ने खेलकूद विभाग की उपलब्धियां, खेलकूद व शारीरिक वार्षिक उत्सव, गत वर्ष के परिणामों की समीक्षा, आगामी योजनाएं, समर कैंप व खेलों के विशेष प्रशिक्षण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान अरुण मिश्रा, विशेष प्रताप सिंह, अनन्या सिंह सहित अनेक खेलकूद व शारीरिक प्रमुख उपस्थित रहे।


शिशु मंदिर में होती संकुल की बैठक। ● अमृत विचार

## अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री का व्यक्त किया आभार

**उन्नाव, अमृत विचार:** परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सदर विधायक पंकज गुप्ता से मिलकर सीएम योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन देते हुए उनका आभार जताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 20 फरवरी को विधानसभा में सीएम ने प्रदेश के 25 हजार अनुदेशकों का मानदेय 1 अप्रैल 2026 से 17 हजार प्रतिमाह किए जाने की घोषणा की है तथा 29 जनवरी को सम्पन्न कैबिनेट बैठक में अनुदेशकों व उनके आश्रितों को 5 लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय लिया है। कहा कि यह घोषणा अनुदेशकों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे उनके जीवन-स्तर में सकारात्मक सुधार होगा। अनुदेशकों ने कहा कि हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी अनुदेशकों के हित में इसी प्रकार संवेदनशील व जनकल्याणकारी निर्णय लिए जाते रहेंगे। आभार जताने वालों में आलोक सैनी, चेतन मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, शिवम पटेल व विनय जयसवाल आदि मौजूद रहे।

## यूथ क्लब ने पीकेसी को 4 विकेट से हराया

**उन्नाव, अमृत विचार:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 रजनींद्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग का अंतिम मुकाबला सप्रू स्टेडियम में हुआ। यूथ क्लब ने पीकेसी को 4 विकेट से हराकर लीग में अपनी जीत दर्ज की। पीकेसी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 35 ओवरों में टीम ने सभी विकेट खोकर 212 रन बनाए। पीकेसी की ओर से अंशुल गौर ने 62 व आदित्य गुप्ता ने 54 रन बनाए। 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ क्लब की टीम ने 34वें ओवर में 6 विकेट खोकर 213 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। यूथ क्लब की जीत में शोभित (44 रन), कृष (32 रन), देवाशीष (30 रन) व सार्थक (30 रन) का योगदान रहा। बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करने वाले सार्थक को मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा, ओम मिश्रा, साकिर हुसैन, प्रदीप शुक्ला, परवेज अहमद जॉनी, मोहम्मद गाजी, सूरज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# 121 जोड़ों ने खाई साथ जीने-मरने की कसमें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर के परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें 121 जोड़ों का विवाह विधि-विधान से हुआ। जिसमें 118 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज व 3 जोड़ों ने मुस्लिम रीति-रिवाज (निकाह) के अनुसार अपने नए जीवन की शुरुआत की। शुभारंभ डीएम गौरांग राठी व सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय ने पगड़ी पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने प्रशासन की पारदर्शिता व त्वरित कार्यप्रणाली पर भी बल दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने योजना के लाभों के बारे में बताया कि हर कन्या के बैंक खाते में 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। वैवाहिक जीवन शुरू करने के लिए 25 हजार की जरूरी सामग्री दी गई है। विवाह संपन्न होने के साथ ही सभी जोड़ों को मौके पर ही विवाह प्रमाणपत्र दिये गए।


नवविवाहित जोड़े को उपहार देते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

● **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत किया गया आयोजन**

# 4793 छात्रों में से 271 ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में संपन्न हुईं। प्रथम पाली में जिले के सात केंद्रों में परीक्षा होने से किसी भी सचल दल ने भ्रमण नहीं किया। केवल कंट्रोल रूम से निगरानी होती रही।

प्रथम पाली में इंटर कृषि भौतिकी में 32 छात्रों में 29 उपस्थित व तीन अनुपस्थित रहे। जबकि कृषि जंतु विज्ञान में 37 छात्रों में 34 उपस्थित व तीन अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर भूगोल की परीक्षा थी। जो जिले के 99 केंद्रों में थी। जिसमें 5 सचल दलों ने करीब 25 केंद्रों का भ्रमण किया। इसमें 4724 परीक्षार्थियों में 4439 उपस्थिति व 265 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में 4793 परीक्षार्थियों में 4522 उपस्थित व 271 अनुपस्थित रहे। जिले स्तर के सचल दल में डीआईओएस, बीएसए, जीआईसी प्रिंसिपल परमात्मा शरण, अदनान हाफीज, कमलेश कुमार के नेतृत्व में निरीक्षण किया। कोई नकलची नहीं मिला। कंट्रोल रूम से निगरानी कर रहे एसडीएम उदयवीर सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक हुई।


कंट्रोल रूम से निरीक्षण करते एसडीएम उदयवीर सिंह। ● अमृत विचार

● **सात केंद्रों में परीक्षा होने से किसी भी सचल दल ने भ्रमण नहीं किया**

कार्रवाई

फर्जी आधार कार्ड बनवाकर कर रहा था नौकरी

# चर्म फैक्ट्री में काम कर रहे बांग्लादेशी को एटीएस ने दबोचा

बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार:** दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक चर्म इकाई में पहचान छुपा कर काम करने वाले बांग्लादेशी नागरिक को एटीएस व दही पुलिस ने बीती रात छापेमारी कर पकड़ा है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। उसके पास से उन्नाव का बना आधारकार्ड भी मिला है। वह दही थानाक्षेत्र के शिव नगर में रहकर 5 साल से काम कर रहा था। जांच में उसके फोन से बांग्लादेशी होने के दस्तावेज मिले हैं।

एटीएस प्रभारी विक्रम सिंह को बड़ी संख्या में बांग्लादेशियों के उन्नाव के दही औद्योगिक क्षेत्र की मांस निर्यातक इकाइयों में काम करने व फर्जी तरीके से भारतीय दस्तावेज बनवाकर वहीं आसपास किराए के घरों में रहने की जानकारी मिली थी। 25 फरवरी 2025 की रात एटीएस ने मुहल्ला शिवनगर जाने वाले मोड़ पर खड़े बांग्लादेशी सैफुल पुत्र फरीदुल आलम निवासी गांव लंबामथ नंबर 270 नाइकस्यांगछारी मौजा डाकघर चकदला 4660 नाइकस्यांगछारी बंदरबन बांग्लादेश को गिरफ्तार किया। उसके पास एक मोबाइल मिला। मोबाइल में उसके नाम का बना जाली भारतीय आधारकार्ड मिला। बांग्लादेशी ने यह आधारकार्ड विशाल धर्मकांटा के पते से बनवा रखा था। जिसमें उसकी आयु 29 साल दर्ज थी। उसकी जेब से भारतीय नोट भी मिले। उसके मोबाइल की गैलरी में उसके पिता फरीदुल आलम, मां खदीजा बेगम व फातिमा बेगम निवासी लंबामथ गांव नंबर 270 नाइकस्यांगछारी मौजा डाकघर चकदला 4660 नाइकस्यांगछारी बंदरबन बांग्लादेश की आइडी मिली। जो 24 जून 2008 को जारी हुई थी। पूछताछ में बांग्लादेशी सैफुल ने पहले तो एटीएस को गुमराह करने की कोशिश की फिर कड़ाई से पूछताछ में बताया कि वह मूल रूप से बांग्लादेश का निवासी है। बताया कि उसने 5 से 6 वर्ष पहले बांग्लादेश से बेनापोल 24 परगना पश्चिम बंगाल व खुलना बांग्लादेश बार्डर से अवैध तरीके से भारत में प्रवेश किया था। भारत में आकर करीब एक वर्ष वह मुंबई में रहा और पंखे के रेग्युलेटर बनाने का काम करने लगा। इसके बाद वहां से उन्नाव आ गया। यहां करीब एक वर्ष नूर मोहम्मद की मीट कम्पनी नूर इंटरप्राइजेज में काम किया। इसके बाद से वह दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक स्लाटर हाउस में हेल्पर का कार्य कर रहा है। उसने एक दलाल के माध्यम से भारतीय आधारकार्ड बनवाने की बात स्वीकार की। दलाल का नाम वह नहीं बता सका। एटीएस के लखनऊ यूनिट के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बांग्लादेशी के विरुद्ध दही थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दही एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि बांग्लादेशी को जेल भेजा जा रहा है।


दबोचा गया बांग्लादेशी। ● अमृत विचार

## महिला ने 4 के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप, रिपोर्ट

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव फाजिलपुर निवासी शिवराम व उसके पुत्र आलोक सहित 4 लोगों ने गांव निवासी महिला के घर पर चढ़ाई कर गाली गलौज की और उन्हें जमकर पीटा। जाते समय जान से मारने धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने 4 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू की है। पीड़िता सुनीता पत्नी सोहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 फरवरी की शाम 7 बजे जब वह घर पर थी तभी शिवराम पुत्र मुल्ला, आलोक पुत्र शिवराम, जगतपाल पुत्र मुन्नी लाल, अनिरुद्ध पुत्र राधेश्याम ने उसके घर पर चढ़ाई की और गालीगलौज करते हुए मारपीट की। जब उसने शोर मचाया तो उसका पुत्र मौके पर पहुंचा। तो इन लोगों ने उसे भी पीटकर गंभीर घायल कर दिया।

## महाराजा माहे पासी की स्मृति में हुआ सामाजिक जागरूकता सम्मेलन और आल्हा गायन

**उन्नाव, अमृत विचार:** नेवरना गांव स्थित पासी किला में महाराजा माहे पासी युवा सेवा समिति द्वारा सामाजिक जागरूकता सम्मेलन, आल्हा गायन व भंडारा आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कारागार मंत्री सुरेश राही ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि महाराजा माहे पासी जैसे वीरों का इतिहास हमें स्वाभिमान से जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षित बनने व समाज के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। सिधौली विधायक मनीष रावत ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रहती है बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। कलाकारों ने पारंपरिक आल्हा गायन के माध्यम से महाराजा माहे पासी की वीरता का बखान किया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। समापन पर भंडारा आयोजित हुआ। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भगवत प्रसाद रावत, शवशरण प्रसाद, सुशील रत्नाकर, देशराज रावत, अनोद रावत आदि मौजूद रहे।


मुख्य अतिथि का हुआ स्वागत।

## न्यूज ब्रीफ

### बघौली में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

हरदोई, अमृत विचार। बघौली पावर हाउस के 33 केवी की लाइन की मरम्मत के चलते शुक्रवार की सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक 11 केवी से पोषित बघौली बाज़ार, बक्सखेड़ा और विक्टोरिया गंज की बिजली बाधित रहेगी। उप खण्ड अधिकारी इ. पुनीत कुमार दुबे ने बताया कि इसे होने वाली रोस्टिंग में समायोजित किया जाएगा।

### बच्चों के विवाद में पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीवीजयी में बच्चों के विवाद में दबंगों ने एक व्यक्ति को पीट कर घायल कर दिया। घटना के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीवीजयी निवासी उस्मान पुत्र शफीक के अनुसार बच्चों बच्चों में विवाद हो गया। तो वह नईम, साजीम, अजीम के यहां शिकायत करने गया तो उपरोक्त लोगों ने उसे गाली गलौज करके डंडों से पीटा जिससे उसे काफी चोटें आई हैं। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अधेड़ का शव

हरदोई। लखनऊ-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर अधेड़ का शव पड़ा देखा गया। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। गुरुवार कीं सुबह कोतवाली देहात पुलिस को सूचना दी गई कि पिहानी रोड रेलवे के फ्लाई ओवर के पास अप लाइन के किनारे करीब 52 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा हुआ है। पुलिस की तलाशी में उसके पास 25 जनवरी को जारी हुए टिकट के अलावा 50 रुपये बरामद हुए हैं। माना जा रहा है कि अधेड़ की किसी ट्रेन से गिर कर मौत हुई होगी।

# तालाब में गिरी फार्च्यूनर, कारोबारी की मौत

## बारात में शामिल होकर दोस्तों के साथ लौट रहा था वापस, अचानक सामने आया मवेशी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। गाज़ियाबाद के केबिल कारोबारी अपने दोस्त के बेटे की बारात में शामिल होने के बाद दोस्तों के साथ फार्च्यूनर कार से वापस लौट रहा था। उसी बीच शाहाबाद-पिहानी रोड पर सामने आए मवेशी को बचाने में बेकाबू हुई फार्च्यूनर तालाब में जा गिरी। पीछे से आ रहे बारातियों ने तालाब में पड़ी फार्च्यूनर कार के इंडीकेटर जलते देखे तो हादसे की जानकारी हुई। लोगों ने तत्काल सभी को बाहर निकाल कर सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया। वहां से केबिल कारोबारी को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।



आनंद की फाइल फोटो।

लोनार थाने के बरवन निवासी 35 वर्षीय आनंद सिंह चौहान पुत्र उदय प्रताप सिंह चौहान तीन भाइयों और दो बहनों में छोटा था, गाज़ियाबाद के साहिबा बाद में केबिल का कारोबार करता था और पत्नी नंदिनी सिंह दोनों बच्चों के साथ गांव में है। मंगलवार को आनंद की 4 महीनें की बच्ची का अन्नप्राशन संस्कार था, साथ ही मंगलवार को दोस्त बृजेश सिंह के बेटे की बारात थी, उसी के चलते आनंद गांव आया हुआ था। मंगलवार को आनंद अपनी फार्च्यूनर कार से बारात के साथ मझिला थाने के ररी गांव गया हुआ था, उसके साथ गांव निवासी पवन सिंह, दौली निवासी सुनील और दिल्ली निवासी ड्राइवर मोहित था। रात में वह अपने साथियों के साथ वापस लौट रहा था, उसी बीच शाहाबाद-पिहानी रोड पर ररी गांव से कुछ दूर पहुंचते ही सामने से मवेशी आ गया, कार चला रहे आनंद ने उसे बचाने की कोशिश की, उसी बीच बेकाबू हुई फार्च्यूनर कार सड़क किनारे तालाब में जा गिरी, बारात में शामिल बाराती पीछे से पहुंचे। लोगों तुरंत उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाल कर सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया, वहां से आनंद को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही बारात की खुशियों के बीच कोहराम बरपा हो गया। पुलिस जांच कर रही है।

### हर पल कारोबार से रहता था जुड़ाव

आनंद सिंह चौहान ने कभी भी अपने कारोबार से कोई समझौता नहीं किया, अपने दोस्त बृजेश सिंह जोकि एक पेट्रोल पम्प के मैनेजर हैं, के बेटे की बारात में शामिल होते हुए कारोबार से भी जुड़े रहे, उन्होने 50 लाख की वसूली की, सारा कैश कार में रखा था। हादसे के बाद कार में रखा कैश सामने आने पर हर कोई कहता सुना गया कि चाहे कोई पल हो, आनंद हर पल अपने कारोबार से जुड़ा रहता था।

### ई-रिक्शा पलटने से बच्चे की मौत, चार घायल

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। सड़क पर अचानक कुत्ता आ जाने संतुलन बिगड़ने से ई-रिक्सा पलट गया, जिसमें सवार एक मासूम बच्चे की मौत हो गईं तो परिवार के ही चार लोग घायल हो गए। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गंज बरौकी गांव निवासी परमेश्वर परिवार के साथ ई रिक्शा पर सवार होकर रिस्तेदारी में एक मृत्यु होने पर गम में शामिल होने गए थे। वहाँ से लौटते समय अचानक गंज जल्लाबाद रोड पर एक पैट्रोल पम्प के पास सड़क पर अचानक कुत्ता आ गया। ज़ब तक ई रिक्सा चालक नियंत्रण करता तब तक ई रिक्सा पलट गया उसमें सवार नाती अयांश (4) पुत्र शिवम अवस्थी निवासी गौसापुर थाना बांगरमऊ उन्नाव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी अनामिका (22), बेटी दिव्यांशी (18), पत्नी कुसुम (45) और परमेश्वर (50) निवासीगण गंज बरौकी मल्लावां घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से बांगरमऊ सीएच सी में भर्ती कराया गया। मृतक परिवार ने पोस्टमार्टम को मना करने पर पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही की।

# नमाज़ियों ने जलती हुई ट्रक का पीछा कर रोका, बुझाई आग

हरदोई, अमृत विचार। मस्जिद से नमाज़ पढ़कर लौट नमाज़ियों ने सामने से निकल रहे ट्रक से आग की लपटें उठती देखी। नमाज़ियों के चिल्लाने पर ट्रक नहीं रुका तो उन्होने उसके पीछे दौड़ लगाई और आगे जा कर रोक लिया। उसके बाद उसमें लगी आग पर बमुश्किल काबू किया जा सका। मामला शहर के सर्कुलर रोड का है, गुरुवार की अलग सुबह नमाज़ पढ़ कर मस्जिद से निकल रहे नमाज़ियों ने सड़क पर ट्रक जाते हुए देखा, उसके पीछे आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकल रहीं थी, पहले तो चिल्ला कर उसे रोका गया, लेकिन ड्राइवर को सुनाई नहीं दिया, उसके बाद नदीम, जमशेद, राजू, नदीम और इज़हार के साथ तमाम नमाज़ी दौड़े और कुछ दूरी पर उस ट्रक को रोक लिया, आग काबू करने के लिए आस-पड़ोसियों के घरो से पानी का बंदोबस्त किया गया, तब कहीं अनहोनी को टाला जा सका। दरअसल रिफाइंड उतारने के बाद ट्रक फर्रुखाबाद जा रहा था, उसमे पीछे पुआल और लकड़ी का बुरादा पड़ा था, उसी में किसी तरह से आग लगी, जो हवा के साथ भड़क गई।

**सूचना**

मैं राम अचल पुत्र स्व0 श्रीराम निवासी ग्राम-कोलवा मजरे-ठेंगहा, पोस्ट-ठेंगहा, थाना-संग्रामपुर, जनपद-अमेठी का स्थायी निवासी हूं। मैं अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर वालों से अलग रहता हूं और मेरे छोटे भाई हरीराम की पत्नी स्मिता पुत्री राजकुमार निवासी बाबा बालक दास कुटी, अन्तू रोड, खेरौना, थाना-अमेठी, जनपद-अमेठी अपने पति हरीराम को अपने साथ लेकर लगभग दो वर्षों से मायके में रह रही हैं और मेरा व मेरी पत्नी का स्मिता व हरीराम के साथ कोई बात-विवाद नहीं है। मगर स्मिता द्वारा मेरे व मेरी पत्नी के खिलाफ जान-बूझकर रंजिशवश फंसाने की नियत से थाने में शिकायत दर्ज करवाई गयी है और अभी हाल में ही सम्बन्धित थाना संग्रामपुर में भी मेरे व मेरी पत्नी व भाई के खिलाफ स्मिता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गयी थी जिसमें थाने से चालान भी किया गया। एक वर्ष पूर्व से अपने परिवार के साथ अलग रह रहा हूं। छोटे भाई हरीराम व उसकी पत्नी स्मिता से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा और हम उनसे कोई बात चीत नहीं रखेंगे।

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने बीएसए ऑफिस पर दिया धरना

हरदोई, अमृत विचार। प्राथमिक व जूनियर शिक्षक के संगठनों के पदाधिकारियों ने गुरुवार को बीएसए कार्यालय से निकल कर नारेबाजी की। इसके बाद कलेक्ट्रेट में पहुंच कर डीएम को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। धरना को संबोधित करते हुए प्राथमिक विद्यालय के प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय ने टीईटी का विरोध जताया। जिसमें उन्होंने टीईटी से मुक्त कराने की मांग की है। धरना सभा को जूनियर शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी, जिलाध्यक्ष सुनीता त्यागी, ललित शुक्ला, उदय शंकर मिश्रा, अनन्त राम पाण्डेय, रूपेश अवस्थी, हिमांशु श्रीवास्तव, बृजेश अवस्थी, धीरज अस्थाना, वीरपाल कठेरिया आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला मंत्री विपिन सिंह, कोषाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष ललित शुक्ला, नीता गुप्ता, अनंत राम पांडेय, राजकुमार मिश्रा, हिमांशु श्रीवास्तव, राजकुमार मिश्रा, संदीप त्रिवेदी सहित दर्जेनों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की लखनऊ में मौत

- मंगलवार को दामाद के साथ बाइक से उसके घर जाते समय दुर्घटना में हुआ था घायल

हरदोई, अमृत विचार। सेवानिवृत पोस्ट मास्टर दामाद के साथ उसके घर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में माधौगंज-रुदामऊ रोड पर सामने से आ रही बाइक ने दामाद की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे ससुर-दामाद के अलावा दूसरी बाइक सवार बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। पुलिस उन्हे सीएचसी माधौगंज पहुंचाया। सेवानिवृत पोस्ट मास्टर को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, हालत में सुधार न होने पर 48 घंटे बाद उसे हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही मौत हो गई।

बघौली थाने के थोक माधौ मजरा अहिरी निवासी सेवानिवृत पोस्ट मास्टर अवनीश पाल सिंह (65) मंगलवार को अपने दामाद जितेंद्र सिंह की बाइक से उसके गांव गौरा थाना माधौगंज जा रहा था। रास्ते में गौरा गांव से कुछ ही पहले सामने से आ रहे गौरा निवासी मदन गोपाल की बाइक जितेंद्र की बाइक से टकरा गई। जिससे अवनीश पाल सिंह व जितेंद्र के अलावा मदन गोपाल को भी गहरी चोंटे पहुंची। यूपी-112 पर काल करते ही वहां पहुंची पुलिस उन्हे सीएचसी माधौगंज पहुंचाया, वहां से अवनीश पाल को मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया। जितेंद्र का कहना है कि उन्होनें अपने ससुर की हालत देख कर डाक्टर से हायर सेंटर लखनऊ रिफर करने को कहा, लेकिन उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन अगले दिन बुधवार को हालत बिगड़ने लगी, तब कहीं 48 घंटे बाद अवनीश पाल को रिफर किया गया, लेकिन लखनऊ पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। सेवानिवृत पोस्ट मास्टर अवनीश पाल सिंह की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी, उसके दो बेटे और एक बेटी है।

### इलाज में देरी का आरोप

सेवानिवृत पोस्ट मास्टर अवनीश पाल सिंह की मौत पर दामाद जितेंद्र सिंह ने बताया कि उसने ससुर की हालत देख कर मेडिकल कालेज के ईएमओ से रात में ही उन्हे हायर सेंटर लखनऊ रिफर करने के लिए एक बार नहीं, कई बार कहा, लेकिन उन्होने कोई ध्यान नहीं दिया, अगले दिन बुधवार को सीएमएस से शिकायत किए जाने पर 48 घंटे बाद रिफर किया गया। जितेंद्र सिंह का कहना है कि अगर उसके ससुर को मंगलवार को ही रिफर कर दिया जाता, तो शायद जान बच सकती थी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य,** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1. ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.:** "51-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2025-26" "सप्लाई एण्ड एप्लिकेशन ऑफ विनाइल ग्राफिक्स फिल्म ऑन द साइड पैनल एण्ड पेंटिंग ऑफ रुफ एण्ड इण्ड पैनल विद डीकेलिंग अलांग विद स्क्रैपिंग, क्लीनिंग एण्ड पेंटिंग ऑफ अन्डरफ्रेम ऑफ रैक 09 एण्ड 24 ऑफ वंदे भारत कोचेस इन मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर"। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹48,80,486.40; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹97,600/-; **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 11:00 बजे, 18.03.2026 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ शून्य। **संविदा की अवधि:** 12 माह। उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in** पर देखें।

उप मुख्य यॉंत्रिक इंजी०/कार्य गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक-144

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# वार्षिकोत्सव में निपुण बच्चे सम्मानित

बांगरमऊ उन्नाव, अमत विचार। कंपोजिट विद्यालय धन्नापुरवा सकरौली में शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव व निपुण सम्मान समारोह आयोजित हुआ। ग्राम प्रधान राकेश यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में ही कराने की अपील की। प्रभारी शिक्षिका गीता यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को निशुल्क पुस्तकें, दिव्यांग बच्चों को छात्रवृत्ति, जूता, मोजा, ड्रेस व बैग की व्यवस्था की जा रही है l एआरपी राजकुमार द्विवेदी ने कहा कि सभी लोग नियमित रूप से अपने बच्चों को स्कूल भेजे। बच्चों ने बालिका शिक्षा, नारी शक्ति व नशाखोरी की लत पर नाटक व जंगल नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें एआरपी अनुज विश्वकर्मा, शिक्षक मुन्नीलाल यादव, संकुल सुभाष यादव, कौशलेंद्र कुमार, अभिषेक तिवारी, रजिया खातून, संतोष सिंह व शिखा सिंह आदि रहे।




कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

# गोविंद कुशवाहा दूसरी बार बने बांगरमऊ नगर अध्यक्ष

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बांगरमऊ नगर निवासी गोविन्द कुशवाहा को उनकी सक्रियता व निष्ठा को देखते हुए दोबारा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके साथ जिला व्यवस्था प्रमुख गिरीश वर्मा को जिला प्रतिनिधि की जिम्मेदारी दी है। इन नियुक्तियों की सूचना से स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने दोनों का फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत समारोह में नवनियुक्त नगर अध्यक्ष ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए हम अभी से कमर कस लें।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदोई**

पत्रांक संख्या-1453/न0पा0प0ह0(नि0वि0) ई-निविदा / 2025-26 दिनांक- 26/02/26

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, हरदोई द्वारा राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि योजना अन्तर्गत निम्न कार्य की ई-निविदा निर्धारित शर्तों / नियमों के आधीन आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नवत् है। निविदा की समस्त कार्यवाही https// etender.up.nic.in पर ही की जायेगी :-

**टेंण्डर शेड्यूल**

| क्र0 | नगर पालिका परिषद हरदोई/ ANM Stage | निविदादाता/ठेकेदार Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | - | 27-02-2026, 11.00 AM | |
| 2 | | Tender Download | 27-02-2026, 11.00 AM | 16-03-2026, 05.00 PM |
| 3 | | Bid Submission | 27-02-2026, 11.00 AM | 16-03-2026, 05.00 PM |
| 4 | Close of Bid | | | 16-03-2026, 05.00 PM |
| 5 | Technical Bid Opening | | | 17-03-2026, 12.00 PM |
| 6 | OnlineFinancial Bid Opening | | After Approval of Technical Bid & submit original documents as per following clause 13 | |

निविदा सम्बन्धित समस्त विवरण नगर पालिका परिषद हरदोई की वेबसाइट www.npphardoi.co.in पर व जिले की www.hardoi.nic.in पर देखी जा सकती है।

(रामेन्द्र सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हरदोई

(सुख सागर मिश्र ''मधुर'')
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हरदोई

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम INAMULLAH था से बदलकर INAMULLAH KHAN रख लिया हूं अब मुझे INAMULLAH KHAN नाम से जाना व पहचाना जाए **S/0-KARAMULLAH ADD-SIKHAR KOHDA TAHSEEL DUMARIYAGANJ PO-HALLAUR DIST-SIDDHARTH NAGAR-272191(U.P)**

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा 28-12-2005 को जारी पालिसी संख्या 215576957 और बीमा धन एक लाख में धर्मेन्द्र कुमार हो गया, जबकि अभिलेखों में रमेश कुमार है। उपरोक्त पालिसी में धर्मेन्द्र कुमार के स्थान पर रमेश कुमार अंकित किया जाये। रमेश कुमार पुत्र जागेश्वर ग्राम पूरे पंडित पोस्ट मेल्थुआ, जिला रायबरेली

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम Mohd Ansar Khan था अब मैने बदलकर अपना नाम ANSAR KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे ANSAR KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए **S/O Ishshan Khan R/O H No-77, Kalakhel, Gird Kaimganj, Farrukhabad, Uttar Pradesh 209502, Have Changed My Name to Ansar Khan for All Future Purposes.**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में मेरा नाम अखिल यादव AKHIL YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या-957444346690 में मेरा नाम आशु कुमार यादव ASHU KUMAR YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV अंकित है। जो गलत है। मेरा सही नाम अखिल यादव AKHIL YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV निवासी ग्राम दुर्गाखेडा, (अटहरी), पोस्ट व थाना अजगैन, तहसील हसनगंज, जिला उन्नाव है **अत: मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायें**

**सूचना**

मैं चन्द्रावती पत्नी हजारी लाल निवासी रामगंज बाजार पो. मोहगंवा जिला रायबरेली की निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 236703489 है। पालिसी में नाम चन्द्रावती लिख गया है जबकि बैंक खाता और आधार कार्ड में इन्द्रावती है। पालिसी में नाम इन्द्रावती किया जाये। दोनों नाम मेरे ही है।

**सूचना**

मैं अजय कुमार सोनी सुत राम प्रकाश सोनी निवासी हनुमानगढ़ी की गली राजामार्केट पारकीन्सगंज चौक सुलतानपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर- 228001 में मेरा नाम आधार कार्ड पैन कार्ड में अजय कुमार सोनी (AJAY KUMAR SONI) लिखा है, जो सही है, जबकि मेरे हाईस्कूल की अंकपत्र प्रमाणपत्र में मेरा नाम राज सोनी (RAJ SONI) लिखा है जो गलत है. अत: मुझे अजय कुमार सोनी (AJAY KUMAR SONI) के नाम से जाना व पहचाना जायें

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे तीन लडके हैं शिव कुमार, संजय कुमार, अमित कुमार हैं जिसमे बडा लडका शिव कुमार का चाल चलन ठीक नही है बुरी संगत कृत्य मे लिप्त रहने पर मै अपने बडे पुत्र शिव कुमार को अपने सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं आज से उक्त लडके के क्रिया कलापों व लेनदेन से मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नही है शपथी अतर सिंह पुत्र रामहेत निवासी ग्राम राजाजोत मौजा बासूपुर थाना गैंडास बुजुर्ग, तहसील उतरौला - बलरामपुर

**Notice**

Delisha Anwar daughter of Late Sabir Siddiqui is now to be know as Dalisha Anwar Siddiqui, as her name has been corrected in the school records. As it was a manual error done by her parents.

**Notice**

I Mohammad wafi Ansari s/o Mohammad Akhtar r/o Khatrana road near champa devi Raebareli U. P. Have change my name and shall hereafter be known Mohd Wafi Anshari s/o Mohd Akhtar

**Notice**

I MOHAMMAD AKHTAR S/O MOHADMMAD AMIM R/O khatrana Road Near Champa devi Raebareli U.P have change my name and shall hereafter be known MOHD AKHTAR S/O MOHD AMIM

**सूचना**

मैं, राम नायक पुत्र स्व. राम अधार, निवासी: ग्राम सागरपट्टी पंथिला, मिल्कीपुर, अयोध्या सूचित करता हूँ कि मेरे पिता के सर्विस रिकॉर्ड (MES-441618) में मेरी जन्मतिथि गलतवश 16/02/1982 अंकित है, जबकि सही जन्मतिथि 01/01/1985 है। भविष्य में मुझे सही तिथि 01/01/1985 से ही जाना जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम सलमान पुत्र इरशाद से बदलकर जुलफेकार पुत्र इरशाद रख लिया अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। जुलफेकार पुत्र इरशाद पता-ख्वाजापुर थाना- सलोन जनपद -रायबरेली उ0प्र0

### अवैध ढंग से चल रहे वाहनों को किया सीज

औरास उन्नाव, अमृत विचार। औरास थानाक्षेत्र में प्रपत्रों में गड़बड़ी होने की जांच करने के लिए यात्री कर अधिकारी किदवई शैहपर व थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा ने संयुक्त रूप से वाहनों की जांच शुरू की। इसमें स्कॉलर मिशन स्कूल की एक गाड़ी व एमआईआर के पब्लिक स्कूल की एक गाड़ी व कुंवर आसिफ अली इंटर कॉलेज की एक गाड़ी व एक यात्री गाड़ी और एक दिल्ली के लिए संचालित साहिल बस सर्विस को सीज कर दिया गया। साहिल बस सर्विस की यह बस नर्सरी पुलिया औरास से दिल्ली के लिए काफी समय से संचालित हो रही है। इसमें अवैध रूप से अड्डा बनाकर संचालित करने का काम किया जा रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। किंतु गुरुवार को बस को सीज किया गया।

# ध्रुव ने समाज का हितकारी बन नक्षत्र मंडल में बनाया स्थान

बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार। तहसील बीघापुर क्षेत्र के गांव अमरपुर गांव के सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में नैमिषारण्य से आए भागवताचार्य गोपाल शास्त्री जी ने कथा के दूसरे दिन कहा कि सकारात्मकता, साधुता बढ़ने से ईश्वर की प्राप्ति होती है। ध्रुव का प्रारंभिक जीवन राज पाठ से छूटकर वन व जंगल से शुरू होता है और ध्रुव का व्यक्तित्व समाज के लिए हितकारी बना और नक्षत्र मंडल में अपना स्थान बनाया।

वहीं राजमहल में जीवन व्यतीत करने वाले ध्रुव के भाई उत्तम का जीवन भोग विलास में बीता और समाज के कल्याणकारी कार्यों से विरत रहे। इसके चलते उन्हें कष्टप्रद जीवन मिला। भागवताचार्य ने मनु सतरूपा से उत्पन्न पुत्र उत्तानपाद व उनकी पहली पत्नी सुनीति से ध्रुव व दूसरी पत्नी सुरुचि से उत्तम के जन्म का व्याख्यान सुनाया।



कथा सुनाते भागवताचार्य।

भागवताचार्य ने सती मोह, सती जन्म व शिव विवाह की कथा सुनाई। सांख्य शास्त्र के प्रणेता भगवान कपिल मुनि के जन्म की कथा व सगर पुत्रों को भस्म करने की कथा का विवेचन किया। कथा सुनने वालों में प्रधान बेचेलाल, पूर्व प्रधान कैलाश शंकर द्विवेदी, अखिलेश पटेल, शनि दुबे, वेद शंकर तिवारी, छोटू सविता, करुणा बाजपेयी, लाला दीक्षित भी रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**नलकूप निर्माण खण्ड-अयोध्या**

पत्रांक:- 225/न.नि.ख.अयो./अधि0अभि0/निविदा /2025-26/ दिनांक 20 फरवरी, 2026

अल्पकालीननिविदा संख्या-07/अधि0अभि0/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 1750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना (नाबार्ड पोषित) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक अल्पकालीन निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 10.03.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 10.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 28.02.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 09.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा (नग) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 (रू0 में)+ स्टेश्नरी | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Lot No. 01 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Barabanki store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 80 घन मीटर | 6.48 | 13000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 15 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 02 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Gonda store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 110 घन मीटर | 9.24 | 19000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 15 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 03 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Balrampur store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 80 घन मीटर | 6.64 | 14000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 15 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 04 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Bahraich store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 115 घन मीटर | 9.20 | 19000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 15 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |

निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(विजय कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

UP-246979 दिनांक 25.02.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## प्रदर्शनी

### सर्वोदय किंडर वर्ड स्कूल में प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

# विज्ञान, आर्ट व क्राफ्ट बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। कस्बे के स्टेशन रोड स्थित सर्वोदय किंडर वर्ड स्कूल में गुरुवार को विज्ञान, आर्ट व क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, विधायक पुत्र अश्वनी दिवाकर ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इसमें आर्ट एंड क्राफ्ट वर्ग में बच्चों ने आकर्षक आकृतियां बनाईं। इसमें 11 प्रोजेक्ट, 4 एक्सपेरिमेंट कॉर्नर प्रस्तुत किए और 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



दर्शनी का अवलोकन करते चेयरमैन प्रतिनिधि।

शुभारंभ एसडीएम शिवेंद्र वर्मा व उनकी पत्नी ममता वर्मा ने किया। चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, विधायक पुत्र अश्वनी दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख पति रमेश रावत ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले जर्रार, कार्तिक, हास्म आयुष अभिजीत सहित प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसमें विद्यालय प्रबंधक विश्राम कुरील, प्रधानाचार्य श्रद्धा शुक्ला, मंतशा खान, राकेश तिवारी, सोनू श्रीवास्तव व विद्यालय स्टाफ व अभिभावक भी रहे।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 9वां रोज़ा–
  - अफ्तार–शुक्रवार 6:08 बजे
- 10वां रोज़ा–
  - सहरी–शनिवार 5:17 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### दो शातिरों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने डीएम के आदेशानुसार गिरोह बनाकर समाजविरोधी कार्यों में लिप्त दो शातिर अपराधियों के विरुद्ध गेंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की। मल्लावां पुलिस ने शातिर अभियुक्त सर्वेश कुमार उर्फ़ चीटा निवासी ईश्वरपुर साईं मल्लावां और सह अभियुक्त मो. रियाज निवासी फतेगंज मोहिउद्दीनपुर एक संगठित गिरोह क़ायम कर जनपद स्तर पर सक्रिय है। जो अनुचित रूप से आर्थिक, भौतिक, दुनियावी लाभ अर्जित करते है। डीएम के आदेशानुसार यूपी गेंगेस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया।

### भाई की जमीन पर कब्जा किया, रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** एक भाई ने दूसरे भाई की जमीन पर कब्जा कर लिया और उस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास की कॉलोनी बनानी प्रारंभ कर दी। भाई ने जब मना किया तो भाई और भौजाई को पीटकर घायल कर दिया। घटना की नाम से रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली के मौलागंज निवासी याकूब पुत्र रसहाक के अनुसार उसके भाइयों में बंटवारा हो गया। छोटे भाई आफाक की प्रधानमंत्री कॉलोनी मंजूर हो गई और उसने उसकी जमीन पर बनाना प्रारंभ कर दिया। जब मना किया तो ने आफाक ने याकूब और उसकी पत्नी अमीना को पीटकर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# कक्षा की पढ़ाई तक सीमित न रहें विद्यार्थी : ब्रजेश

## महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में आए उप मुख्यमंत्री, कहा- डिग्री के साथ अतिरिक्त ज्ञान जरूरी

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** प्रतिस्पर्धा के युग में कक्षा की पढ़ाई तक सीमित न रहें विद्यार्थी। यह बात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को सीएसएन महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह के समापन अवसर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का है, यहां पर केवल किताबी ज्ञान से काम चलने वाला है। डिग्री के साथ अतिरिक्त ज्ञान होने पर भी आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अब बहुआयामी सोंच की जरूरत है। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी करना नहीं है, जब व्यक्ति योग्य होगा तब उसके पास विकास के तमाम रास्ते होंगे। उन्होंने कहा कि वह प्रयास करेंगे कि जिले को विश्वविद्यालय की सौगात मिले, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में और भी उपलब्धि मिल सके।

अपने गृह जनपद में अपनों के बीच महाविद्यालय परिवार से जुड़ी तमाम यादों को उन्होंने साझा किया। महाविद्यालय संस्थापक बाबू मोहन लाल वर्मा से अपने पिता के संबंधों में बारे में जिक्र करते हुए कहा कि उनका बचपन वर्मा जी के सानिध्य में गुजरा है उनसे काफी कुछ सीखने को मिला है। समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री ने मेधावियों का सम्मान किया। विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए देश व विदेश का नाम आगे बढ़ाने का मंत्र दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, ब्लाक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी मौजूद रहे। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व महाविद्यालय मौजूद रहा।




स्काउट को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### छात्र जीवन की आई याद

मल्लावां कस्बे में साधारण परिवार से जन्मे श्री पाठक ने उन दिनों की बातों को भी साझा किया कि जब जिला मुख्यालय तक आने के लिए विद्यार्थियों को तमाम दिक्कतें उठानी पड़ती थी। जिला मुख्यालय आकर कैसे उन्होंने पढ़ाई की इसका भी जिक्र उन्होंने किया। साथ ही सीमित संसाधनों के बारे में भी बताया।


### शंकराचार्य के मुद्दे पर बचते नजर आए

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे यौन शोषण के आरोपों व कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किए जाने के मामले में उप मुख्यमंत्री ने कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। कहा कि यह मामला न्यायालय में है, इसलिए इस संबंध में बोलना उचित नहीं है।

### मेडिकल कॉलेज के दोषियों पर कार्रवाई का दिया भरोसा

उप मुख्यमंत्री ने बीते दिनों मेडिकल कालेज में भर्ती कराई गई लावारिस किशोरी की देखभाल व इलाज में लापरवाही से मौत मामले में कार्रवाई का भरोसा दिया, कहा कि मामला संज्ञान में लेने के बाद वह जांच करा रहे हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि कुछ दिन पहले सड़क पर घायल पड़ी मिली लावारिस किशोरी को एक व्यक्ति ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, जहां स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही से उसकी मौत हो गई थी और बेड पर पड़े पड़े ही उसका शव भी ऐंठ गया था।

## दिवंगत भाजपा बूथ अध्यक्ष की पत्नी को मंत्री ने दो लाख की सहायता प्रदान की



पीड़ित को सहायता राशि प्रदान करतीं मंत्री रजनी तिवारी।

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला खलील निवासी बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र पांडे उर्फ गौरी की मौत के बाद आर्थिक तंगी से गुजर रहे परिजनों को उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी द्वारा गुरुवार को अपने आवास पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से निर्गत दो लाख की आर्थिक सहायता का चेक मृतक की पत्नी पुष्पा देवी को प्रदान किया गया। इस सहयोग राशि से आर्थिक तंगी से गुजर रहे परिवार को राहत मिली है। लगभग पांच माह पूर्व मौत हो गई थी। इस मौके पर तहसील प्रशासन, भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, केन ग्रोवर्स अध्यक्ष रंजीत सिंह, मृतक के पिता रामलाल, भाई विपिन आदि मौजूद रहे।

# नलों में टोटियां नहीं होने से बहकर बर्बाद हो रहा हजारों लीटर जल

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के गौराडांडा गांव में पेयजल टंकी के संचालन में जल निगम और कार्यदाई संस्था के ठेकेदारों की लापरवाही से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वजह यह कि घरों के अंदर और बाहर टोटियां तक नहीं है। ग्रामीण अवधेश यादव और रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह, सर्वेश राठौर, रामचंद्र, अशोक गुप्ता, रियासुद्दीन आदि ने कहा कि कई माह से पेयजल खुले में बहकर बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ में बह रहा है, आरोप है कि ठेकदार और विभाग के जेई को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है। यह समस्या गौराडांडा ही बल्कि भूड़पुरवा, सीलिंग पुरवा, खजुहा, खदरी, कोड़रा व सिकरोहरी गांव और उसके मजरे में बरकरार है।

जल निगम के जेई मनीष कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, मौका मुआयना कर खामियों को ठीक करवाया जायेगा।



बगैर टोटी की पाइप से बह रहा पानी।

# पुलिस ने सनकी आशिक के पैर में मारी गोली

**संवाददाता, हरदोई**

- इंसास रायफल की छीना-झपटी में कांस्टेबल को भी आई चोट
- बुधवार को परीक्षा देकर लौटते समय छात्रा पर बांका से किया था हमला
- शादी करने का बना रहा था दबाव

**अमृत विचार।** पुलिस ने कुछ ही देर बाद परीक्षा देकर लौट रही छात्रा के हमलावर को पकड़ लिया, उसकी निशानदेही पर बांका भी ढूंढ निकाला, लेकिन पुलिस उसे ले कर लौट रही थी। उसी बीच वह कांस्टेबल के हाथ से इंसास रायफल छीन कर उल्टे पुलिस पर फायर झोंक दिया। बचाव में पुलिस की तरफ से चलाई गई गोली उसके दाहिने पैर में लगी और उसे वहीं पर दबोच लिया गया, रायफल की छीना-झपटी में कांस्टेबल रोहित कुमार के भी चोंट पहुंची।

बताते चलें कि 12 वीं की छात्रा बुधवार की शाम को परीक्षा दे कर लौट रही थी, उसी बीच जगदीशपुर और बावन के बीच लोनार थाने के असलापुर निवासी पकंज पुत्र रामरूप ने जबरन शादी करने का दबाव न मानने पर उसके सिर पर बांके से हमला में उसे लहूलुहान कर भाग निकला। छात्रा को सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पकंज के खिलाफ केस दर्ज कर रात में ही उसे गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार की सुबह पुलिस टीम बांके की बरामदगी के बाद हमलावर को ले कर वापस थाने जा रही थी, उसी बीच बीच रास्तें में पकंज कांस्टेबिल रोहित कुमार के हाथ से इंसास रायफल छीन कर भाग निकला, पकड़ने के लिए की गई घेराबंदी को देख उसने उल्टे पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया, बचाव में पुलिस की तरफ से चलाई गई गोली उसके दाहिने पैर में लगी और उसे वहीं पर दबोच लिया गया। रायफल की छीना-झपटी में कांस्टेबिल रोहित के भी चोंटे आई है।



गोली लगने से घायल आरोपी को लेकर जाते पुलिसकर्मी।

### लापरवाही बरतने पर बावन चौकी प्रभारी व हेड कांस्टेबल निलंबित

**हरदोई।** एकतरफा प्रेम और जबरन शादी का दबाव बना रहा पंकज जब छात्रा पर आक्रामक हुआ तो परिजनों ने इसकी शिकायत बावन पुलिस चौकी में की थी। लेकिन पुलिस ने उसे अनदेखा कर दिया, लेकिन अगर पुलिस उसी बीच पंकज को सबक सिखा देती तो इस तरह का हमला करने की उसकी हिम्मत न होती। सारी सच्चाई सामने आने पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने बावन पुलिस चौकी प्रभारी एसआई रामबली और हेड कांस्टेबिल अजीत कुमार को निलंबित कर जांच के आदेश दिए है।

# पटाखा बनाते समय विस्फोट, दो घायल

**संवाददाता, सांडी, हरदोई**

- 14 साल पहले इसी जगह हुए विस्फोट में चार की गई थी जान

**अमृत विचार।** स्थानीय कस्बे में होली के त्योहार पर घर के अंदर दो मंजिला मकान पर पटाखा बनाते समय जोरदार विस्फोट हो गया। इमारत गिरने के साथ-साथ दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग भी सहम गए घटना की खबर मिलते ही सैकड़ो की तादाद में लोग मौके पर जमा हो गए।

स्थानीय कस्बे के मोहल्ला औलादगंज निवासी दिलशाद की कस्बे के बाहर पटाखा बनाने की दुकान है। गुरुवार की शाम साजिया पत्नी दिलशाद 30 वर्ष और उसकी देवरानी रुबीना 25 वर्ष पत्नी इरशाद दो मंजिला पर होली के त्यौहार के अवसर को देखते हुए पटाखा बना रहे थे, तभी अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। बारूदी विस्फोट होने से दूर तक आवाज सुनाई पड़ी। धमाका इतना जोरदार था दो मंजिला इमारत की दीवारें चटकाने के साथ-साथ गिर गई। विस्फोट से देवरानी जेठानी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



पटाखा में विस्फोट होने से क्षतिग्रस्त मकान। अमृत विचार

### पुलिस की निष्क्रियता के चलते हुआ हादसा

**सांडी।** मोहल्ला औलादगंज निवासी दिलशाद की कस्बे के बाहर पटाखा बनाने की लाइसेंस है, लेकिन घर की महिलाएं दो मंजिला पर होली के त्यौहार के अवसर पर पटाखा बना रही थी, तभी अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। 2012 में भी पटाखा बनाते समय विस्फोट हुआ था, जिसमें परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई थी। पुलिस की निष्क्रियता के चलते काफी दिनों से घर के अंदर बना रहे पटाखे विस्फोट से बड़ा हादसा हो गया है।

## रुपये के लेन-देन में युवक पर किया जानलेवा हमला

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** विकासखंड के पुरवा ग्राम सभा में रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों ने पुरवा निवासी विजय कुमार दीक्षित पर लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा के अनुसार, विवाद रुपयों के लेन-देन और शराब पीकर विवाद में उलझे, लेकिन अभी तक तहरीर नहीं मिली है। गुरुवार को विजय कुमार दीक्षित घर लौट रहे थे, जब दो भाई दिनेश कुमार मौर्य और अभिषेक मौर्य ने जानलेवा हमला कर दिया। घायल विजय को सीएचसी कछौना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# तमंचा के साथ युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेगमपुरवा में ग्रामीणों ने एक युवक को तमंचे के साथ पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए युवक का साथी मौका पाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार युवक और उसके फरार साथी पर शस्त्र अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया है। बेगमपुरवा निवासी गुरुदेव रैदास के अनुसार 24/25 फरवरी की रात वह अपने घर पर था, तभी उसके परिचित शाहजहांपुर जनपद के सेहरामऊ थाना के ग्राम डीगूर पुर निवासी दीपांकर अपने साथ कोतवाली शाहाबाद के ग्राम हुसैनापुर निवासी आशुतोष प्रजापति के साथ उसके दरवाजे नशे में आये और आपस में विवाद करने लगे। गांव निवासी संतोष ने राजेश, श्यामू, और राहुल के साथ उन दोनों को घेर लिया। आशुतोष अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। ग्रामीणों ने दीपांकर के पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया। ग्रामीणों ने उसे शाहाबाद पुलिस के सुपुर्द किया है। शाहाबाद कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार राय ने बताया तमंचे सहित पकड़े गए युवक और उसके फरार साथी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

## डंपर की टक्कर से मोपेड सवार किशोर की मौत, युवक घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** साण्डी रोड कोतवाली शहर के बगल में डंपर ने मोपेड में टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार किशोर की मौत हो गई और युवक घायल हो गया। ड्राइवर डंपर को छोड़कर भाग, जिसे पुलिस ने अपने कब्ज़े में लेकर जांच शुरु कर दी है। लोनार थाने के बिस्कुला निवासी भूरा का 17 वर्षीय पुत्र रामजी गुरुवार को गांव निवासी 20 वर्षीय अजय के साथ नुमाइश देखने शहर आया था। रात के करीब सवा 9 बजे दोनों मोपेड से वापस गांव जा रहे थे। साण्डी रोड पर कोतवाली के पास डंपर ने टक्कर मार दी। एंबुलेंस-108 से दोनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां रामजी की मौत हो गई, जबकि अजय को हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

## दबंगों ने युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दुकान में लगाई आग

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** दबंग पिता-पुत्रों ने एक दुकानदार के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई करते हुए आग लगाकर दुकान फूंक दी। आग से तकरीबन डेढ़ लाख रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है, पुलिस ने दी गई तहरीर पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

पचदेवरा थाने के मानपारा निवासी भूरे सिंह दुकान से अपना गुज़र-बसर कर रहा था, बुधवार की रात वह दुकान पर था, उसी बीच गांव निवासी छोटे भइया वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा, विरोध करने पर अपने बेटों को बुलाकर भूरे की लाठी-डंडों से पिटाई करने लगा। इतने में भी उसका गुस्सा ठंडा नहीं पड़ा तो उसने भूरे की दुकान में आग लगा दी और धमकी देते हुए भाग निकला, जब तक गांव वाले दौड़ते, लेकिन उसहे पहले उसकी दुकान पूरी तरह से जल चुकी थी।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** कैरियर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा एक विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने एक से एक बेहतरीन उपकरण तैयार किये। विज्ञान प्रदर्शनी के चीफ गेस्ट डॉक्टर शारिक परवेज खां, डा. मनीष शर्मा, प्रोफेसर इमरान खान, चौधरी उमेश गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान ने प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए माडलों का अवलोकन किया और उनसे जानकारी प्राप्त की।

इस मौके पर होम सिक्योरिटी अलार्म, प्रदूषण के प्रकार, वाटर साइकिल, चंद्रयान-3 उत्सर्जन तंत्र, ऊर्जा स्रोत, वाटर इंडिकेटर, हाइड्रोलिक जेसीबी आदि विभिन्न प्रकार के मॉडल बच्चों द्वारा बनाए गए। प्रदर्शनी अवलोकन के बाद परिणाम घोषित किए गए। जिसमें होम सिक्योरिटी अलार्म बनाने वाले सिद्ध प्रताप सिंह और कर्मवीर सिंह को प्रथम, प्रदूषण के प्रकार बनाने वाली भूमिका, अंश शुक्ला, संगम को द्वितीय, वाटर साइकिल बनाने वाले हसन, साहिल और काशान को तृतीय विजेता घोषित किया गया। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को शील्ड देकर एवं गोल्ड मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। तथा प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान की ओर से सभी को गोल्ड मेडल देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर अतिथि चौधरी उमेश गुप्ता ने कहा प्रदर्शनी प्रतियोगिता में जिन बच्चों ने भाग लिया है वह सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं क्योंकि उन्होंने मेहनत और लगन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जीतने वालों को शुभकामनाएं और जीत तक न पहुंचने वाले बच्चों को भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। क्योंकि उन्होंने मेहनत के साथ कार्य किया। प्रबंधक डॉक्टर सलीम सिद्दीकी ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

### छापेमारी कर बाल श्रमिकों को कराया जाए मुक्त : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे गुरुवार को जिला टास्क फोर्स एवं बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिये कि जनपद के ईट भट्ठा, होटल, रेस्टोरेन्ट, फैक्ट्री आदि स्थलों पर छापेमारी कर बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करायें।

**आयोजन** ‘भारतीय साहित्य में राम तत्व’ विषय पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रकाश दीक्षित ने कहा

# राम केवल धार्मिक महापुरुष नहीं, संपूर्ण भारतीय साहित्य की चेतना

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर के ‘स्वामी विवेकानंद सभागार’ में ‘भारतीय साहित्य में राम तत्व’ विषय पर एक अत्यंत विचारोत्तेजक और ऐतिहासिक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रकाश दीक्षित ने अपने अत्यंत ओजस्वी, शोधपरक और ज्ञानवर्धक उद्बोधन से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने ‘राम तत्व’ की अकादमिक व्याख्या करते हुए कहा कि राम केवल एक ऐतिहासिक या धार्मिक महापुरुष नहीं हैं, बल्कि वे संपूर्ण भारतीय साहित्य की ‘चेतना’ हैं। उन्होंने रामचरितमानस के साहित्यिक पक्षों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम के माध्यम से तत्कालीन समाज की विसंगतियों का समाधान प्रस्तुत किया था। विशिष्ट अतिथि डॉ. देवी प्रसाद तिवारी बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वराणसी का विश्लेषणात्मक वक्तव्य में रामकथा के राष्ट्रीय एकीकरण और भाषाई स्वरूप की विस्तार से चर्चा की। रामकथा भारत की सांस्कृतिक एकता का सबसे बड़ा सूत्र है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आधुनिक युग की जटिलताओं के दौर में, राम के आदर्श और साहित्य ही वह प्रकाश स्तंभ हैं जो युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, शिक्षा एवं संस्कृति उत्थान न्यास (अवध प्रांत) के ज्ञान पांडेय ने शिक्षा, समाज और संस्कृति के निर्माण में राम तत्व की भूमिका को श्रोताओं के समक्ष अत्यंत प्रभावी ढंग से रखा। कार्यक्रम के संयोजक, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (वाराणसी) के डॉ. देवी प्रसाद तिवारी ने इस संगोष्ठी के अकादमिक और शोधपरक महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। महाविद्यालय के संस्थापक-प्रबन्धक डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी “मधुपेश” की प्रतिनिधि संस्थान अध्यक्ष स्नेहिल पाण्डेय कहा कि शिक्षण संस्थानों का दायित्व केवल डिग्री बांटना नहीं, बल्कि छात्रों के भीतर उन सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण करना है जो उन्हें एक श्रेष्ठ नागरिक बना सकें। संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. बी.एस.पांडेय पूर्व प्राचार्य सीएसएन महाविद्यालय ने की।



राष्ट्रीय संगोष्ठी में श्रीरामचरितमानस से सम्मानित करते आयोजक।

### आकर्षण का केंद्र रही मनमोहक झांकियां

सामाजिक और साहित्यिक संदेश देती बच्चों की मनमोहक झांकी संगोष्ठी का सबसे प्रमुख, हृदयस्पर्शी और वैचारिक रूप से सर्वाधिक समृद्ध आकर्षण विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। विशेष रूप से झांकी में ‘निषादराज मिलन’, ‘केवट प्रसंग’ और ‘भरत मिलाप’ के दृश्यों को जिस सूक्ष्मता से प्रस्तुत किया गया, उसने उपस्थित सभी विद्वानों को भाव–विभोर कर दिया।

## बावन चुंगी पर युवक ने रोडवेज बस के चालक से की अभद्रता

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद डिपो की रोडवेज़ बस शहर की बावन चुंगी पर पहुंची, वहीं सामने से आ रहे दूध डेयरी के ट्रक को रास्ता देने के लिए चालक ने जैसे ही स्टेयरिंग मोड़ा, उसी बीच वहां बैठा युवक गाली-गलौज करने लगा, बात वहीं पर खत्म नहीं हुई, उसी बीच एक दूसरा परिचालक पहुंच गया और एतराज़ जताने लगा, वह युवक उससे भी बिगड़ गया, नौबत मारपीट तक पहुंच गई, उसी से खफा चालक बस लेकर कोतवाली पहुंचा और वहां तहरीर देते हुए सारी बात बयां की। गुरुवार की सुबह फर्रुखाबाद डिपो की रोडवेज़ बस बावन चुंगी पर पहुंची, उसी बीच सामने से आ रहे दूध डेयरी के ट्रक को रास्ता देने के लिए बस चालक रामजी निवासी खम्हौरा थाना हरपालपुर ने स्टेयरिंग मोड़ा, उसी बीच वहां दुकान पर बैठा युवक बिगड़ गया और चालक को गाली-गलौज करने लगा, सवायजपुर कोतवाली के गौटिया की बस की परिचालक पूनम देवी ने टोका तो युवक उस पर भी बिगड़ गया। दूसरी बस का परिचालक अनुपम ड्यूटी पर जाने के लिए वहां खड़ा था, उसने एतराज़ जताया तो युवक मारपीट पर आमादा हो गया। चालक रामजी ने बस ले जा कर कोतवाली में खड़ी कर दी और युवक के खिलाफ तहरीर दी, पुलिस जांच कर रही है।



**रोजा**

शिया
सहरी : 05.03 बजे
अफ्तार : 06.19 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.09 बजे
अफ्तार : 06.19 बजे

# नपा मिश्रिख में आयकर विभाग का छापा, खंगाले कागजात

## ईओ नगर पालिका की उपस्थिति में कार्यालय में जांचे गए टेण्डर व अन्य साक्ष्य ■ भाजपा विधायक की बहू है नगर पालिका की चेयरमैन

संवाददाता, मिश्रिख/ सीतापुर।

**अमृत विचार :** लखनऊ और बरेली से आई आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने मिश्रिख स्थित नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर छापामारी की। चार घंटे तक खंगाले गए साक्ष्यों में टेंडर, नोटिस, कार्य सूची सहित अन्य दस्तावेज शामिल रहे। ईओ नगर पालिका मिश्रिख ने ठेकेदारों द्वारा कराए गए कार्यों का अवलोकन बताया है।

सुबह करीब 11:00 बजे नगर पालिका मिश्रिख दफ्तर के बाहर दो वाहनों से आयकर विभाग की टीम पहुंची। यहां अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिश्रिख विन्द्याचल पहले से मौजूद थे। कई फाइलों को लेकर पहुंची टीम देख परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारों की मानें तो एक-एक कर रिकार्ड खंगाले जाने लगे। टेंडर, निर्माण कार्य, मिश्रिख-नैमिषारण्य में कराए गए कार्यो की सूची का भी मिलान कराया गया। करीब चार घंटे से अधिक समय तक चली कार्रवाई के दौरान किसी को अंदर आने और बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी। सूत्रों की मानें तो निर्माण कार्य और टेंडर में हुई अनियमितताओं की शिकायत के बाद मिले दस्तावेजों के आधार पर आयकर विभाग की टीम सक्रिय हुई। कई दस्तावेजों से जुड़े साक्ष्य कब्जे में लिये गए। ईओ से भी विभागीय कार्यो से संबंधित जानकारी हासिल की गई। बाद में टीम वापस चली गई। ईओ नगर पालिका का कहना है कि आयकर विभाग की टीम कार्यों के अवलोकन और पत्रावलियों को मिलान करने आई थी। उधर भाजपा विधायक रामकृष्ण भार्गव के पुत्र विजय भार्गव ने बताया है कि प्रक्रिया के तहत ठेकेदारों द्वारा कराए गए कार्यों का अवलोकन करने मात्र ही आयकर विभाग की टीम आई थी। सूत्रों की मानें तो वर्ष 2022-23 में किसी फर्म व्दारा लाखों रुपयों की लागत से विकास कार्य कराए गए थे । परन्तु फर्म ने टीडीएस नही जमां किया था( टीम में टीडीएस बरेली ज्योत्सना सिंह,आयकर अधिकारी सीतापुर सचिन कुमार, आयकर अधिकारी बरेली सहित अन्य शामिल थे।

**उप चुनाव में जीती थीं बीजेपी विधायक की बहू :** नगर पालिका चेयरमैन मुन्नी देवी की मृत्यु मई माह वर्ष 2025 में हुई थी। ऐसे में उपचुनाव हुए, जिसमें भाजपा विधायक रामकृष्ण की बहू सीमा भार्गव चुनीं गईं। हाल फिलहाल अचानक हुई छापामारी को लेकर सियासी खेमे में हलचल है।



कार्यालय में जांच पड़ताल करती आयकर विभाग की टीम। अमृत विचार

### ईओ बताएं! कहां है ठेकदारों के दस्तावेज

**मिश्रिख।** ईओ मिश्रिख विद्यांचल से आयकर टीम ने सवाल शुरू किये तो वे बगलें झांकते नजर आए, पसीने-पसीने हो चुके ईओ से ठेकेदारों की जीएसटी की टैक्स लिस्ट मांगी तो उन्होंने असमर्थता जताई, फिर कहा कि जल्द ही उपलब्ध करा देंगे। ऐसे में टीम ने आड़े हाथों लिया। कहा कि आपके काम करने वाले क्सा सभी ठेकेदार बाहर हैं। उनके दस्तावेज क्यों नहीं तैयार किये गए। कई और सवालों का जवाब भी ईओ नहीं दे सके।

## न्यूज ब्रीफ

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को तीन साल की सजा

**सीतापुर।** ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने एक शातिर अपराधी को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट ने थाना तालगांव के एक मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त को तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में तालगांव पुलिस व अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में मजबूती से पैरवी की। इसके परिणाम स्वरूप कोर्ट संख्या-तीन ने नयागांव नेवादा निवासी अभियुक्त हेतराम पुत्र श्रीपाल को गैंगेस्टर एक्ट के तहत दोषसिद्ध पाया। न्यायालय ने दोषी को तीन वर्ष के कठोर कारावास के साथ 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### बीडीओ ने विकास कार्यों की गुणवत्ता परखी

**बिसवां।** खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजाकरनाई का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गाँव में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यों में मिली खामियों पर बीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधितों को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव उदय प्रताप सिंह को सख्त निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप ही गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें।

### परिक्रमा के लिए रामादल रवाना

**बिसवां।** नगर के मोहल्ला शेखसराय स्थित प्राचीन दुर्गेश्वर नाथ मंदिर से गुरुवार भोर में 84 कोसी परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का रामादल रवाना हुआ। प्रस्थान से पूर्व मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात धर्म ध्वजा हाथ में लेकर और 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदीप शुक्ला, व्यास करन मौर्य, पंकज शुक्ला, मनोज शुक्ला, विशाल रस्तोगी, पप्पू शुक्ला, प्रभाष कुमार, यशराज शुक्ला, मीनू तिवारी, रामकिशोर शुक्ला, विशाल शुक्ला, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, नयन पाण्डेय, अंकुर शुक्ला, जीतू अवस्थी, बीनू, गोल्डी शुक्ला, डॉ. सुभाष, दिलीप शुक्ला और विष्णु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### दहेज हत्या के आरोपी पति व सास गिरफ्तार

**मिश्रिख।** पिसावां पुलिस ने नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि गुरुवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बाजनगर गांव में दबिश दी। पुलिस ने मृतका तारा के पति मोहित और उसकी सास को घर के पास से ही हिरासत में लिया। बता दें कि सोमवार को तारा(22) का शव घर के अंदर मिला था। मृतका के पिता कमलेश निवासी चौफरा, महोली ने दामाद, सास, ससुर और देवर पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया था। परिजनों के अनुसार, तारा की शादी पिछले साल 3 फरवरी को हुई थी और लगातार 50 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

### होलिका दहन स्थलों का ईओ ने किया निरीक्षण

**खैराबाद।** होली के पर्व को देखते हुए खैराबाद नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने मुस्तैदी बढ़ा दी है। उन्होंने नगर के विभिन्न होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईओ ने सफाई कर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी दहन स्थलों पर समय से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्थलों को प्लास्टिक और हानिकारक ज्वलनशील कचरे से मुक्त रखा जाए। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत उन्होंने निर्देश दिए कि दहन के बाद बची हुई राख का उचित प्रबंधन किया जाए और उसे हवा में उड़ने के लिए छोड़ने के बजाय जैविक खाद के रूप में पुनर्चक्रण को प्राथमिकता दी जाए।



ये तस्वीर साण्डा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक जलालपुर गांव के बाहर की है। सड़क किनारे एक पेड़ में वैक्सीन कैरियर लटका दिखा। चर्चाओं के बीच राहगीर रुके, ऐसे में कुछ लोगों ने इस बात की जानकारी साण्डा सीएचसी पर दी। बता दें कि वैक्सीन को एक निश्चित तापमान पर रखना अनिवार्य है, लापरवाही से टीकों की गुणवत्ता पर असर पड़ने की भी संभावना रहती है।

# प्लाईवुड प्रोडक्ट्स की भूमि पर डीएम के सामने पेश की दावेदारी

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद के हुसैनगंज स्थित 'प्लाईवुड प्रोडक्ट्स' की बेशकीमती भूमि के मालिकाना हक को लेकर विवाद गहरा गया है। फर्म के साझेदारों ने जिलाधिकारी को विस्तृत आपत्ति पत्र सौंपकर स्पष्ट किया है कि यह जमीन किसी भी रूप में सरकारी संपत्ति नहीं हो सकती क्योंकि ये नियमानुसार निजी स्वामित्व वाली प्रॉपर्टी है।

वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि इस फर्म का गठन 15 जून 1939 को भारतीय साझेदारों और ब्रिटिश मूल के हेनरी थॉमसन के बीच हुआ था। समय-समय पर पार्टनरशिप डीड में बदलाव हुए। 11 जून 1998 को हेनरी थॉमसन के रिटायरमेंट के बाद सीमा जफरुल्लाह और उनके पुत्रगण इसके वैधानिक साझेदार बने। न्यायालयों के आदेशों का हवाला देते हुए आपत्तिकर्ताओं में सीमा जफरुल्लाह, आदिल जफर का दावा है कि उच्च न्यायालय, एडीजे प्रथम कोर्ट और कर्मचारी यूनियन की याचिकाओं में हमेशा सीमा जफरुल्लाह और आदिल जफर को ही फैक्ट्री संचालक के रूप में मान्यता दी गई है। राजस्व रिकॉर्ड और पूर्व में गवर्नर जनरल इन काउंसिल द्वारा निष्पादित सेल डीड भूमि के स्वामित्व की पुष्टि करते हैं। इस जमीन के संबंध में फर्म को सरकारी स्तर पर मुआवजा भी मिलता रहा है, जो इसके निजी मालिकाना हक का प्रमाण है। लगभग 5.697 हेक्टेयर भूमि पर राजस्व संहिता के तहत जारी नोटिस को चुनौती देते हुए फर्म ने अनुबंधों 1940 से 1985 तक को साक्ष्य के रूप में पेश किया है।



डीएम से मिलने जाते अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव व अन्य।

## ग्राम चौपाल में सुनीं गईं किसानों की समस्याएं

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद की विभिन्न तहसीलों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। तहसील लहरपुर के ग्राम बिलरिया में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी भारत सिंह और तहसील सीतापुर के ग्राम कोरैया उदयपुर में उप संचालक चकबंदी खालिद अंजुम ने किसानों की समस्याएं सुनीं। चौपाल के दौरान विरासत, बैनामा, अवैध कब्जा और अभिलेखों में त्रुटि जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण किया और शेष मामलों के लिए संबंधित कर्मचारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। बंदोबस्त अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विरासत और नामांतरण के मामलों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर सहायक चकबंदी अधिकारी तेज प्रकाश मिश्रा, सिद्धार्थ तिवारी सहित लेखपाल व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



नि :शुल्क नेत्र शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर बलबीर सिंह यादव व बैंक मैनेजर प्रवीण वाजपेई।

### नेत्र शिविर में 90 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

**इमलिया सुल्तानपुर। अमृत विचार :** ऐलिया ब्लॉक के कस्बा इमलिया में समाज सेवा की एक अनूठी पहल के तहत नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य डॉ. बलबीर सिंह यादव के संयोजन में आयोजित इस कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि इंडियन बैंक के मैनेजर प्रवीण वाजपेई और डॉ. बलबीर सिंह यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने क्षेत्र के करीब दो सौ से अधिक मरीजों की आंखों की गहन जांच की। जांच के उपरांत मोतियाबिंद व अन्य गंभीर समस्याओं से ग्रसित 90 मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए सीतापुर आंख अस्पताल भेजा गया। सीतापुर आंख अस्पताल की टीम में डॉ. स्वप्निल शर्मा, डॉ. भाव्या सिंह, रोहित श्रीवास्तव, शाहनवाज हुसैन, मुस्कान वर्मा, आदित्य वर्मा, मुकेश यादव, प्रिया और अंकिता ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक यादव, सुभाष यादव, रामचंद्र वर्मा, अमन, अंशुमान, सूरज, शोभित और मोहित सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ट्रक-ट्रैक्टर और कार की भिड़ंत में एक की मौत व एक घायल

संवाददाता, कमलापुर।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मानपारा गांव के पास नेशनल हाईवे पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार, खैराबाद में आलू उतारकर सिंधौली की ओर लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने साइड मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर पलट गया। इसी बीच पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार भी पलट चुके ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार पप्पू रावत (44) और लल्लू राम (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली पहुंचाया, जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान लल्लू राम की मौत हो गई, जबकि पप्पू रावत की हालत नाजुक बनी हुई है। थाना प्रभारी इतुल चौधरी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत

**इमलिया सुल्तानपुर।** पारा गांव स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से एक तेज रफ्तार बाइक जा टकराई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।स्थानीय लोगों के अनुसार, सीतापुर के पूर्णागिरी नगर निवासी राजेश दीक्षित (30) और अंकित कश्यप बाइक से एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## धौरहरा सांसद ने मुख्यमंत्री से की पुल निर्माण की मांग

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जनपद सीतापुर की महोली विधानसभा में विभिन्न सेतुओं और ऊपरगामी सेतुओं के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है। सांसद ने पत्र में चार प्रमुख परियोजनाओं का उल्लेख किया है, जिनमें विकास खण्ड पिसावां के ग्राम प्रेमपुर व ढखिया कला में गोमती नदी पर सेतु निर्माण और महोली-पिहानी मार्ग व महोली-वजीरनगर मार्ग पर ऊपरगामी सेतुओं का निर्माण शामिल है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के न होने से क्षेत्र में आवागमन बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इसी वित्तीय वर्ष में इन कार्यों को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी जाए।



आनंद भदौरिया
सांसद धौरहरा

# मुंडेरवा के बाद नैमिष में उमड़ी भीड़

नैमिषारण्य/मिश्रिख।

**अमृत विचार :** त्रेतायुगीन मर्यादाओं को जीवंत करती 84 कोसी परिक्रमा अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ चली है। मुंडेरवा के सातवें पड़ाव के बाद श्रद्धालुओं का रेला पावन नैमिषारण्य धाम पहुंचा, जहां आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। 'कड़ाकड़ सीताराम' के जयघोष और ढोलक-मंजीरों की थाप पर झूमते श्रद्धालु धूल धूसरित रास्तों की थकान भूल भक्ति में सराबोर दिखे।

परिक्रमा के आगामी कार्यक्रम में बड़ा बदलाव हुआ है। रामदल अब कोल्हा बरेठी में पड़ाव नहीं डालेगा। श्रद्धालु यहां से सीधे अंतिम पड़ाव मिश्रिख के लिए प्रस्थान करेंगे, ताकि वहां पूजन और विश्राम की बेहतर व्यवस्था मिल सके। मिश्रिख पहुंचते ही श्रद्धालु पंचकोसी परिक्रमा का संकल्प लेंगे। चक्रतीर्थ स्नान और पारंपरिक होली मिलन के साथ इस दिव्य यात्रा का समापन होगा। मार्ग में स्थानीय सेवादारों द्वारा खिचड़ी, फल व दूध-चाय के भंडारों से परिक्रमार्थियों का भव्य स्वागत किया जा रहा है।



टेंट लगाकर विश्राम करते श्रद्धालु। अमृत विचार



रत्नम राठौर के साथ विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### भाजपा को परास्त कर ही होगा सीतापुर का विकास : रत्नम

**खैराबाद।** मनरेगा बचाओ संवाद यात्रा के पांचवें दिन गुरुवार को महमदापुर समेत विभिन्न गांवों में विशाल जनसभाओं का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए यात्रा प्रभारी रत्नम राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार सीतापुर विधानसभा क्षेत्र को धार्मिक उन्माद और जातीय विद्वेष की राजनीति का केंद्र बना रही है। संविधान की रक्षा के लिए खैराबाद को इन ताकतों से मुक्त कराना होगा। वहीं, शिवप्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि जिले के 10 लाख मनरेगा मजदूरों की बेरोजगारी और क्षेत्र के पिछड़ेपन के लिए सीधे तौर पर भाजपा जिम्मेदार है। सुनीला रावत ने कहा कि कुछ संगठन बुद्ध कथाओं पर रोक लगाने की साजिश कर रहे हैं, जिसे यह यात्रा बेनकाब करेगी। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष (पिछड़ा प्रकोष्ठ) राजेश पाल और दलित प्रकोष्ठ के विष्णु गौतम ने भी मनरेगा को बचाने व भूमिहीनों को जमीन देने की मांग उठाई। यात्रा आज बन्नीबाजदार, मंझावा, टकपुरवा और मिर्जापुर होते हुए गंगापुर उल्फतराय पहुंची।

# गोंडा-लखनऊ की टीमें फाइनल में

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर के तत्वावधान में आयोजित 27वीं अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन हैंडबॉल क्लस्टर एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए।

गुरुवार को हुए बास्केटबॉल के पहले सेमीफाइनल में 30वीं वाहिनी गोंडा ने कड़े संघर्ष के बाद मेजबान 11वीं वाहिनी सीतापुर को 23-22 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में 35वीं वाहिनी लखनऊ ने 27वीं वाहिनी सीतापुर को 22-14 से शिकस्त दी।हैंडबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में भी खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। पहले मैच में 11वीं वाहिनी सीतापुर ने 02वीं वाहिनी सीतापुर को 17-07 से हराया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में 26वीं वाहिनी गोरखपुर ने 27वीं वाहिनी सीतापुर को 08-05 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को प्रतियोगिता का समापन होगा। इस आयोजन में मध्य जोन की विभिन्न वाहिनियों और एसडीआरएफ लखनऊ की टीमें हिस्सा ले रही हैं।



प्रतियोगिता के दौरान जोर आजमाइश करतीं टीमें। अमृत विचार

**प्रतियोगिता**

### बकाया भुगतान को लेकर दिया ज्ञापन

**कमलापुर।** कमलापुर चीनी मिल पर किसानों का बकाया करोड़ों रूपए गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर बड़ी संख्या में किसान एकजुट हुए। किसानों ने सहकारी गन्ना विकास समिति कमलापुर के सचिव माधव राम को संयुक्त रूप से एक प्रार्थनापत्र देकर बकाया गन्ना मूल्य भुगतान ब्याज सहित दिलवाए जाने की मांग की है। इस मौकेपर प्रधान विनोद प्रकाश मौर्या, प्रधान अनीत कुमार, तेजप्रकाश सिंह, गुड्डू रावत, अमित कुमार सिंह, विश्वनाथ, रंजीत सिंह, सत्य प्रकाश सिंह नौमीलाल, अभिषेक मिश्रा, चन्द्रिका प्रसाद, छत्रपाल, अनुज बाजपे सहित अन्य मौजूद रहे।

### चाचा-भतीजे का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

**महमूदाबाद।** पैंतेपुर-बाकरनगर मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले ग्राम अल्लीपुर के चाचा-भतीजे और उनके एक साथी का बुधवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया हादसा मंगलवार-बुधवार की देर रात जब अलीपुर निवासी संजय के विवाह समारोह से लौट रहे देवकांत उर्फ देव कुमार, उनके भतीजे श्याम सुंदर उर्फ बॉबी और बघाइन निवासी शुभम कुमार की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में देवकांत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि श्याम सुंदर और शुभम ने लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। बुधवार शाम जब चाचा-भतीजे की अर्थी एक साथ उठी, तो पूरा गांव फफक पड़ा। वहीं, शुभम का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बघाइन में हुआ।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**सीतापुर।** रेतीपुरवा के पास दोपहर दो बाइकों की भीषण भिड़ंत में एक युवक की जान चली गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे में संवलिया निवासी दिलीप पुत्र रामनरेश गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की मां मीना देवी ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में देरी और बाहर से दवाएं मंगवाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अस्पताल में सुविधाएं न मिलने के कारण उनके बेटे ने दम तोड़ दिया।घटना की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

### डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट भंडारण कक्ष का मासिक निरीक्षण किया। सुरक्षा घेरे का वाह्य निरीक्षण करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता को टीवी स्क्रीन पर परखते हुए सुरक्षा मानकों की जांच की। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और निर्वाचन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### वेतन न मिला तो लखनऊ कूच करेंगे श्रमिक

**सीतापुर।** कटीली स्थित जेबी दारूका पेपर मिल में श्रमिकों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंडर सिंह सिद्धू ने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने 1 मार्च तक तीन माह का बकाया वेतन नहीं दिया, तो श्रमिक होली पर लखनऊ कूच करेंगे। सिद्धू ने कहा कि प्रबंधन स्पष्ट करे कि मिल चलेगी या बंद होगी, ताकि श्रमिक रोजगार के अन्य विकल्प तलाश सकें। मजदूरों की होली बेरंग करने की साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, जिला सचिव अमन सिंह ने कहा कि मिल बेचने की चर्चाओं के बीच मजदूरों का हक मारना बर्दाश्त नहीं होगा।

# ढूंढे नहीं मिल रहे छात्रवृत्ति पाने वाले छात्र

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

**अमृत विचार:** शासन अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग छात्रों को छात्रवृत्ति देकर राहत का काम कर रहा है। लेकिन धरातल में तस्वीर धुंधली है। कई शिक्षण संस्थान/ महाविद्यालय इस मामले में अपनी स्थितियों को साफ नहीं कर रहे। ऐसे में जिलाधिकारी ने दो दिन का मौका दिया है कि वे लोग इस परिपेक्ष्य में अपना ब्योरा प्रस्तुत करें अन्यथा विधिक और विभागीय दोनों कार्रवाई का सामनना करना पड़ सकता है।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. का कहना है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग को सुविधाएं दी जा रही है। ऐसे में सभी संस्थानों को ये बताया जा चुका है कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर छात्रों का ब्योरा उपलब्ध कराया जाए। कई बार निर्देशों के बावजूद भी 23 महाविद्यालय/ शैक्षणिक संस्थानों ने उपलब्ध नहीं कराया है। मौका दिया गया है, न देने पर विभागीय और विधिक दोनों कार्रवाई की जाएंगी। 27 जनवरी तक सभी संस्थानों को छात्रवृत्ति का डॉटा ऑनलाइन करना था, लेकिन बड़ी संख्या में छात्रों के विवरण न मिल पाने का बहाना बनाया गया। डीएम और सीडीओ प्रणत ऐश्वर्या की बैठक के बाद भी अभिलेखों का प्रस्तुतीकरण नहीं किया गया।

**इन शिक्षण संस्थान में लंबित है डाटा**

| शिक्षण संस्थान का नाम | कुल पंजीयन | अस्वीकार | प्रेषण संख्या | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| एसकेवी एजूकेशन | 454 | 0 | 423 | 31 |
| अयोध्या सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज | 139 | 0 | 116 | 23 |
| राजेंद्र सिंह कमला देवी महाविद्यालय ऐलिया | 282 | 59 | 203 | 20 |
| जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक महमूदाबाद | 603 | 37 | 548 | 18 |
| संत सूरजबाब महाविद्यालय | 333 | 1 | 315 | 17 |
| गवर्मेंट आईटीआई सीतापुर | 50 | 35 | 2 | 13 |
| सरदार सिंह शिवराज सिंह महाविद्यालय | 55 | 14 | 28 | 13 |
| कृष्णापाल सिंह लॉ कॉलेज | 47 | 0 | 35 | 12 |
| श्री लालजी सिंह जीवन ज्योति महाविद्यालय मोहरइया | 519 | 160 | 348 | 11 |
| अजीम मेमोरियल डिग्री कॉलेज बिसवां | 250 | 7 | 233 | 10 |
| खेतान जी लॉ कॉलेज | 114 | 18 | 86 | 10 |
| नंद किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय बिसवां | 443 | 33 | 400 | 10 |
| राजेंद्र सिंह राजेश्वरी महाविद्यालय | 70 | 3 | 59 | 8 |
| श्री डीवी वर्मा मेमोरियल डिग्री कॉलेज खगेसियामऊ | 552 | 7 | 537 | 8 |
| वामदेव सिंह महाविद्यालय | 30 | 0 | 22 | 8 |
| डण्डा टेक डिग्री कॉलेज रंगवा लहरपुर | 48 | 2 | 39 | 7 |
| गवर्मेंट ट्रेनिंग इस्टी. सिधौली | 24 | 7 | 10 | 7 |
| हिंद इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस अटरिया | 259 | 11 | 241 | 7 |
| कृष्णपाल सिंह महाविद्यालय तंबौर | 1142 | 104 | 1032 | 6 |
| शहीद भगत सिंह महाविद्यालय हरगांव | 89 | 0 | 83 | 6 |
| हजारी लाल महाविद्यालय पहाड़पुर | 974 | 32 | 937 | 5 |
| महमूदाबाद कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट टेक्ना. महमूदाबाद | 42 | 0 | 37 | 5 |
| महमूदाबाद लॉ कॉलेज | 54 | 0 | 49 | 5 |

न्यूज ब्रीफ

## फाल्गुन द्वादशी उत्सव का कल होगा आयोजन

**रायबरेली :** श्रीखाटू श्याम मंदिर अहियारायपुर में फाल्गुन द्वादशी उत्सव 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी राघव मुरारका ने दी है। उन्होंने बताया कि गुड़गांव हर्ष सैनी और इंदौर की अर्पिता गीते भजन प्रस्तुत करेंगी।

## तीन पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई

**अमावां (रायबरेली)।** मिल एरिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के तीन युवकों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की धर पकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने थाना क्षेत्र के चकदादर गांव निवासी मानसिंह यादव उर्फ बब्बन, गौचरा गांव निवासी संजय यादव, रुस्तमपुर गांव निवासी दिनेश कुमार के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया मानसिंह यादव गैंग का लीडर है। यह तीनों साथियों के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में अक्सर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।

## नाराज युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सरेनी (रायबरेली) :** बीती शाम को थाना क्षेत्र के एक गांव में नव विवाहिता पत्नी की मांग पूरी न कर पाने से क्षुब्ध युवक ने फांसी पर लटक कर जान दे दिया इससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के प्रतापपुर मजरे पलटी खेड़ा गांव निवासी अंकित सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह की बीती 14 फरवरी को शादी हुई थी। 15 फरवरी को बहू विदा होकर ससुराल आई थी। 26 फरवरी को बहू को मायके जाना था। अंकित सिंह के पिता विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीती शाम को बेटे से सोने का हार और हाफ पेटी खरीदने की मांग पर बहू अड़ गई। बेटे ने उसे बहुत समझाया लेकिन बात नहीं बनी। परेशान अंकित ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे के हुक से साड़ी से फंदा बनाकर लटक गया। परिजनों को जब जानकारी हुई तो उन्होंने दरवाजे पर धक्का दिया लेकिन नहीं खुला तो लोगों ने दरवाजे को कुल्हाड़ी से फाड़ डाला लेकिन अंकित को फांसी पर लटका देखकर अवाक रह गए। आनन फानन अंकित को नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। मृतक के पिता की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# घर का ताला तोड़ लाखों का सामान किया पार

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार की रात एक बार फिर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। कृष्णा नगर मोहल्ले में घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरों ने पार कर दिया। घर के लोग वैवाहिक समारोह में भोजपुर गए हुए थे। बाहर से ताला बंद था। सूना घर पाकर चोरों ने लाखों के जेवरात और नकदी चुरा ली।

घर मालिक राजू सोनकर ने बताया कि घटना के समय परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। फोन पर घर का ताला टूटने की सूचना मिली। जब वे घर पहुंचे, तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि करीब 8 लाख रुपये की चोरी हुई है, जिसमें छह लाख रुपये के जेवर और नगदी शामिल है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

# पत्रावलियों के डिजिटलीकरण से प्रशासनिक कार्यों में आएगी गति

संवाददाता, रायबरेली

समीक्षा

- मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त, लखनऊ मंडल, लखनऊ विजय विश्वास पंत ने कलेक्ट्रेट में संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख संरक्षण, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं शिकायत निस्तारण की समीक्षा की।

मंडलायुक्त ने सर्व प्रथम संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक (प्रथम), न्याय सहायक (द्वितीय), शिकायत प्रकोष्ठ, न्याय सहायक (द्वितीय), लेखाकार, डीएलआरसी, स्थापना, आंग्ल अभिलेखागार, डिस्पैच पटल का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित कार्यों की गहन समीक्षा की गई व अभिलेखों के रख-रखाव को देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त ने कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अपडेट पायी गई। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने सेवानिवृत्त व स्थानान्तरित कार्मिकों की कागजी पत्रावलियों का भी अवलोकन किया।

मंडलायुक्त ने पटलों के निरीक्षण में संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक प्रकार करें और आवश्यक शासनादेशों को गाइट फाइल में रखें। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण में मंडलायुक्त ने कहा कि शस्त्र वरासत संबंधी सभी पत्रावलियों की जांच करायें और शस्त्र नवीनीकरण की प्रक्रिया समय पर निर्धारित करायें। उन्होंने कहा कि सभी पत्रावलियों का डिजिटलीकरण कराये और डिजिटलीकरण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होने सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि सेवानिवृत्ति देयों अथवा एसीपी से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रखें। लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहें।



कलेक्ट्रेट में निरीक्षण करते मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत साथ में डीएम हर्षिता माथुर।

# तेज रफ्तार ने छीन ली दो लोगों की जिंदगी

## कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला, हाइड्रा की चपेट में आने से बुजुर्ग की गई जान

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सड़कों पर फर्राटा भर रहे वाहन लोगों के जान के दुश्मन बनते जा रहे हैं। क्षेत्र में अलग-अलग हुए हादसों में महिला और बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।



गुरु प्रसाद की फाइल फोटो।

पहली घटना बछरावां-महराजगंज मार्ग पर असनी चौराहे के पास गुरुवार दोपहर की है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के बाला प्यारेपुर निवासी गंगाराम और उनकी पत्नी आशा अपने बेटे की ससुराल ग्राम बसकटा से एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। असनी चौराहे के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने पत्नी आशा को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंगाराम का उपचार जारी है। सूचना पर सीएचसी परिजनों में चीख-पुकार मच गई है। वहीं गांव में सन्नाटा पसर गया है। बछरावां थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया शव को कब्जे में लिया गया है। पोस्टमार्टम कराया जाएगा। छानबीन की जा रही है।



सीएचसी बछरावां में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के थुलवासा चौकी अंतर्गत महावीर मार्ग पर गुरुवार सुबह की है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी गुरु प्रसाद (60 वर्ष) के घर में 'दुरदुरिया' की पूजा का कार्यक्रम था। इसके लिए वे गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे सामान (लाई, चना और गुड़) खरीदने थुलवासा बाजार आए थे। सामान खरीदकर जब वे अपनी साइकिल से वापस घर की ओर लौट रहे थे, तभी महराजगंज से रायबरेली की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार हाइड्रा क्रेन ने उन्हें पीछे से रौंद दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. संजय राय ने बताया कि बुजुर्ग को जब अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और थुलवासा चौकी की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। फिलहाल फरार क्रेन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में महिला गंभीर

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** दो बाइकों की भिड़न्त में एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। हालत गम्भीर देखते चिकित्सक प्राथमिक उपचार के पश्चात महिला को सीएचसी शिवगढ़ से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पोखरा गांव की रहने वाली श्रमजीवी पत्नी वासुदेव अपने बेटे ऋतिक के साथ गुरुवार की शाम बाइक से सलेथू स्थित अपने मायके से अपने घर के लिए लौट रही थी। तभी जगदीशपुर के पास साइड से निकले दूसरे बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया, जहां इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. सौरभ सिंह ने महिला की हाल गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बेटे ऋतिक ने बताया कि वह बाइक से अपने मामा के यहां से अपनी मम्मी को बाइक पर बिठाकर पोखरा अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में जगदीशपुर के पास बगल से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार दंपति घायल

**बछरावां (रायबरेली)।** लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैरहनी गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से साइकिल सवार बुजुर्ग दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना क्षेत्र के कन्नावां निवासी शीतलादीन पुत्र रामरतन अपनी पत्नी निर्मला देवी के साथ साइकिल कुंदनगंज जा रहे थे। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित खैरहनी गांव के पास प्राथमिक स्कूल के निकट पहुंचे, तभी लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने के बाद कार सवार अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने निर्मला की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अनियंत्रित कार की टक्कर से एक की मौत व दूसरा गंभीर

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बल्दीखेड़ा गांव के पास गुरुवार शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे दुकान पर मौजूद दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बल्दीखेड़ा निवासी रामफल पुत्र कंधई अपनी परचून व पंचर की दुकान पर अकबरपुर (जनपद कानपुर) निवासी गिरिजेश कुमार पुत्र पटवारी की साइकिल का पंचर बना रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

घटना के पीछे चल रहे एक अन्य कार चालक ने आरोपी वाहन की लोकेशन पुलिस को दी। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी कर टोल प्लाजा पर कार को रोक लिया, हालांकि चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गिरिजेश को मृत घोषित कर दिया। रामफल की हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

## स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के घोसियाना निवासी मोहम्मद अकील पुत्र मोहम्मद जमील डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के घुरवारा में कपड़े की दुकान करता था। गुरुवार को वह सुबह अपने घर से दुकान जा रहा था। जैसे ही वह कोतवाली क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित स्कूल बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में वहां मौजूद लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया, जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने बस एवं मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों में हाहाकार मच गया। रमजान के महीने में घर का चिराग बुझ जाने से पारिवारिक जन सदमे में है। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ राघवन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# भैया कहां चले गए, हमारी खुशी पर किसकी नजर लग गई....

शंकर सिंह, राही (रायबरेली)

बहन बोली

- सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत का मामला

**अमृत विचार।** मृतक संदीप की बहन रोली का रो-रोकर बुरा हाल है। बार-बार यही कहती कि भैया कहां चले गए आप तो हर खुशी देने की बात कह रहे थे। भैया मेरी खुशियों की तैयारी में लगे थे, पता नहीं किसकी नजर लग गई। रोली को रोता देख बरबस ही लोगों की आंखे नम हो गई। तेज रफ्तार की एक चूक ने तीन घरों के चिराग बुझा दिए। आज जहां शहनाई गूंजनी थी, वहां सिसकियां सुनाई दे रही हैं।

संदीप सिंह घर के इकलौते बेटे थे और पिछवारा चौराहे पर होटल संचालित करते थे। पत्नी सोनम सिंह, पांच वर्षीय बेटी ग्रेसी और दो वर्षीय जसिका के सिर से पिता का साया उठ गया। दो बहनों में एक की शादी हो चुकी है, जबकि रोली का तिलक होना था।

दोस्ती की मिसाल माने जाने वाले तीनों युवक अब एक साथ पंचतत्व में विलीन होंगे और पीछे छोड़ जाएंगे ऐसी यादें, जिन्हें भुला पाना आसान नहीं होगा।

**परिवार का सहारा थे धनंजय और आशुतोष:** पोस्टमार्टम के बाद जब तीनों के शव गांव पहुंचे तो मातम और गहरा गया। तीन परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। धनंजय सिंह बर्जर पेंट्स में वरिष्ठ सेल्स पद पर कार्यरत थे। परिवार में मां शशि सिंह, पत्नी प्रीति सिंह, भाई आदर्श सिंह और दो वर्षीय बेटा अभ्यांश हैं। वहीं आशुतोष मौर्य पारी कस्बे में 'अंश स्वीट हाउस' नाम से होटल चलाते थे। पिता चंद्रभान मौर्य किसान हैं। पत्नी नीलम, बेटा प्रसून (7 वर्ष), बेटी अनिका (3 वर्ष), तीन भाई और एक बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।

**प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक:** घटना की सूचना पर ऊंचाहार के एसडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। क्षेत्रीय विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने भी शोक जताते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भदोखर थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है।

# तिलक से पहले उठी भाई की अर्थी, पलक झपकते ही गईं 3 जिंदगियां

राघवेंद्र शुक्ला, जगतपुर, (रायबरेली)

- देर रात हुए हादसे ने हर किसी को झकझोरा सिसकियों से हर कोई गमगीन



संदीप सिंह, धनंजय सिंह व आशुतोष मौर्य की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** फरवरी का माह जगतपुर क्षेत्र के लोगों के लिए न भूलने वाला दर्द दे रहा है। बीते दिनों गंगा एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे को लोग अभी भूल भी नहीं पाए थे कि एक ऐसी वारदात हो गई,जिसे हर किसी ने झकझोर कर रख दिया। बहन की शादी को लेकर परिवार में खुशी का माहौल था। भाई के साथ उसके दो दोस्त भी हाथ बंटा रहे थे। तिलक की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी थी। थोड़ा बहुत सामान था, जिसे लाने के लिए संदीप अपने दोस्तों के साथ जिला मुख्यालय गया था। उन्हें क्या पता था कि होनी को कुछ और ही मंजूर है। सारी खुशियां उस समय काफूर हो गई, जब पता चला कि तीनों दोस्त हादसे का शिकार हो गए। खुशियों से भरे घर में मातम पसर गया। बहन के तिलक की तैयारियों के बीच खरीदारी कर लौट रहे तीन दोस्तों की तेज रफ्तार कार हादसे में मौत हो गई।

बुधवार की देर रात करीब 10:30 बजे लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर भदोखर थाना क्षेत्र के मोहलिया (शीतल का पुरवा) के पास कार अनियंत्रित होकर शारदा सहायक नहर की पटरी पर नीम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पेड़ आधा टूट गया और कार के परखच्चे उड़ गए। इसमें सवार धनंजय सिंह (32) निवासी दौलतपुर, संदीप सिंह (35) निवासी परहरी और आशुतोष मौर्य (35) निवासी अलीगंज डिहवा की मौत हो गई। संदीप अपनी बहन के तिलक की सामग्री खरीदने के लिए आशुतोष मौर्य और धनंजय सिंह गए थे। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई।



मृतक धनंजय सिंह के दरवाजे पर बैठे गमगीन परिजन। अमृत विचार

राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के डॉ. लईक अहमद के अनुसार अस्पताल पहुंचने से पहले ही तीनों की मौत हो चुकी थी।



मृतक आशुतोष मौर्य के दरवाजे पर गमगीन परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

## झाड़ियों में मृत मिला तीसरा दोस्त

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद संदीप सिंह कार से उछलकर दूर जा गिरे थे, जबकि धनंजय और आशुतोष वाहन में फंसे रहे। पुलिस ने दोबारा मौके पर तलाश की तो संदीप झाड़ियों में घायल अवस्था में मिले, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। बताते है कि संदीप सिंह की बहन रोली का तिलक बृहस्पतिवार को भदोखर क्षेत्र के जफरापुर गांव में होना था। पिता तेजभान सिंह, जो सलोन थाने में होमगार्ड हैं ने बताया कि बेटे की मौत के बाद तिलक कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। पहले अंतिम संस्कार होगा, उसके बाद आगे की तिथि तय की जाएगी।

आयोजन

नगर क्षेत्र में ग्राम प्रधान/स्थानीय निकाय सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

# शिक्षा में सुधार को सामूहिक सहभागिता जरूरी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में ग्राम प्रधान एवं स्थानीय प्राधिकरण निकाय के सदस्यों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन नगर संसाधन केंद्र, पुलिस लाइन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा से जुड़े प्रयासों के माध्यम से जनसमुदाय को जागरूक करना तथा विद्यालय विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को मजबूत बनाना रहा।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र प्रताप ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन से लेकर दायित्व निर्वहन तक विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय विकास योजना, बच्चों के नामांकन, ठहराव तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सामुदायिक सहभागिता को आवश्यक बताया। साथ ही बच्चों के रचनात्मक कौशल के विकास हेतु अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करने पर जोर दिया गया। बाल विकास विभाग से सीडीपीओ संध्या श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बच्चों के समग्र विकास में विभागीय समन्वय की आवश्यकता बताई। वहीं एआरपी आशीष तिवारी ने विद्यालयों में एसएमसी के कर्तव्यों, अधिकारों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रतिभागियों को दी।

कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष पंकज द्विवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक तथा एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मौजूद लोग।



उन्मुखीकरण संगोष्ठी में मौजूद लोग।

**बीआरसी में अभिभावक उन्मुखीकरण संगोष्ठी संपन्न, सरेनी:** ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी के निर्देशन में गंभीर रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों के अभिभावकों का अभिभावक उन्मुखीकरण संगोष्ठी (तृतीय फेरा) आयोजित की गई, जिसमें संदर्भदाता गोविंद वाजपेई और नवीन कुमार पांडे ने बच्चों की देखभाल, पहचान, सुविधाओं, योजनाओं, व्यवस्थाओं, दिव्यांग संबंधित अधिनियम राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999, आरपीडब्ल्यूडी एक्ट आदि की परिचर्चा कर जानकारी प्रदान की। बचौले प्रसाद, रेखा देवी, अशोक कुमार, शिवदुलारी, शिव कुमारी, प्रीति, सोफिया, शिवम सहित 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग कर ज्ञानार्जन किया। इस कार्यक्रम में बालकृष्ण तिवारी,अजीत वाडेकर, संदीप सिंह, राहुल ने सहयोग किया।

## 158 किग्रा कचरी को किया सीज

**रायबरेली।** एफएसएसएआई की टीम ने होली पर विशेष जांच अभियान चलाते हुए दुकानों में छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उदय राज मौर्य, कंचनलता तिवारी, महेंद्र कुमार, शेफाली रस्तोगी और सौरभ उत्तम की पांच सदस्यीय टीम ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खुशी किराना स्टोर (प्रोपराइटर – राजू) से लगभग 158 किलोग्राम कचरी को संदिग्ध पाए जाने पर सीज़ किया गया। इसके अतिरिक्त उदय राज किराना स्टोर से लगभग 58.4 किलोग्राम खुला सरसों का तेल खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर जब्त किया गया। इसी तरह जय अम्बे एजेंसी, एनटीपीसी रोड, ऊंचाहार से नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया गया। करीब आठ बोरी नमकीन को सीज़ किया गया।

# लामी हत्याकांड में फरार तीन आरोपियों पर अवमानना का केस

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के लामी गांव में हुए भूमि विवाद में महिला की हत्या प्रकरण में फरार चल रहे तीन आरोपियों पर अवमानना का केस दर्ज किया गया है। उनके द्वारा न्यायालय द्वारा तलब किए जाने के बाद भी उपस्थित नहीं होने पर विवेचक आदर्श सिंह ने न्यायालय की अवमानना का केस दर्ज कराया है।

घटना छह जुलाई 2025 की है। लामी चौराहे पर हौसिला व मोहित यादव के बीच भूमि विवाद हुआ। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें मोहित की बुआ मौत हो गई। दूसरे पक्ष से शैलेन्द्र सिंह की गंभीर घायल हुए। चंदापुर पुलिस ने मोहित की तहरीर पर शैलेन्द्र सिंह, दीपक सिंह, राहुल सिंह उर्फ बाहुबली, होसिला, अखिलेश, विकास, रणविजय सिंह अभिशेष सिंह, सौरभ सिंह, अनुराग सिंह, शिव पूजन सिंह, राम सागर सिंह गोलू सिंह को नामजद हुए। इसमें से सौरभ, शिव पूजन सिंह, व गोलू सिंह उर्फ अनुज सिंह अभी तक फरार चल रहे हैं। पुलिस उन्हें पकड़ नहीं सकी तो 21 अगस्त 2025 को तीनों को फरार घोषित कर दिया। न्यायालय में उन्हें वारंट भी भेजा फिर भी तीनों आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सके। गुरुवार को चंदापुर पुलिस ने सौरभ सिंह, शिव पूजन सिंह व गोलू सिंह के खिलाफ न्यायालय की अवमानना का केस दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि न्यायालय की अवमानना का केस दर्ज किया गया है।

# समस्याओं को त्वरित ढंग से निस्तारित करें

## प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रमों और कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनपद के लोगों की समस्याओं को त्वरित ढंग से निस्तारित करने के दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक शत-प्रतिशत पहुंचाने तथा जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मयंकेश्वर शरण सिंह, राजेश अग्रहरि, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने सोलर रूफटॉप, विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन, स्वयं सहायता समूह, श्रमिक योजनाओं व आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की। कानून व्यवस्था के तहत हत्या, लूट, महिला उत्पीड़न, गैंगस्टर व रासुका जैसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने सभी निर्देशों के अक्षरशः पालन का भरोसा दिलाया।


प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा को बुके देकर स्वागत करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

समीक्षा बैठक के उपरांत मंत्री ने सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने सीएचसी सिंहपुर और जन औषधि केंद्र का निरीक्षण कर सस्ती दवाओं की उपलब्धता की सराहना की। कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर में छात्रों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया। खारा ग्राम पंचायत स्थित गौ आश्रय केंद्र में चारा, स्वच्छता व बायोगैस संयंत्र की व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री के दौरे से प्रशासनिक सक्रियता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की उम्मीद बढ़ी है।

### प्रशिक्षण महाभियान की कार्यशाला में भाजपा के पदाधिकारी हुए शामिल

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की कार्यशाला एसआर इंस्टिट्यूट में आयोजित की गई। इसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त और अनुशासित बनाना है। कार्यशाला में बूथ स्तर तक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को तराशने की प्रक्रिया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि आगामी 7 मार्च से 14 अप्रैल तक जिलों के मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित होंगी। लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षित कार्यकर्ता मंडलों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष रायबरेली बुद्धी लाल पासी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, सरोज गौतम, रामदेवपाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किरन सिंह, वीरेंद्र सिंह, विजय सिंह, शिवेंद्र सिंह, अनुज मौर्य आदि मौजूद रहे।


महाभियान कार्यशाला में मौजूद भाजपा पदाधिकारी।

# महंगाई के बावजूद होली से पहले सजने लगे बाजार


होली पर लगी रंग-गुलाल व पिचकारियों की दुकान। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** होली का त्योहार नजदीक आते ही अमेठी के बाजारों में लोगों की चहल-पहल बढ़ गई है। गौरीगंज, शुकुल बाजार, मुसाफिरखाना और जगदीशपुर जैसे प्रमुख बाजारों में रंग-गुलाल की दुकानें सज गई हैं। चारों तरफ अबीर की खुशबू और रंग-बिरंगी पिचकारियों से बाजार गुलजार है। बच्चे कार्टून वाली पिचकारियों को लेकर जिद कर रहे हैं।

बाजार की लगीं दुकानों पर तरह-तरह की डिजाइन की पिचकारियां सज गईं हैं। वहीं युवा वर्ग इस बार हर्बल और प्राकृतिक रंगों को ज्यादा पसंद कर रहे है। वही दुकान दार सुशील का कहना है कि इस बार रंग और पिचकारियों के दाम बढ़े हैं। कच्चे माल और ढुलाई महंगी होने से थोक में ही माल ज्यादा कीमत पर मिल रहा है। इसका असर फुटकर बाजार पर भी साफ दिख रहा है। पिछले साल जो गुलाल 20 रुपये का बिकता था, वह इस बार 25 से 30 रुपये तक पहुंच गया है। पिचकारियों के दाम में भी 15 से 20 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। बावजूद इसके खरीदारी में कमी नहीं दिख रही है।लोग महंगाई को देखते हुए सीमित बजट में खरीदारी कर रहे हैं। मिलावटी रंगों से बचने के लिए इस बार अबीर और हर्बल रंगों की मांग ज्यादा है।प्रशासन भी त्योहार को लेकर सतर्क है। बाजारों और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है ताकि होली का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सके। सीओ मनोज मिश्रा ने बताया कि बाजार के चौक चौराहों पर होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है ताकि की होली को सौहार्द पूर्व मनाया जा सके ।

## न्यूज ब्रीफ

### नौकरी का झांसा देकर ठगे 15 लाख रुपये केस दर्ज

**जायस (अमेठी):** कोतवाली जायस अन्तर्गत ग्राम सरायं महेशा निवासी सोहेल अहमद से विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने 15 लाख रुपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। सुहेल अहमद पुत्र छेदू ने पुलिस में तहरीर देकर बताया कि फेसबुक एप के माध्यम से कनाडा में फ्रूट पैकेजिंग का विज्ञापन दिखा दिया जिसमें दिए गए नम्बर पर फोन करने पर सबसे पहले सुविधा शुल्क के नाम पर रु.30000/ की मांग की गयी जिसे पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गये स्कैनर के माध्यम से भेज दिया गया पुनः उसी नम्बर पर पीड़ित के आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि मंगा लिये गये। इसी तरह टिकट, वीजा आदि के नाम पर पीड़ित से 15 लाखरुपये ठग लिये गये। पीड़ित ने बताया कि पुत्रियों की शादी के लिए नौकरी पाने के चक्कर में खेत, गहना, बाग, सब बिक गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धमकी व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**अमावां (रायबरेली):** मिल एरिया थाना क्षेत्र के चकपीरशाह तकीया निवासी संजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 फरवरी की शाम को तकिया चौराहे पर मोहम्मद अयाज ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उनकी नाक पर चोट आई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। मिल एरिया थानाध्यक्ष ने तहरीर लेकर मो अयाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में साइकिल सवार घायल

**संग्रामपुर (अमेठी):** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के कालिकन धाम दर्शन करने आये कार चालक ने स्थानीय निवासी साइकिल चालक को कार पीछे करते टक्कर मार दी जिससे साइकिल व साइकिल चालक चोटिल हो गए। सुल्तानपुर जिले के कार से कालिकन धाम दर्शन करने आया था और घर जाने के लिए अपनी कार पीछे कर रहा था लेकिन कालिकन धाम दर्शन करने जा रहे साइकिल सवार बुजुर्ग राज नारायण द्विवेदी निवासी पूरे घीसा थाना संग्रामपुर कार की चपेट में आ गये और कार के कुचलने से बच गये इनकी साइकिल का पहिया जाम हो गया और स्वयं राज नारायण घायल हो गये स्थानीय लोगों ने गुहार लगाई तो कार में ब्रेक लगी और बुजुर्ग की जान बच गई कार सवार अपनी स्पीड बढ़ाई और भाग निकला।

### रिटायर्ड सूबेदार के निधन से शोक

**जामो (अमेठी):** थाना क्षेत्र जामो के अंतर्गत ग्राम कमालपुर निवासी सेना के रिटायर्ड सूबेदार पूरन मौर्य का 25/26 की रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही डोगरा रेजीमेंट, अयोध्या की टीम अपने पूर्व जवान को अंतिम सलामी देने के लिए उनके पैतृक गांव कमालपुर पहुंची। पूरन मौर्य वर्ष 1982 में सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने गांव कमालपुर, जिला अमेठी में रह रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम सलामी कार्यक्रम में अश्वनी कुमार (नायक), सूबेदार जय सिंह (नायक), भूपेंद्र सिंह (नायक), राकेश सिंह सहित अन्य जवान उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व सैनिक कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद मिश्रा, कैप्टन रामराज पांडेय, कैप्टन जगपाल मौर्य, हवलदार श्याम लाल मिश्रा तथा कई सेवानिवृत्त सैनिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दिए जाने के दौरान गांव में भावुक माहौल रहा। ग्रामीणों ने दिवंगत सूबेदार को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी देशसेवा को नमन किया।

# बस की चपेट मे आने से साइकिल सवार की मौत

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** गुरुवार को खेत से काम कर साइकिल पर सवार होकर घर जा रहे युवक को नियंत्रित प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी जिसके चलते युवक की मौके पर मौत हो गयी, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूरब गांव निवासी रजनू पासी उम्र 45 वर्ष अपने खेत पर काम करने गया था वहीं से साइकिल पर सवार होकर घर वापस आते समय रायबरेली अयोध्या रोड स्थित अपने गांव के निकट पहुँचा था कि अयोध्या से चित्रकूट जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी, जिसके चलते रजनू की मौके पर ही मौत हो गई आसपास के लोग जब तक लोग कुछ समझ कि चालक बस लेकर फरार हो गया,पुलिस ने फरार बस का पीछा करते हुए मोहनगंज थाना क्षेत्र के शंकरगंज के निकट बस को धरदबोचा, वही मौका पाकर बस चालक भाग जाने में सफल रहा, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतक शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

वहीं मृतक रजनू की पुत्री राधिका की शादी शंकरगंज के ढुडेहरी गांव से आगामी 28 अप्रैल को होनी है। घर पर शादी की तैयारी हो रही थी, जबकि घटना के चलते खुशियां मातम मे बदल गईं। वहीं मृतक रजनू की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह रोते हुए कह रही थी कि अब बेटी का हाथ कौन पीले करेगा।

**दो बाइकों की टक्कर दो गंभीर घायल, जायस :** जायस कोतवाली अंतर्गत बांदा टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास विपरीत दिशाओं से आ रहे दो बाइक सवारों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जिसमें बाइक सवार 18 वर्षीय शिवम निवासी ग्राम पोठई जनपद रायबरेली एवं 45 वर्षीय डॉ सुशील निवासी चौधराना गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिसमें शिवम को सिर में गम्भीर चोट होने के कारण जिला चिकित्सालय गौरी गंज रेफर किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में मजदूर की मौत

- मौत पर परिजनों व भाकियू ने छह घंटे तक काटा हंगामा

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र स्थित इंडोरामा प्लांट के मुख्य गेट के बाहर गुरुवार सुबह एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के पदाधिकारियों ने अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब छह घंटे तक चले हंगामे के बाद 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने पर मामला शांत हुआ। मृतक की पहचान देवतादीन लगभग 60 वर्ष निवासी पूरे घरवर फरीदपुर, थाना जायस, जनपद अमेठी के रूप में हुई है।


देवतादीन की फाइल फोटो।

परिजनों के अनुसार वह फैक्ट्री में प्रस्तावित शटडाउन कार्य के सिलसिले में गेट पास बनवाने पहुंचे थे। इसी दौरान वह परिसर में शौच के लिए गए, जहां अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद मजदूरों ने उन्हें तत्काल एंबुलेंस से इंडोरामा अस्पताल पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद हृदय गति रुकने से मौत होने की बात कहते हुए मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए और आक्रोश जताने लगे। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिला अध्यक्ष नफीस चंदेल के नेतृत्व में समर्थकों ने अस्पताल परिसर में धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने हालात को संभालते हुए दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराई। लंबी बातचीत के बाद अंतिम संस्कार के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने पर सहमति बनी, जिसके बाद लोगों ने धरना समाप्त कर दिया गया।

वहीं मामले में थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मजदूर के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।


मौत के बाद प्रदर्शन करते परिजन व भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### नर्सिंग कॉलेज के फेस्ट में दिखा उत्साह

**अमेठी, अमृत विचार।** इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित स्पोर्ट्स फेस्ट अपने चरम पर रहा, जहाँ विद्यार्थियों ने खेल भावना, टीम वर्क और उत्साह का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फेस्ट के दूसरे और तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसने छात्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा दिया। स्पोर्ट्स फेस्ट के दूसरे दिन की शुरुआत एक ऊर्जावान मॉर्निंग रेस के साथ हुई, जिसने प्रतिभागियों में जोश भर दिया। लड़कियों की श्रेणी में जीएनएम प्रथम वर्ष (आउटलैंडर ग्रुप) की मिस स्वाति ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं, लड़कों की श्रेणी में बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर (मैवरिक ग्रुप) के श्री प्रज्वल विजेता बनकर उभरे। इसके बाद, मैदान में रोमांचक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जहाँ खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती और रणनीति का प्रदर्शन किया। लड़कियों की श्रेणी में अलका ग्रुप ने शानदार जीत हासिल की, जबकि लड़कों की श्रेणी में आदित्य ग्रुप विजयी रहा। स्पोर्ट्स फेस्ट के तीसरे दिन, विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और आयोजक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए स्टॉल लगाए। सिक्स सेमेस्टर और जीएनएम सेकंड ईयर के छात्रों ने इन स्टॉलों के आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे कॉलेज परिसर में एक जीवंत माहौल बन गया। इस दिन एक रोमांचक वॉलीबॉल मैच का भी आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में, लड़कों की श्रेणी में आलम ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। वहीं, लड़कियों की श्रेणी में शिवानी ग्रुप विजेता बनी। यह मैच खिलाड़ियों के बीच समन्वय और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता था। इदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग का यह स्पोर्ट्स फेस्ट न केवल एक खेल आयोजन था


कॉलेज में बच्चों ने लगाया स्टाल।

### कृषि आधारित प्रशिक्षण का हुआ समापन

**कमरौली (अमेठी) अमृत विचार।** गुरुवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के प्रायोजन तथा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान के सहयोग से सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सीटेड में आयोजित 45 दिवसीय उद्यमिता विकास एवं कृषि आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चले इस प्रशिक्षण में 25 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। समारोह की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. ए.के. सिंह ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के चीफ मैनेजर अजय शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडस्ट्रियल एरिया के मैनेजर संजय कुमार रहे। डॉ. सिंह ने कहा कि तकनीकी ज्ञान के माध्यम से युवा कृषि आधारित उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। अजय शर्मा ने प्रतिभागियों से 20 लाख रुपये तक ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने और अन्य युवाओं को रोजगार से जोड़ने का आह्वान किया। निदेशक इंजीनियर संजय सिंह ने बैंक से शीघ्र संपर्क कर ऋण प्रक्रिया प्रारंभ करने की सलाह दी। अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद निदेशक इंजीनियर संजय सिंह।

### एआई समिट में विरोध करने वाला गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार।** भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान टी-शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करने वाले अमेठी निवासी सौरभ सिंह को हिमाचल प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि उन्हें आज सुबह एक होटल से हिरासत में लिया गया। सौरभ सिंह नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं और पिछले लगभग 10 वर्षों से कांग्रेस की सक्रिय राजनीति में जुड़े हुए हैं। एआई समिट में विरोध प्रदर्शन के बाद से ही दिल्ली पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। रविवार को दिल्ली पुलिस अमेठी पहुंची और करीब छह घंटे तक उनके परिजनों से पूछताछ की। इस दौरान रिश्तेदारों, उनके संपर्कों और पृष्ठभूमि से जुड़ी जानकारी भी जुटाई गई। सौरभ सिंह हाल के वर्षों में कांग्रेस के कार्यक्रमों और आंदोलनों में अधिक सक्रिय रहे हैं। वे हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में पार्टी के धरना-प्रदर्शनों में शामिल हो चुके हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ मौजूद हैं। उन्हें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का करीबी माना जाता है। वे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी पूरे समय सहभागी रहे थे। उनका परिवार भी लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ा रहा है।

### महाकालेश्वर मंदिर में छका भंडारे का प्रसाद

**संवाददाता (रायबरेली)।** इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर के 24वीं वर्षगांठ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। ओम नमः शिवाय जाप के बाद पूजा अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद छका। इसमें जिले भर के लोग शामिल हुए। ओम श्री महाकालेश्वर मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष एवं संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बहादुर सिंह और संस्थापक ऊषा सिंह ने सुबह पूजन अर्चन किया। इसके बाद भंडारा शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान सदर विधायक अदिति सिंह भी मौके पर पहुंची। उन्होंने पूजन अर्चन के बाद प्रसाद छका। इसके अलावा न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप के निदेशक डा. शशिकांत शर्मा, एसजेएस ग्रुप के रमेश बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी अरविंद श्रीवास्तव, शिवेंद्र सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी यादव, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रदर्शन कर शिक्षकों ने जताया विरोध

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के बैनर तले टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में जनपद के शिक्षकों ने विकास भवन परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि शिक्षकों की पीड़ा के प्रति सरकार संवेदनशील नहीं दिख रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार की ओर से शिक्षकों की संवेदना में एक शब्द नहीं कहा गया, जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, शाखा-रायबरेली के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार को शिक्षकों की आशंकाओं और समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। जिला संघर्ष समिति अध्यक्ष पंकज द्विवेदी और महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष गीता त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि यदि सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो शिक्षक दिल्ली कूच करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी, सिया राम सोनकर, जटाशंकर बाजपेयी, राकेश द्विवेदी, अरविंद द्विवेदी, राजेश यादव, सुधीर सिंह, सुरेश सिंह, सूर्यप्रकाश, दिनेश रहे।


टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता का विरोध करते शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# ड्रम के गोदाम में लगी आग, मचा रहा हड़कंप

अमावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के हरदासपुर स्थित एक ड्रम गोदाम में गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा गोदाम जलकर खाक हो गया। गोदाम नजीर खान पुत्र वसीर खान, निवासी नया पुरवा कोतवाली नगर का बताया जा रहा है, जो पुराने केमिकल ड्रमों की खरीद-फरोख्त का कार्य करते थे। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। थानाध्यक्ष विंध्य विनय ने बताया कि ड्रमों में केमिकल अवशेष होने के कारण आग ने विकराल हो गई। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।


आग को बुझाते दमकल कर्मी।

## आयोजन

### कुशलगंज मजरे अलीपुर गांव में श्रीरामचरितमानस सम्मेलन में संगीत मंडली ने प्रस्तुत किए मधुर व मनमोहक भजन

# शिव विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कुशलगंज मजरे अलीपुर गांव में तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन के प्रथम दिवस गुरुवार को सुंदरकांड पाठ के पश्चात राम कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक नेपाली बाबा ने शिव विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। कथा में संगीत मंडली ने मधुर व मनमोहक भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। शिव विवाह की कथा सुनाकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

कथावाचक ने कहा कि शिव विवाह के प्रसंग में उन्होंने कहा कि पार्वती जी की निष्ठा व कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने विवाह का वचन दिया। जीव जब सच्चे हृदय से प्रार्थना करते हैं, तो भगवान भी उसे सम्यक फल प्रदान करते हैं। शिव-पार्वती विवाह में भूत-प्रेतों को भी शामिल किया गया है। दमोह, मध्य प्रदेश से आये पवन मनु (सूरदास जी) ने भगवान राम के जन्म की कथा सुनाई। सूरदास जी ने कहा कि रावण के वध और धर्म की स्थापना हेतु, चैत्र माह की नवमी तिथि को माता कौशल्या के गर्भ से भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवीण त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर ओम प्रकाश मिश्रा, सूर्यप्रकाश शुक्ला, श्रीकांत यादव, आलोक द्विवेदी, अहोरवादीन दीक्षित, कृष्णकुमार शुक्ला, उमापति बाजपेई, रमेश शुक्ला, दान बहादुर सिंह, महेश सिंह, सुशील पाण्डेय, स्वयंबर सिंह, सूर्यनारायन शुक्ल, रामचन्द्र सिंह, रामबरदान सिंह, अमित शुक्ला, सतीश शुक्ला, ऋषि सिंह आदि रहे।


रामकथा सुनाते कथावाचक।

### भगवान केवल प्रेम और अटूट विश्वास के भूखे होते हैं

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के नेवादा कनू निवासी विशाल सिंह के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन भावपूर्ण वातावरण में हुआ। कथा के अंतिम दिन कथावाचक शशिकांत जी महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा जी अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने बालसखा द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे। सुदामा की दयनीय अवस्था देखकर भगवान श्रीकृष्ण ने उनका भव्य स्वागत किया और प्रेमपूर्वक उनके चरण धोए। बिना कुछ मांगे ही भगवान ने सुदामा की दरिद्रता दूर कर उन्हें कुबेर के समान धन-सम्पन्न बना दिया। कथावाचक ने कहा कि भगवान केवल सच्चे प्रेम और अटूट विश्वास के भूखे होते हैं। कथा के समापन प्रसंग में तक्षक नाग द्वारा राजा परीक्षित को डंसने और उनके मोक्ष प्राप्ति का मार्मिक वर्णन किया गया। कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और अनेक श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। समापन पर आरती, प्रसाद एवं चरणामृत वितरण हुआ। विशाल सिंह एवं उनके परिवार ने कथा श्रवण का सौभाग्य मिलने पर स्वयं को धन्य बताया और कथावाचक से आशीर्वाद प्राप्त किया।


कथा सुनाते कथावाचक शशिकांत जी महाराज।

### गौरीगंज में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमेठी।** जन शिक्षण संस्थान अमेठी के कार्यालय, गौरीगंज में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक दिनेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खेल मंत्रालय के सहायक आकाश, बिंदेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान के अध्यक्ष विन्देश्वरी प्रसाद दुबे तथा वरिष्ठ पत्रकार अरविंद श्रीवास्तव ने प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए क्षमता संवर्धन एवं कौशल उन्नयन के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि कौशल विकास एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था।



स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है। संतोष सबसे बड़ा धन है। वफादारी सबसे बड़ा संबंध है।
–महात्मा बुद्ध



# पाठ्यपुस्तक और प्रतिष्ठा

यदि किसी संवैधानिक संस्था- विशेषकर न्यायपालिका को त्रुटिपूर्ण या भ्रामक तथ्यों के आधार पर प्रस्तुत किया जाए, तो उसका प्रभाव केवल अकादमिक नहीं, संस्थागत विश्वसनीयता पर भी पड़ता है। कैशोर्य में स्थापित धारणा दीर्घकालिक होती है। अतः कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी संदर्भों पर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप और असाधारण कड़ा रुख पूरी तरह सही है, हालांकि इस कठोर प्रतिक्रिया को देख कर यह प्रश्न स्वाभाविक है कि एनसीईआरटी द्वारा अतीत में इतिहास, राजनीति, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों में हुए विवादित बदलावों पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान ले कर ऐसी त्वरित कारगुजारी क्यों नहीं की? संभवतः न्यायालय सामान्यतः नीतिगत-शैक्षिक सामग्री में हस्तक्षेप से बचता है पर संविधान-विरोध या गंभीर विधिक उल्लंघन के मामले में अधिक सक्रिय रहता है।

न्यायालय द्वारा आपत्तिजनक सामग्री पर रोक, पुनर्मुद्रण रोकना और डिजिटल प्रसार पर प्रतिबंध तकनीकी युग में पूर्णतः लागू करना कठिन अवश्य है, पर यह स्पष्ट संदेश देता है कि संस्थागत प्रतिष्ठा से समझौता नहीं होगा, हालांकि दीर्घकालिक समाधान सेंसरशिप नहीं, बल्कि गुणवत्ता-नियंत्रण और संतुलित अकादमिक विमर्श है। जाहिर है पुस्तक के उक्त अध्याय में न्यायपालिका के मात्र दोषों का उल्लेख हो और राजनीति व व्यवस्थापिका की समांतर चर्चा न हो, तो यह संतुलनहीनता है। यदि देश में भष्टाचार चहुंओर है, तो लोकतंत्र की तीनों शाखाओं में उसकी व्याप्ति को समग्रता में पढ़ाया जाना चाहिए। न्यायपालिका की ऐतिहासिक उपलब्धियों मौलिक अधिकारों की रक्षा, जनहित याचिकाएं, आपातकालीन दुरुपयोग पर अंकुश का उल्लेख न होना, अधूरा चित्र प्रस्तुत करता है। एनसीईआरटी का यह कहना कि त्रुटि 'अनजाने' में हुई, सहज स्वीकार्य नहीं। पाठ्यपुस्तक निर्माण बहु-स्तरीय प्रक्रिया है। लेखन, समीक्षा, संपादन, विशेषज्ञ समिति और उच्चस्तरीय स्वीकृति। यदि इन सबके बाद भी तथ्यात्मक या संदर्भगत भूल रह गई, तो जानबूझकर की गई क्यों न मानी जाए। सार्वजनिक खेद स्वागतयोग्य है पर इसकी आड़ ले, दायित्व से बचने की बजाए पारदर्शी जांच, जिम्मेदारी तय करने और सुधारात्मक उपाय लागू होने चाहिए। दोष केवल एनसीईआरटी तक सीमित नहीं हो सकता। शिक्षा मंत्रालय और व्यापक नीतिगत ढांचा भी इसके लिए समान रूप से उत्तरदायी हैं। पाठ्यक्रम परिवर्तन अक्सर राजनीतिक-सामाजिक विमर्श से प्रभावित होते हैं, ऐसे में पारदर्शिता और बहु-विचारधारात्मक समीक्षा अत्यंत अनिवार्य है। यदि यह सिद्ध हो कि प्रकाशन न्यायपालिका को कलंकित करने के उद्देश्य से जानबूझकर किया गया, तो यह गंभीर कदाचार है। तथ्यों का विकृतिकरण, शिकायतों की संख्या को संदर्भ-विहीन प्रस्तुत करना या पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणियों को गलत अर्थ में उद्धृत करना, ये सब संस्थागत अवमानना की सीमा तक जा सकते हैं और भारी सज़ा की वजह बन सकते हैं, पर आपराधिक अवमानना तब बनती है जब न्याय के प्रशासन में बाधा उत्पन्न हो या न्यायालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य स्पष्ट हो, किंतु इसके लिए दुर्भावना और आशय का प्रमाण आवश्यक है।

## प्रसंगवश

# अल्फ्रेड पार्क के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गईं थीं। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्र भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था। पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे, लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं, बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थीं, लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए।

असहयोग आंदोलन के वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। नौ अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी। इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए, लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंककर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# आतंकवाद से निपटने के लिए भारत का 'प्रहार'






विवेक सक्सेना
अयोध्या

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को अपनी पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति, 'प्रहार' जारी कर राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और निर्णायक बदलाव किया है। ये नीति ऐसे समय में जारी की गई है, जब देश सीमापार प्रयोजित आतंक, ड्रोन आधारित हमले, हथियारों की तस्करी, साइबर हमले और आतंकियों के स्लीपर सेल आदि गंभीर चुनौतियों का लगातार सामना कर रहा है। गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए स्ट्रेटेजी डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि 'भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता है।' देश लंबे समय से सीमा पार से 'प्रायोजित आतंकवाद' से प्रभावित रहा है, जिसमें 'जिहादी आतंकी संगठन और उनके फ्रंटल संगठन' हमलों की प्लानिंग करते रहते हैं और उन्हें अंजाम देते हैं।

डार्क वेब और क्रिप्टो-फाइनेंसिंग जैसे आधुनिक खतरे भी देश के लिए बड़ी चुनौती हैं। यह नीति जल, थल और वायु तीनों मोर्चों पर सुरक्षा को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे की रक्षा करने पर जोर देती है। इसमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे वैश्विक आतंकी समूहों का नाम लेते हुए कहा गया है कि उन्होंने स्लीपर सेल के जरिए भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश की है, जबकि दूसरे देशों से काम करने वाले हिंसक अतिवादियों ने आतंवाद को बढ़ावा देने की साज़िशें रची हैं।

पहलगाम में आतंकियों के हाथों हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था। यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया।

'प्रहार' का अर्थ है 'स्ट्राइक्स', जो भारत के 'जीरो-टॉलरेंस' दृष्टिकोण को एक मजबूत और सक्रिय ढांचा प्रदान करता है। यह नीति सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आतंकी संगठन जिस तरह लगातार संगठित हमले और गतिविधियां कर रहे हैं, उसे देखते हुए यह समय की मांग है कि इससे सख्ती से निपटा जाए और इसके लिए रणनीतियों में भी एक समन्वय हो। यही वजह है कि सात मुख्य स्तंभों पर आधारित 'प्रहार' में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक प्रयासों में तालमेल बैठाने पर भी खासा जोर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने एफआईआर दर्ज करने से लेकर मुकदमा चलाने तक, जांच के हर स्तर पर कानूनी जानकारों को शामिल करने का सुझाव दिया है, ताकि अपराधियों के खिलाफ केस मजबूत हो सके।

इस नीति में आतंकवादी हमलों को होने से पहले ही रोकना। खतरे के अनुरूप त्वरित और कठोर जवाब। पूरे सरकारी दृष्टिकोण के साथ आंतरिक क्षमताओं को एक साथ लाना। विधि के शासन का पालन करते हुए कार्रवाई करना। कट्टरपंथ के कारणों को समाप्त करना। अंतर्राष्ट्रीय और खुफिया जानकारी साझा करना। 'संपूर्ण-समाज' दृष्टिकोण के माध्यम से सुरक्षा को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि विदेश में मौजूद ग्रुप हमले करने के लिए लोकल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और इलाके की जानकारी पर ज़्यादा निर्भर हो रहे हैं।

'प्रहार' नीति न केवल आतंकवाद को एक आपराधिक कृत्य मानती है, बल्कि उसे एक व्यापक 'शत्रुतापूर्ण नेटवर्क' के रूप में देखती है। यह नीति 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी निर्णायक कार्रवाइयों के बाद के सुरक्षा परिदृश्य के अनुकूल है, जो पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद को कड़ी चुनौती देती है। भारत अब अपनी सुरक्षा नीति में रक्षात्मक से आक्रामक प्रतिरोध की ओर मजबूती से बढ़ गया है। यह नीति आतंकवाद के खिलाफ मोदी की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है।


आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी अपने सिद्धांत और उसके तीन स्तंभ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं। पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है। भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें। भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा।

इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। आतंकवादियों को शरण देने, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि नीति का वास्तविक परीक्षण इसके क्रियान्वयन से ही होगा।

किसी भी नीति की सफलता व्यक्ति या संस्था विशेष पर ही निर्भर नहीं करती है। इसके लिए देश की सभी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों, पुलिस व अर्धसैनिक बलों इत्यादि के बीच उचित समन्वय, संसाधन के साथ-साथ तकनीकी क्षमता का विस्तार और दृढ़ इच्छा शक्ति भी नियमित बेहद जरूरी होगी। इसकी सफलता अब इसके प्रभावी कार्यान्वयन, आधुनिक तकनीक में निवेश और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर निर्भर करेगी। ऐसा होने के बाद ही 'प्रहार' सही मायने में देश को आतंकवाद से मुक्त कराने की दिशा में मजबूत और कारगर साबित होगा। भविष्य की दिशा 'प्रहार' राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ सीमा-पार कार्रवाई को वैध बनाती है और वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाती है। यह पूर्व-सक्रिय रणनीति से भारत को मजबूत बनाएगी, लेकिन क्षमता निर्माण और कानूनी सुधार आवश्यक हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवाद विरोधी नीति जारी की है। इसे आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस के तहत सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

## आमने सामने



लिखित उत्तर और मंत्री की तरफ से दिया गया जवाब अलग-अलग है। मंत्री बहुत सज्जन, सीधे हैं और बाड़मेर के प्रभारी मंत्री हैं, लेकिन बाड़मेर जाते हैं, तो इन्हें काम नहीं करने दिया जाता। गृह क्षेत्र पाली में रहते हैं, तो वहां भी इन्हें काम नहीं करने दिया जाता।
–हरीश चौधरी
कांग्रेस विधायक, राजस्थान

जिनके घर शीशे के बने होते हैं, वह दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते। कांग्रेस की सरकार के समय जो दावे आए थे, उनमें से 21 के क्लेम का निस्तारण हमारी सरकार ने किया। आपकी तो पूरी योजना ही फेल हो गई। हम तो 42 लाख पशुओं के बीमा करेंगे।
–जोराराम कुमावत
पशुपालन मंत्री, राजस्थान सरकार



# कनिंघम ने नहीं, जगत सिंह ने खोजा था सारनाथ



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थस्थल सारनाथ की खोज के ऐतिहासिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसकी खोज का श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने लिया। उन्होंने बाबू जगत सिंह की सूचनाओं की सही जानकारी भी नहीं दी, हालांकि बाबू जगत सिंह की सूचनाओं के आधार पर कनिंघम ने इसका उत्खनन कराया और वहां तमाम मूर्तियां भी मिलीं, जो आज सारनाथ संग्रहालय में रखी हुई हैं। अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने ऐतिहासिक तथ्यों की गहन छानबीन के बाद बाबू जगत सिंह के योगदान को स्वीकार कर लिया है।

अब तक इसकी खोज का श्रेय अलेक्जेंडर कनिंघम को दिया जाता था। पर यह पूरा सच नहीं है, दरअसल इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। इस बौद्ध स्थल की खोज का इतिहास उल्लेखनीय और आकर्षक है। यह शानदार और अकल्पनीय रूप से विश्व के सामने आया। 1787 के आसपास एक विशिष्ट घटना घटी, जिसके पश्चात् इस स्थान ने विद्वानों, भिक्षुओं और पुरातत्वविदों का ध्यान आकर्षित करना आरंभ किया। लगभग 1787 में स्थानीय राजपरिवार के सदस्य और सारनाथ के जमींदार बाबू जगत सिंह को इस क्षेत्र में उपलब्ध ईटों और पत्थरों के अंबार का पता चला।

उन्होंने अपने नाम पर नगर में एक बाजार निर्मित करवाने के लिए इस निर्जन क्षेत्र को खोदकर यहां से आवश्यक निर्माण सामग्री प्राप्त करने का मन बनाया तथा मजदूरों को इस काम में लगा दिया गया। यह बाजार आज भी नगर में है और उन्हीं के नाम पर जगतगंज नाम से विख्यात है। धमेख स्तूप से पश्चिम में लगभग 520 फीट (158.5 मीटर) की दूरी पर ईटों और पत्थरों के ढेर को खोद निकाला गया। स्तूप के टीले से निर्माण सामग्री की खोदाई करते समय एक गोलक-रूप बलुआ पत्थर के बक्से के भीतर एक बेलनाकार हरे रंग की संगमरमर की मंजूषा मिली।

बलुआ पत्थर का बक्सा और संगमरमरी मंजूषा सतह से अट्ठारह हाथ की गहराई पर पाए गए थे। संगमरकर के बक्से में मानव हड्डियां, क्षरित मोती, सोने की पत्तियां और अन्य मूल्यवान रत्न भी मिले थे। कालावधि में अस्थियों को गंगा नदी में विसर्जित कर दिया गया और दोनों बक्सों को कलकत्ता (कोलकाता) स्थित एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया। बक्सों और वस्तुओं के अतिरिक्त उसी स्थान पर भूमिगत बुद्ध की एक मूर्ति भी पाई गई थी, जिस मूर्ति के नीचे पाल राजा महिपाल का एक शिलालेख था।

यह विक्रम संवत 1083 (ईस्वी सन् 1026) का दिनांकित शिलालेख है, हालाँकि 1835 में प्रकाशित कनिंघम की उत्खनन रिपोर्ट के साथ डंकन के आलेख को विश्लेषित करने पर एक अलग ही तस्वीर उभरती है। कनिंघम के अनुसार चुनार के बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर 1835 में पाया गया था। उन्होंने इसे पास के गांव के एक व्यक्ति (संगकर या शंकर) द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खोजा था, जो 1787 में स्तूप की खोदाई करने वाली टीम के मजदूरों में से एक था।

उन्होंने बताया है कि बाबू जगत सिंह ने बलुआ पत्थर के बक्से को उसकी मूल स्थिति में ही छोड़ दिया था और मंजूषा के अंदर पाई गई हड्डियों को गंगा नदी में प्रवाहित करा दिया। गंगा नदी में अस्थि-विसर्जन हिंदू परंपराओं में दाह-संस्कार के बाद का महत्त्वपूर्ण संस्कार है। कनिंघम के अनुसार उन्हें एक मोटी गोलाकार दीवार अछूती मिली। पाया गया अवशेष एक ईंट के अर्धगोलाकार स्तूप के अंदर रखा गया था, जिसका व्यास 49 फीट था, जो एक आवरण ईंट की दीवार से ढका हुआ था।

बाबू जगत सिंह के मजदूरों ने केवल आंशिक रूप से संरचना के आधे हिस्से में पत्थर के बक्से से लगभग छह फीट की ऊंचाई तक ईंटों की ही खोदाई की थी और बक्से को अछूता छोड़ दिया गया था। इस स्तूप का पूर्ण उत्खनन अठारह वर्ष बाद मेजर किट्टो द्वारा करवाया गया। इस प्रकार सारनाथ में स्तूप की खोदाई के संबंध में कुछ बातें स्पष्ट हैं- पहला, यह अनजाने में हुई थी और कोई नहीं जानता था कि यह स्थान पुरातात्विक महत्व का एक प्राचीन बौद्ध स्थल था। जैसे ही बाबू जगत सिंह को इसके महत्व के बारे में पता चला, उन्होंने हर संभव कोशिश की थी कि इस स्थान की क्षति और न हो।

दूसरे, बाबू जगत सिंह के मजदूर को 1787 में खोदाई के दौरान जो दो बक्से मिले, उन्हें एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया था, जहां से वे कालांतर में गायब हो गए। बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर अपने मूल स्थान पर छोड़ दिया गया और अन्ततः कनिंघम द्वारा बाहर निकाला गया। बाबू जगत सिंह ने कभी भी स्तूप को पूर्णतः नष्ट नहीं किया। स्तूप के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व को समझने के बाद उन्होंने इस स्थल की सुरक्षा की। मोटी आवरण वाली दीवार के अंदर मूल स्तूप का एक बड़ा हिस्सा वैसे ही छोड़ दिया गया था। समय के साथ आवरण दीवार के अंदर मूल स्तूप की खोदाई कनिंघम और बाद में अन्य ब्रिटिश पुरातत्त्वविदों द्वारा की गई थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थ सारनाथ की खोज बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसका श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने ले लिया।

## सोशल फोरम

# रटने की पीड़ाभरी परंपरा

आप कहती हैं कि आप गलत बोल रहे हैं.. 'मेरा बेटा ख़ुद कोटा जा कर पढ़ना चाहता था, इसलिए मैं उसे कोटा ले कर गई पढ़ाने। मेरा बेटा ख़ुद JEE क्रैक करना चाहता था। खूब पढ़ना चाहता था, मैंने दबाव नहीं डाला कभी।'

ये स्टेटमेंट आपका भ्रम हैं। आपकी अपनी लालसाएं हैं, जिन्हें आप अपने बच्चों पर थोप कर उन्हें अपना बताती हैं। आपका ये स्टेटमेंट बिलकुल वैसा ही है, जैसे मुस्लिम घरों में पैदा हुई लड़की कहती है कि 'हिजाब पहनना मेरी पसंद है। हिजाब मेरा प्राइड है और मुझे किसी ने कभी हिजाब या बुरका पहनने के लिए दबाव नहीं बनाया।'... ऐसे ही आपका बेटा कोटा में पढ़ना चाहता है। बिलकुल ऐसे ही जैसे वो हिजाब पहनना चाहती है।



सिद्धार्थ ताबिश
ब्लॉगर

हिंदू घरों में पैदा हुई लड़कियां हिजाब क्यूं नहीं पहनने को लालायित रहती हैं, क्या आपने कभी सोचा है? हिंदू लड़कियों के लिए हिजाब उनका गर्व या प्राइड क्यूं नहीं बनता है क्या आपने सोचा है? ये सिर्फ़ रुढ़िवादी मुस्लिम परिवार में पैदा हुई लड़कियां ही क्यूं कहती हैं?

कोई भी बच्चा 25 साल तक किताबें रटना नहीं चाहता है। ये इतनी बड़ी पीड़ादायक परंपरा है, जो आप 'नशे' में रहते हुवे सोच भी नहीं सकते। कोई भी लड़का स्वयं से कभी कोटा जा कर 25 साल तक किताबें रटना नहीं चाहता। धर्म में तो फिर भी आप्शन है और लड़के वहां बगावती हो जाते हैं, वो नमाज़ नहीं पढ़ते हैं, पूजा नहीं करते हैं, मगर शिक्षा के मामले में आपने कोई भी आप्शन अपने बच्चों के आगे नहीं छोड़ा होता है।

यहां तक कि अगर आपका बेटा घर पर बैठकर ओपन स्कूल से स्टडी करना चाहे, जो कि सरकारी तौर पर उतना ही मान्य है. जितना रेगुलर बोर्ड, तो आप उसे वो भी आप्शन नहीं देते हैं। आपको इस तरह का नशा है, बच्चों को स्कूल भेजने का, कोटा भेजने का, कोचिंग में भेजने का कि आपके घरों में इसके आलावा कोई बात ही नहीं होती है। अब बारहवीं कर लिया तो अब आगे क्या, जाओ कोचिंग करो, ये एग्जाम निकालो, वो पास करो ये करो वो करो। बस!

कोटा, कोचिंग, स्कूल और कॉलेज आपके बनाए हैं। वयस्कों ने बनाया है। बच्चों ने नहीं बनाया है। आपने बच्चों के लिए पार्क में आठ घंटे खेलने का आप्शन बनाया होता, वो आठ घंटे खेलते। आपने उन्हें 'कोटा' का ही एक आप्शन दिया है। जीवन में तो वो बेचारे उसे न चुनें तो और क्या चुनेंगे?

-फेसबुक वॉल से



## सामयिकी

# कचरे पर न्यायपालिका के निर्देश और सच्चाई

सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के ठीक से पालन न होने पर चिंता जताई है और पहली अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए नियमों को प्रभावी बनाने के लिए कई निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना, जीवन के अधिकार का ही अहम् हिस्सा है। यह मामला भोपाल नगर निगम की उन अपीलों से जुड़ा था, जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ दायर की गई थीं।

अदालत ने कहा है कि अभी कानून में सुधार का इंतजार करना ठीक नहीं है, क्योंकि कचरे की खराब व्यवस्था से लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों पर असर पड़ता है। कोर्ट ने माना कि पूरे देश में कचरा प्रबंधन नियमों का पालन समान रूप से नहीं हो रहा है और घरों से गीला-सूखा-खतरनाक कचरा अलग-अलग करने की व्यवस्था अभी तक भी पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई है। बड़े शहरों में बढ़ते कचरे के ढेर भी चिंता का कारण हैं। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'अब नहीं तो कभी नहीं' और स्पष्ट किया कि अगर स्रोत पर कचरा अलग नहीं होगा और जरूरी सुविधाएं नहीं होंगी, तो अच्छे परिणाम की उम्मीद करना व्यर्थ है। अदालत ने पार्षदों, महापौरों और वार्ड प्रतिनिधियों को कचरा अलग कराने के लिए जिम्मेदार 'लीड फैसिलिटेटर' बनाने को कहा, ताकि हर नागरिक नियमों का पालन करे।



सुनील कुमार महला
लेखक

लीड फैसिलिटेटर वह व्यक्ति होता है जो किसी कार्यक्रम, प्रशिक्षण, कार्यशाला या परियोजना में पूरे समूह की प्रक्रिया का नेतृत्व करता है और यह सुनिश्चित करता है कि गतिविधियां सही दिशा में और निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार चलें। अच्छी बात यह है कि सभी नगर निकायों को 100% पालन के लिए समय-सीमा तय कर सार्वजनिक करने, प्रगति की फोटो जिलाधिकारी को भेजने और बड़े कचरा उत्पादकों से 31 मार्च तक नियमों का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को चार तरह के कचरे (गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष) के अलग-अलग प्रबंधन की व्यवस्था जल्दी तैयार करने को कहा गया है।

अदालत ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्देश दिया कि कचरा प्रबंधन नियमों को स्कूल की पढ़ाई में शामिल किया जाए। अब नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई होगी। पहले जुर्माना, बार-बार उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई और जरूरत पड़ने पर आपराधिक केस भी दर्ज किया जा सकता है। लापरवाही करने वाले अधिकारी भी दायरे में आएंगे। कोर्ट ने मोबाइल अदालतों की संभावना पर भी विचार करने की बात कही है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली अप्रैल 2026 से देश के सभी न्यायालयों और संस्थानों में भी कचरा प्रबंधन नियमों का पालन होना चाहिए। नगर निकायों को लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाने होंगे, जैसे कचरा कम करना, घर में खाद बनाना और सैनिटरी कचरे को सुरक्षित तरीके से पैक करना। ये सभी निर्देश, इसलिए दिए गए हैं ताकि पहली अप्रैल 2026 से पहले पूरी तैयारी हो सके और नियम सही तरीके से लागू किए जा सकें।

कोर्ट ने सही चिंता जताई है कि ठोस कचरा प्रबंधन केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। नियमों के कमजोर अनुपालन, स्थानीय निकायों की जवाबदेही की कमी और योजनाओं जैसे अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज मिशन में खामियों के कारण समस्या बढ़ी है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## खोज

# ताले का आविष्कार

ताला मानव सभ्यता के सबसे प्राचीन सुरक्षा साधनों में से एक है। माना जाता है कि ताले का प्रारंभ लगभग चार हजार वर्ष पूर्व हुआ। सबसे पुराने ताले प्राचीन मिस्र तथा मेसोपोटामिया में पाए गए हैं। ये ताले प्रायः लकड़ी के बने होते थे और कुंडी-खूंटी की विशेष व्यवस्था पर आधारित थे। जब चाबी भीतर डाली जाती थी, तो लकड़ी की खूंटियां ऊपर उठती थीं और द्वार खुल जाता था।




इसके पश्चात प्राचीन रोम में धातु के ताले और चाबियां बनने लगीं। रोमन शिल्पकारों ने लोहे और पीतल से छोटे, परंतु अधिक सुदृढ़ ताले बनाए। इससे सुरक्षा की व्यवस्था अधिक प्रभावी हुई। मध्यकाल में यूरोप में ताले केवल सुरक्षा का साधन ही नहीं रहे, बल्कि उन पर सुंदर नक्काशी और कलात्मक आकृतियां भी बनाई जाने लगीं।

आधुनिक ताले के विकास में उन्नीसवीं शताब्दी का विशेष योगदान रहा। सन् 1861 में अमेरिकी आविष्कारक लिनस येल जूनियर ने आधुनिक पिन-टंबलर सिलिंडर लॉक का पेटेंट कराया। यह प्रणाली आज भी व्यापक रूप से प्रचलित है और "येक लॉक" के नाम से जानी जाती है। इसने ताले को अधिक सुरक्षित, छोटा और उपयोग में सरल बना दिया। इस प्रकार ताले का आविष्कार किसी एक व्यक्ति की देन नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों में विकसित हुई तकनीकों का परिणाम है। प्राचीन लकड़ी के साधारण ताले से लेकर आज के अंक-संकेत तथा अंगुली-छाप से खुलने वाले आधुनिक तालों तक, ताले ने मानव जीवन में सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## वैज्ञानिक के बारे में



लिनस येल जूनियर का जन्म 4 जून 1821 को संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में हुआ था। उनके पिता लिनस येल सीनियर भी ताला निर्माण के क्षेत्र में कुशल कारीगर और आविष्कारक थे, जिससे उन्हें बचपन से ही इस कार्य का अनुभव मिला। येल जूनियर ने प्रारंभ में बैंक तिजोरियों की सुरक्षा प्रणाली पर काम किया, लेकिन बाद में छोटे और सुरक्षित सिलिंडर ताले के विकास में जुट गए। वे अत्यंत परिश्रमी और नवाचारप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। 1868 में उनका निधन हो गया, किंतु उनका आविष्कार आज भी विश्वभर में प्रचलित है।



# सीपियां: जलीय दुनिया की खामोश नायिकाएं

नदी की तलहटी में आधी गड़ी हुई या समुद्र के किनारे चट्टानों से चिपकी हुई सीपें में न तो कोई चमक-दमक होती है, न कोई तेज गति। वे न दिखावटी हैं, न ही हमारी रोजमर्रा की नजरों में आती हैं। फिर भी पूरी जलीय दुनिया बहुत हद तक इन्हीं खामोश जीवों पर टिकी हुई है। अगर सीपों को एक पंक्ति में समझना हो, तो कहा जा सकता है कि वे पानी की सफाईकर्मी हैं और ऐसे सफाईकर्मी, जो बिना थके, बिना रुके अपना काम करते रहते हैं।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

### एक सीप प्रतिदिन 20-40 लीटर छान सकती है पानी

सीप अपने शरीर में लगातार पानी खींचती हैं। इस पानी में मौजूद गंदगी, सूक्ष्म कण, बैक्टीरिया, शैवाल, रसायन और यहां तक कि भारी धातुओं को भी वे छान लेती हैं और अपेक्षाकृत साफ पानी वापस पर्यावरण में छोड़ देती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, सामान्य आकार की एक सीप प्रतिदिन 20 से 40 लीटर तक पानी छान सकती है। अब कल्पना कीजिए, यदि किसी नदी, झील या समुद्री तट पर हजारों या लाखों सीपें हों, तो वे कितनी विशाल मात्रा में पानी को स्वाभाविक रूप से साफ रखती होंगी। दुनियाभर में सीपों की 1200 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से लगभग 1000 प्रजातियां मीठे पानी में और शेष समुद्री जल में निवास करती हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि मीठे पानी की सीपों की सबसे अधिक विविधता उत्तरी अमेरिका में मिलती है, जहां अकेले लगभग 300 प्रजातियां मौजूद हैं। यूरोप में करीब 16 प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं, जबकि एशिया में भी मीठे पानी और समुद्री, दोनों तरह की सीपों की संख्या काफी अधिक है। चीन, भारत, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया के देश सीपों की जैव विविधता और खेती दोनों के लिए जाने जाते हैं।

### जीवन चक्र और मोती बनने की प्रक्रिया

सीपों की बनावट देखने में सरल, लेकिन कार्य में अत्यंत प्रभावशाली होती है। दो मजबूत खोलों के भीतर उनका कोमल शरीर सुरक्षित रहता है। ये खोल कैल्शियम कार्बोनेट से बने होते हैं, जिसे सीपें पानी से धीरे-धीरे लेकर परत-दर-परत जमा करती रहती हैं। यही कारण है कि उनका खोल जीवनभर बढ़ता रहता है। मोती बनने की प्रक्रिया भी इसी से जुड़ी है। जब कोई बाहरी कण सीप के शरीर के भीतर फंस जाता है, तो वह उसे ढंकने के लिए कैल्शियम की परतें चढ़ती जाती हैं और समय के साथ वही कण मोती का रूप ले लेता है। सीपों का जीवन चक्र भी कम रोचक नहीं है। समुद्री सीपें अपने अंडे और शुक्राणु पानी में छोड़ती हैं, जिनसे सूक्ष्म लार्वा बनते हैं। ये लार्वा कुछ समय तक समुद्र में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं और फिर किसी ठोस सतह चट्टान, खोल या तट से चिपककर स्थायी जीवन शुरू करते हैं। मीठे पानी की कई सीपें इससे भी अनोखा तरीका अपनाती हैं। उनके लार्वा कुछ समय तक मछलियों के गलफड़ों या पंखों से चिपककर रहते हैं। इससे उन्हें सुरक्षित वातावरण मिलता है और वे दूर-दूर तक फैल पाती हैं। बाद में वे नदी की तलहटी में गिरकर स्वतंत्र जीवन शुरू करती हैं। यानी सीपें केवल पानी पर नहीं, बल्कि मछलियों पर भी निर्भर करती हैं। यदि मछलियां कम हों, तो सीपों का भविष्य भी संकट में पड़ जाता है। सीपों की एक और विशेषता उनकी लंबी उम्र है। समुद्री सीपें आमतौर पर 10 से 20 वर्ष तक जीवित रहती हैं, जबकि मीठे पानी की कई प्रजातियां 50 से 100 वर्ष तक भी जी सकती हैं।

### सीपों के लिए चुनौती बनता समुद्र का अम्लीयकरण

पिछले कुछ दशकों में स्थिति चिंताजनक होती गई है। मीठे पानी की लगभग एक हजार प्रजातियों में से अधिकांश या तो संकटग्रस्त हैं या तेजी से घट रही हैं। पोलैंड, क्रोएशिया और ब्रिटेन जैसे देशों में बड़े पैमाने पर सीपों की मृत्यु दर्ज की गई है। लंदन की टेम्स नदी में पिछले 60 वर्षों में मीठे पानी की लगभग सारी सीपें समाप्त हो चुकी हैं। उत्तरी अमेरिका में 70 प्रतिशत से अधिक मीठे पानी की सीप प्रजातियां संकटग्रस्त या विलुप्ति की कगार पर हैं। इन संकटों के पीछे सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। पानी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, ग्रीष्म लहरें तीव्र हो रही हैं। जब नदी या समुद्र का पानी अचानक बहुत गर्म हो जाता है, तो सीपें उसे सहन नहीं कर पातीं और बड़े पैमाने पर मर जाती हैं। इसके साथ ही रासायनिक प्रदूषण, माइक्रोप्लास्टिक, नदियों का प्राकृतिक बहाव बदलना, बांध, खनन और शहरी सीवेज इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। महासागरों में समुद्र का अम्लीकरण भी बड़ी चुनौती बन चुका है। कार्बन डाइऑक्साइड के घुलने से पानी अम्लीय हो रहा है, जिससे सीपों के खोल बनने की प्रक्रिया कमजोर पड़ जाती है। शिशु सीपें तो कई बार खोल बना ही नहीं पातीं।



### सीप की खेती

एशिया में सीपों की खेती समुद्र और इंसान के पुराने रिश्ते का विस्तार है। चीन, जापान, थाईलैंड और वियतनाम में सीपों को 'उगाया' नहीं जाता, बल्कि उन्हें ऐसा वातावरण दिया जाता है, जहां वे स्वाभाविक रूप से पनप सकें। समुद्र के किनारे बांस, रस्सियों और टाइलों पर लार्वा चिपक जाते हैं और फिर समुद्र अपना काम करता है। चीन इस क्षेत्र में सबसे आगे है। दुनिया में उत्पादित समुद्री सीपों का बड़ा हिस्सा वहीं से आता है। यह खेती लाखों लोगों को रोजगार देती है-मछुआरों से लेकर रेस्तरां और निर्यात तक। सीपों का उपयोग केवल भोजन तक सीमित नहीं है। उनके खोलों से चूना, खाद और निर्माण सामग्री बनती है। भोजन के रूप में वे प्रोटीन, जिंक, आयरन और ओमेगा-3 से भरपूर होती हैं। अगर सीपें कम होती गईं, तो पानी की गुणवत्ता गिरेगी, शैवाल विस्फोट बढ़ेंगे, मछलियां मरेंगी और तटीय समुदायों की आजीविका संकट में पड़ जाएगी।

### समुद्र के छुपे हुए सफाईकर्मी

समुद्री सीपें तटीय इलाकों के लिए जीवन-रेखा जैसी हैं। वे पानी साफ रखती हैं, तटों को कटाव से बचाती हैं, छोटी मछलियों और केकड़ों को आश्रय देती हैं और मत्स्य उत्पादन को स्थिर बनाए रखती हैं। जहां सीपों की चट्टानें होती हैं, वहां जैव विविधता कई गुना बढ़ जाती है। एशियाई देशों विशेषकर अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में सीपों की गिरावट का असर प्रवाल भित्तियों और मछली जीवन पर साफ दिखने लगा है। बढ़ता तापमान, पर्यटन से फैला कचरा, प्लास्टिक और तटीय विकास इन नाजुक तंत्रों को कमजोर कर रहे हैं। फिर भी उम्मीद बाकी है। वॉशिंगटन डीसी की एनाकोस्टिया नदी में सीपों की मदद से पानी साफ किया जा रहा है। यह दिखाता है कि अगर हम पानी को साफ करें, तो सीपें लौट सकती हैं। सीपों में अनुकूलन की अद्भुत क्षमता होती है। हर सामूहिक मृत्यु के बाद कुछ सीपें बचती हैं और वही नई पीढ़ी की नींव बनती हैं। यही उम्मीद है। इन खामोश सफाईकर्मियों को बचाना, दरअसल अपने जल, अपने पर्यावरण और अपने भविष्य को बचाना है।

## मरीन लाइफ

# समुद्र की सतह पर धूप सेंकती रहस्यमयी मछली


समुद्र की अथाह गहराइयों में एक ऐसा जीव भी रहता है, जिसे देखकर पहली नजर में विश्वास ही नहीं होता कि यह मछली है। समुद्री सनफिश या मोलामोला, दुनिया की सबसे भारी अस्थि-मछली मानी जाती है। इसका गोल, पार्श्व रूप से चपटा शरीर और विशाल पंख इसे समुद्री दुनिया का अनोखा आकर्षण बनाते हैं। वयस्क सनफिश का वजन 2,000 किलोग्राम से भी अधिक हो सकता है और इसकी लंबाई 10 फीट तक पहुंच सकती है। इतनी विशाल काया के बावजूद इसका पसंदीदा भोजन है- जेलीफिश। जेलीफिश लगभग पूरी तरह पानी से बनी होती हैं और उनमें पोषक तत्व बेहद कम होते हैं। इसलिए सनफिश को अपनी



ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में जेलीफिश निगलनी पड़ती है। यही कारण है कि वे लगातार भोजन की तलाश में लंबी दूरी तय करती हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि ये मछलियां हजारों किलोमीटर की समुद्री यात्रा कर सकती हैं और 600 मीटर से अधिक गहराई तक गोता लगा सकती हैं।

इनकी वृद्धि दर आश्चर्यजनक है। नवजात सनफिश का वजन एक ग्राम से भी कम होता है, लेकिन वयस्क होने पर यह अपने जन्म वजन से लगभग 6 करोड़ गुना बड़ी हो सकती है। यह आकार परिवर्तन जीव जगत में सबसे चौंकाने वाले विकासों में से एक है। हालांकि वयस्क सनफिश का आकार उन्हें अधिकांश शिकारियों से सुरक्षित रखता है, फिर भी मध्यम आकार की सनफिश समुद्री शेर, किलर व्हेल और बड़ी शार्क का शिकार बन जाती हैं। कैलिफोर्निया के समुद्री शेरों द्वारा छोटी सनफिश के पंख काटकर उन्हें खेल की वस्तु की तरह उछालना समुद्री व्यवहार का एक विचित्र उदाहरण है। प्रजनन के विषय में अभी भी कई रहस्य बने हुए हैं। मादा सनफिश एक बार में 3 से 30 करोड़ तक अंडे दे सकती है, जो किसी भी अन्य कशेरुकी जीव से अधिक है। नर उसी समय पानी में शुक्राणु छोड़ते हैं, जिससे निषेचन की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि वैज्ञानिक अब भी यह स्पष्ट नहीं कर पाए हैं कि वे समूह में प्रजनन करती हैं या जोड़े में। समुद्री सनफिश न केवल आकार में विशाल है, बल्कि अपने रहस्यों और अद्भुत जीवनशैली के कारण समुद्री जगत की सबसे रोचक प्रजातियों में से एक है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# जीवन से भरपूर है मिट्टी

हम अक्सर मिट्टी को केवल धूल या जमीन का एक साधारण हिस्सा समझ लेते हैं, लेकिन वास्तव में मिट्टी जीवन का विशाल और अद्भुत संसार अपने भीतर समेटे हुए है। वैज्ञानिकों के अनुसार मिट्टी के केवल एक चम्मच में जितने सूक्ष्मजीव पाए जाते हैं, उनकी संख्या पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्यों से भी अधिक हो सकती है। यह तथ्य अपने आप में बताता है कि मिट्टी कितनी जीवंत और महत्वपूर्ण है।

अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार मिट्टी में लाखों प्रजातियां और अरबों जीव पाए जाते हैं। इनमें बैक्टीरिया, शैवाल, कवक, सूक्ष्म कीट, केंचुए, भृंग, चींटियां, घुन और कई अन्य जीव शामिल हैं। ये सभी मिलकर पृथ्वी पर कहीं भी पाए जाने वाले जैव द्रव्यमान का सबसे बड़ा संकेंद्रण बनाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मिट्टी पृथ्वी का सबसे व्यस्त और सक्रिय पारिस्थितिक तंत्र है।

मिट्टी के ये सूक्ष्मजीव केवल संख्या में अधिक नहीं होते, बल्कि अत्यंत उपयोगी भी होते हैं। बैक्टीरिया और कवक मृत पौधों और जीवों को विघटित करके उन्हें पोषक तत्वों में बदलते हैं। यही पोषक तत्व फसलों और पेड़ों की जड़ों तक पहुंचते हैं और उन्हें स्वस्थ विकास में मदद करते हैं। केंचुए मिट्टी को भुरभुरी बनाकर उसमें हवा और पानी के प्रवाह को बेहतर करते हैं, जिससे पौधों की जड़ें आसानी से फैल सकें।

स्वस्थ मिट्टी केवल कृषि के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी कार्बन को अपने भीतर संग्रहित करके जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करती है। साथ ही, यह वर्षा के पानी को सोखकर भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होती है। यदि मिट्टी की गुणवत्ता घटती है, तो इसका सीधा असर खाद्य उत्पादन, जल संसाधनों और जैव विविधता पर पड़ता है।

आज रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण और अंधाधुंध निर्माण के कारण मिट्टी की सेहत प्रभावित हो रही है। इसलिए जरूरी है कि हम जैविक खेती, वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान दें। मिट्टी को बचाना दरअसल जीवन को बचाना है, क्योंकि यही धरती का वह आधार है, जिस पर हमारा पूरा अस्तित्व टिका हुआ है।

# उड़न तश्तरियों का रहस्य



क्या अनंत अंतरिक्ष की गहराइयों में हम अकेले हैं? यह एक ऐसा प्रश्न है कि इस सवाल ने सदियों से इंसानों को परेशान रखा है। इसके पक्ष-विपक्ष में सैकड़ों तर्क-वितर्क दिए जाते हैं। जब भी आकाश में कोई अज्ञात चमकती हुई वस्तु या अजीब आकार का यान दिखाई देता है, तो उसे 'उड़न तश्तरी' या UFO (Unidentified Flying Object) का नाम दे दिया जाता है। आधुनिक समय में, वैज्ञानिक इसे UAP (Unidentified Anomalous Phenomena) कहते हैं। उड़न तश्तरियों का रहस्य केवल कल्पना मात्र नहीं है, बल्कि यह विज्ञान, राष्ट्रीय सुरक्षा और दर्शन का एक जटिल मिश्रण बन चुका है।

*-फीचर डेस्क*

### ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य या कल्पना की शुरुआत

उड़न तश्तरियों का आधुनिक इतिहास 24 जून 1947 को शुरू हुआ। अमेरिकी पायलट केनेथ अर्नोल्ड ने वाशिंगटन राज्य में माउंट रेनियर के पास नौ चमकदार वस्तुओं को एक अजीब गति से उड़ते देखा। उन्होंने उनके उड़ने की शैली का वर्णन करते हुए कहा, "वे पानी पर फेंकी गई तश्तरी (Saucer) की तरह उछल रहे थे।" अखबारों ने इस वाक्यांश को 'फ्लाइंग सॉसर' (Flying Saucer) बना दिया और यहीं से इस शब्द ने वैश्विक पहचान बनाई।

उसी वर्ष न्यू मेक्सिको के रोजवेल में एक कथित दुर्घटना हुई, जिसने इस रहस्य को और गहरा कर दिया, हालांकि अमेरिकी सेना ने इसे एक मौसम संबंधी गुब्बारा बताया, लेकिन साजिश के सिद्धांतों (Conspiracy Theories) ने जोर पकड़ा कि सरकार ने एलियंस के मलबे और उनके शरीर को छिपा लिया है।

### प्राचीन सभ्यताओं में संकेत

दिलचस्प बात यह है कि उड़न तश्तरियों के प्रमाण केवल आधुनिक युग तक सीमित नहीं हैं। भारत के प्राचीन ग्रंथों में 'विमानों' का वर्णन मिलता है, जो हवा में अविश्वसनीय गति से उड़ सकते थे। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की गुफाओं में मिले 10,000 साल पुराने शैलचित्रों में ऐसी आकृतियां देखी गई हैं, जो आधुनिक अंतरिक्ष यात्रियों और तश्तरीनुमा यानों जैसी दिखती हैं। इसी तरह प्राचीन मिस्र, सुमेरियन और माया सभ्यताओं की कलाकृतियों में भी 'आकाश से आए देवताओं' और उनके उड़ने वाले रथों का उल्लेख मिलता है, जिसे आज के 'प्राचीन अंतरिक्ष यात्री सिद्धांतवादी' (Ancient Alien Theorists) एलियंस के आगमन से जोड़कर देखते हैं।

### भौतिक विज्ञान की चुनौतियां

UFO की सबसे रहस्यमयी बात उनकी गतिशीलता है। चश्मदीदों और रडार डेटा के अनुसार, ये वस्तुएं अचानक स्थिर अवस्था से हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं। वे बिना किसी पंख (wings) या स्पष्ट प्रोपल्शन इंजन के उड़ती हैं और 'सोनिक बूम' पैदा किए बिना ध्वनि की गति को पार कर जाती हैं। भौतिक विज्ञान के नियमों के अनुसार, इतनी तीव्र गति से दिशा बदलने पर किसी भी मानव शरीर या पारंपरिक विमान के परखच्चे उड़ सकते हैं। यह संकेत देता है कि यदि ये यान वास्तविक हैं, तो इनके पास 'गुरुत्वाकर्षण-विरोधी' (Anti-gravity) तकनीक है, जो वर्तमान मानव विज्ञान की समझ से बहुत आगे है।

### रहस्य या रणनीति

दशकों तक UFO को केवल लोगों का भ्रम या कल्पना माना गया, लेकिन 2017 के बाद परिदृश्य बदल गया। अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने आधिकारिक तौर पर तीन वीडियो जारी किए, जिन्हें नौसेना के पायलटों ने रिकॉर्ड किया था। इन वीडियो में 'टिक-टैक' (Tic-Tac) आकार की वस्तुएं भौतिकी के नियमों को धता बताते हुए समुद्र के ऊपर उड़ती दिखीं।

सरकारें अब इसे 'एलियंस' के बजाय 'राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे' के रूप में देख रही हैं। चिंता इस बात की है कि क्या चीन या रूस जैसे प्रतिस्पर्धी देशों ने ऐसी कोई 'हाइपरसोनिक' तकनीक विकसित कर ली है, जो अमेरिकी रडार को चकमा दे सके। इसी कारण से अमेरिका ने 'AARO' नामक विभाग बनाया है, जो इन घटनाओं की वैज्ञानिक जांच करता है।

### मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक प्रभाव

उड़न तश्तरियों के रहस्य का एक पहलू सामूहिक मनोविज्ञान भी है। शीत युद्ध के दौरान, आसमान में उड़ने वाली अज्ञात वस्तुओं का डर अक्सर जासूसी विमानों का होता था। वहीं, हॉलीवुड फिल्मों (जैसे E.T., Independence Day) ने हमारे मन में एलियंस की एक खास छवि गढ़ दी है। कई बार लोग तारों, ग्रहों (विशेषकर शुक्र), उपग्रहों (जैसे एलन मस्क की स्टारलिंक सेटेलाइट) या पक्षियों के झुंड को गलती से UFO समझ लेते हैं।

उड़न तश्तरियों का रहस्य आज भी अनसुलझा है, हालांकि अब तक कोई ऐसा ठोस प्रमाण सार्वजनिक नहीं हुआ है, जो यह साबित कर सके कि ये यान किसी दूसरे ग्रह से आए हैं, लेकिन हजारों की संख्या में विश्वसनीय गवाह (पायलट, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी) इस बात की पुष्टि करते हैं कि आसमान में कुछ ऐसा है, जो हमारी समझ से परे है। ब्रह्मांड की विशालता को देखते हुए, जहां अरबों आकाशगंगाएं और अनगिनत पृथ्वी जैसे ग्रह हैं, यह मानना तर्कसंगत लगता है कि हम अकेले नहीं हैं। शायद उड़नतश्तरियां केवल यान नहीं, बल्कि ब्रह्मांड के उस सत्य का द्वार हैं, जिससे हमारा सामना होना अभी बाकी है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,248.61 | 25,496.55 |
| गिरा/बढ़त | 27.46 | 14.05 |
| प्रतिशत में | 0.03 | 0.06 |

सोना 1.62 लाख प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,70,500 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजीनेस ब्रीफ

### फूड ऐप 'टोइंग' का एनसीआर में प्रवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किफायती फूड डिलिवरी ऐप टोइंग ने दिल्ली-एनसीआर में विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अब टोइंग दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद के ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध होगा। यह पुणे, आगरा, वडोदरा, गुवाहाटी, नासिक और नागपुर में पहले से उपलब्ध है। कंपनी अपने ऐप पर खाद्य पदार्थों की सबसे कम कीमतों का दावा करती है। इसके अलावा, किसी भी ऑर्डर पर कोई पैकेजिंग शुल्क या प्लेटफॉर्म शुल्क नहीं लेती है।

### इनविट निवेशकों को तिमाही में मिला 5,565 करोड़ का 'रिटर्न'

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बाजार में सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में करीब चार लाख यूनिटधारकों को कुल 5,565 करोड़ रुपये का 'रिटर्न' वितरित किया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में यूनिटधारकों को 4,287 करोड़ रुपये का रिटर्न या प्रतिफल मिला था। भारत इनविट संघ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एन.एस. वेंकटेश ने कहा, इनविट परिवेश तंत्र विस्तार के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसमें घरेलू एवं वैश्विक निवेशकों की भागीदारी बढ़ रही है।

### बंधन बैंक में बड़ी हिस्सेदारी खरीदेगा एसबीआई

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसबीआई म्यूचुअल फंड के बंधन बैंक में 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बंधन बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने 25 फरवरी, 2026 के पत्र के माध्यम से एसबीआई म्यूचुअल फंड को बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों में अधिकतम 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की अनुमति प्रदान की है।

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आवेदक पत्र की तारीख से एक वर्ष के भीतर प्रस्तावित प्रमुख हिस्सेदारी हासिल नहीं करता है, तो मंजूरी स्वत: निरस्त मानी जाएगी। साथ ही एसबीआई म्यूचुअल फंड की कुल हिस्सेदारी किसी भी समय बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों के 9.99 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### डब्ल्यूटीओ में भारत की व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा इस साल जुलाई में होगी। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि व्यापार नीतियों की इस समीक्षा से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीबीआईसी के सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने किया।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वाराणसी स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। यहां वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच निरंतर समन्वय आवश्यक है। उन्नत तकनीकों को शीघ्रता से खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। फोटो • एजेंसी

# ट्रेन के सफर में स्विगी के भोजन का स्वाद

**मुंबई, एजेंसी।**

- **स्विगी, आईआरसीटीसी की 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा अब 152 स्टेशन पर उपलब्ध**

ऑनलाइन ऑर्डर पर खाद्य एवं पेय पदार्थ की आपूर्ति करने वाली क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर अपनी ''फूड ऑन ट्रेन'' सेवा का विस्तार देशभर के 152 स्टेशन तक कर लिया है। कंपनी ने यह उपलब्धि एक साल में हासिल की है। यह सेवा एक वर्ष पहले 70 स्टेशन पर उपलब्ध थी। स्विगी ने बृहस्पतिवार बताया कि यह विस्तार देशभर में विविध व्यंजनों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। बयान के अनुसार, कंपनी की योजना भारत के प्रमुख जंक्शन के साथ-साथ क्षेत्रीय स्टेशन जैसे इटारसी (मध्य प्रदेश), तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) और खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) पर अधिक ध्यान देकर विविधता लाने पर भी है। स्विगी ने बताया कि उसकी ''फूड ऑन ट्रेन'' सेवा का नेटवर्क विस्तार 117 प्रतिशत बढ़ा है। यह सेवा फरवरी, 2025 में 70 स्टेशन पर उपलब्ध थी जिसका फरवरी, 2026 तक 152 स्टेशन पर विस्तार किया गया।




### होली के लिए विशेष तैयारी

कंपनी ने 28 फरवरी से आठ मार्च तक यात्रियों के लिए होली से जुड़े विशेष भोजन उपलब्ध करने की भी घोषणा की। साथ ही 'ट्रेन के अनुकूल' व्यंजनों के मेन्यू का विस्तार किया गया है जिसे तेज गति एवं सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। स्विगी में खाद्य रणनीति, ग्राहक अनुभव एवं नई पहल के उपाध्यक्ष दीपक मालू ने कहा, 'यह देशव्यापी विस्तार होली के त्योहार के मद्देनजर एकदम सही समय पर हुआ है। हम प्रमुख जंक्शन से लेकर इटारसी, तिरुनेलवेली और खड़गपुर जैसे क्षेत्रीय स्टेशन तक 'ट्रांजिट हब' (पारगमन केंद्र) पर जोर देकर विविधता पर ध्यान केंद्रित करेंगे।'

# सोशल मीडिया पोस्ट के साथ नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर का उल्लेख जरूरी

## सोशल मीडिया पर शेयर मार्केट सम्बंधी सामग्री डालने पर सेबी के निर्देश, एक मई से होंगे लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **होमपेज पर सभी पंजीकरणों की सूची वाला एक वेब लिंक देना होगा**
- **प्रत्येक पोस्ट में पंजीकरण ब्योरा देना होगा अनिवार्य**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को अपने नियमन दायरे में आने वाली सभी इकाइयों और उनके एजेंट को निर्देश दिया कि वे सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिभूति बाजार से संबंधित सामग्री डालते समय अपना पंजीकृत नाम और पंजीकरण संख्या का उल्लेख करें।

सेबी का यह निर्देश शेयर ब्रोकर, म्यूचुअल फंड कंपनियों, संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमएसी), निवेश सलाहकार, शोध विश्लेषक, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ), पोर्टफोलियो प्रबंधकों और अन्य पर लागू होगा। सेबी ने अपने परिपत्र में कहा, ''''सोशल मीडिया के इस्तेमाल और स्वीकार्यता में तेजी से बढ़ोतरी होने के साथ इस बात की जरूरत महसूस की जा रही है कि नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयों को सोशल मीडिया पर प्रतिभूति बाजार से संबंधित सामग्री डालते समय अपना पंजीकरण संख्या और नाम बताया जाना चाहिए।" ये नियम एक मई 2026 से लागू हो जाएगा।

बाजार नियामक ने कहा कि इससे निवेशक यह पहचान सकेगा कि सोशल मीडिया पर डाली गई सामग्री सेबी के नियमन वाली इकाई या उसके एजेंट की तरफ से डाली गई है। इसके साथ ही सेबी ने कहा कि कई पंजीकरण रखने वाली इकाइयों को अपने होमपेज पर सभी पंजीकरणों की सूची वाला एक वेब लिंक देना होगा और हर सामग्री में जरूरी पंजीकरण ब्योरा देना होगा।

इसके अलावा, एजेंट को अपने पंजीकरण ब्योरे के साथ प्रमुख इकाई के पंजीकरण ब्योरे की भी जानकारी देनी होगी। इन नए नियमों का मकसद पारदर्शिता बढ़ाना और निवेशकों का संरक्षण करना है। ये नियम एक मई, 2026 से प्रभावी होंगे।

### सोशल मीडिया पर प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को लेकर डाली जा रही है गलत जानकारी : पासवान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सोशल मीडिया पर असर रखने वाले लोग गलत बात'' फैला रहे हैं कि प्रसंस्कृत खाद्य नुकसानदायक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ''इन्फ्लूएंसर'' द्वारा फैलाई जा रही इस तरह की गलत धारणा का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताई और साथ ही चेताया कि इससे क्षेत्र के विकास में बाधा आ सकती है। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान-कुंडली (निफ्टेम-के) द्वारा आयोजित तीन दिन के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ''अनवेष-2026'' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पासवान ने कहा कि यह सोच कि प्रसंस्कृत खाद्य का मतलब अच्छा नहीं हैको ऑनलाइन पर सक्रियता से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम न केवल अपने देश में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इस चुनौती का सामना कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, इससे इस क्षेत्र पर असर पड़ रहा है और यह और बढ़ेगा। हमें इस बात का मुकाबला करने की ज़रूरत है।मंत्री ने कहा कि एकल परिवार और कामकाजी जोड़ों के बढ़ने के साथ तैयार और खाने को तैयार उत्पाद आधुनिक जीवनशैली का ज़रूरी हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा, पहले, हम घर पर चटनी और सॉस बनाते थे, लेकिन हमें ये चीजें तुरंत तैयार चाहिए। अगर कोई गलत कहानी बनाई जाती है, तो हम इस क्षेत्र के लिए वैसा विकास नहीं देख सकते जैसा हम सोचते हैं। पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर एक समिति बनाई है, जिसकी दूसरी बैठक में हाल ही में ऐसे संदेशों का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा हुई। उन्होंने उद्योग जगत के अगुवा लोगों से इस मुद्दे की ज़िम्मेदारी लेने की अपील की।

# सोने की चमक कायम रहने की उम्मीद : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**



वैश्विक स्तर पर डॉलर के प्रभाव में कमी, राजकोषीय दबाव और बढ़ते वैश्विक तनावों के कारण दुनिया में वित्तीय व्यवस्था में हो रहे बदलावों को देखते हुए सोने का दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है और इसमें तेजी बने रहने की उम्मीद है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (एमओएफएसएल) ने सोने पर अपनी तिमाही रिपोर्ट में कहा कि 2026 की शुरुआत में सोने की कीमत 5,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई। यह आधुनिक इतिहास में सबसे मजबूत दीर्घकालिक तेजी के दौर में से एक है।

रिपोर्ट के अनुसार, सोना 'संरचनात्मक रूप से पुनर्मूल्यांकन चरण'' में प्रवेश कर चुका है। यह चक्रीय तेजी के बजाय एक नए ''सुपरसाइकल'' की शुरुआत का संकेत है। एमओएफएसएल को उम्मीद है कि अगले 12 महीनों में कॉमेक्स सोने की कीमत 6,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस (घरेलू बाजार में 1.85 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम) के आसपास स्थिर होगी। यदि वैश्विक स्तर पर तनाव और राजकोषीय उपाय तेज होते हैं तो मध्यम अवधि में यह 7,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक भी पहुंच सकती है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के जिंस शोध मामलों के प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, 'सोने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सीमित खदान उत्पादन, प्रमुख बाजारों में घटते भंडार और बढ़ती उत्पादन लागत के कारण वैश्विक भौतिक आपूर्ति में कमी ने भी कीमती धातुओं की कीमतों को उच्चस्तर पर बनाये रखा है। घरेलू बाजार में, रुपये के मूल्य में गिरावट और खुदरा खरीदारों की मजबूत लिवाली से मांग में वृद्धि हुई है।

# कार्बन ट्रेडिंग मंच सितंबर तक चालू होने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**




केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में कार्बन ट्रेडिंग मंच सितंबर तक चालू होने की संभावना है। यह कदम नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव को गति प्रदान करेगा। श्री प्रसाद यहां 'इंडिया एनर्जी' शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

बताया कि भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट (एक गीगावाट अर्थात 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसको देखते हुए यह महत्वपूर्ण है। देश में बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर की धीमी गति को देखते हुए यह नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक व्यवहारिक बनाने में भी सहायक हो सकता है। प्रसाद ने कहा, ''''कार्बन ट्रेडिंग मंच सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और सितंबर तक इसके शुरू होने की पूरी संभावना है। इसके शुरू होने से नवीकरणीय ऊर्जा को गति मिलेगी। विशेष रूप से वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने वाला होगा।' उन्होंने यह भी बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पीपीए पर हस्ताक्षर नहीं हो पा रहे हैं। इसका मतलब है कि हमें इसे करने के लिए किसी अन्य संरचना की आवश्यकता है।

# डीजीसीए करेगा 38 सलाहकारों की भर्ती, अंतिम तिथि 23 मार्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) उड़ान योग्यता, हवाई सुरक्षा और अन्य निदेशालयों के लिए 38 सलाहकारों की भर्ती करने जा रहा है। नागर विमानन नियामक कर्मचारियों की कमी का सामना कर रहा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार, उड़ान योग्यता निदेशालय में 24 और हवाई सुरक्षा निदेशालय में छह सलाहकारों के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं विधिक मामलों के निदेशालय (डीआईआरएलए) में पांच वरिष्ठ सलाहकार और दो सलाहकार नियुक्त किए जाएंगे। एक अन्य सार्वजनिक सूचना के मुताबिक, उड़ान प्रशिक्षण निदेशालय में भी एक सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी।

# ट्रैफिक रूल तोड़े तो कटेंगे नम्बर निलम्बित होगा लाइसेंस

**नई, दिल्ली, एजेंसी**

- **जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने को 'ग्रेड' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली की तैयारी**



सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए ''ग्रेड'' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है। इसके तहत यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंक काटे जाएंगे और गंभीर या बार-बार उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकेगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में हर वर्ष करीब 1.8 लाख लोगों की मौत मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, तेज रफ्तार, गलत दिशा में जाने या नशे में गाड़ी चलाने जैसे कारणों से होती है।

राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार सड़क सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है। गडकरी ने बताया कि सरकार पहले ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ा चुकी है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने कहा, हम ड्राइविंग लाइसेंस में ''ग्रेडेड अंक प्रणाली' ला रहे हैं।' मंत्री ने समझाते हुए कहा कि यातायात उल्लंघन पर कुछ अंक काटे जाएंगे। यदि सभी अंक समाप्त हो जाते हैं तो दोषी का लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है या अपराध दोहराने पर रद्द भी किया जा सकता है। यह योजना जल्द ही शुरू की जाएगी। गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में से 72 प्रतिशत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोग हैं। 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 लोगों की दुर्घटनाओं में जान गई। हेलमेट का उपयोग न करने से 54,122, सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करने से 14,466 जबकि तेज रफ्तार के कारण 1.2 लाख लोगों की जान गई।

# चार मार्च को खुलेगा सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) चार मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। ऊपरी सीमा पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है।

यह निर्गम चार मार्च को खुलेगा और छह मार्च को बंद होगा। बड़े निवेशक दो मार्च को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। यह पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है जिसमें प्रवर्तक मनीष शर्मा और अश्विनी अमित दीक्षित सहित अन्य निवेशक कुल 80,43,300 शेयर बेचेंगे।

## जानकारी

### नो कॉस्ट ईएमआई के छिपे हुए खतरे और नुकसान

# 'नो कॉस्ट ईएमआई' क्या एक स्कैम है! जानिए बारीकियां

**कारोबार डेस्क**

तकनीकी रूप से यह कोई कानूनी "स्कैम" या धोखाधड़ी नहीं है, लेकिन यह मार्केटिंग का एक ऐसा खेल है जिसमें असली कीमत बारीक अक्षरों (फाइन प्रिंट) में छिपी होती है। यहाँ बताया गया है कि यह "नो कॉस्ट" का जादू असल में कैसे काम करता है:

**"नो कॉस्ट" असल में आपको कैसे महंगा पड़ता है :** बैंक और कंपनियां कभी भी मुफ्त में पैसा उधार नहीं देतीं। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बैंक ब्याज लेंगे ही, लेकिन उसे छिपाने के दो मुख्य तरीके अपनाए जाते हैं:

**छिपे हुए खतरे और नुकसान :** ब्याज पर जीएसटी: भले ही मर्चेंट ने आपको ब्याज पर छूट दे दी हो, लेकिन बैंक जो ब्याज लगाता है, उस पर आपको 18% जीएसटी अलग से देना पड़ता है। यह आपकी जेब से एक्स्ट्रा जाता है।

**क्रेडिट स्कोर पर असर:** हर ईएमआई एक तरह का लोन है। एक साथ कई ईएमआई चलाने से आपके क्रेडिट स्कोर पर असर पड़ सकता है।

**फिजूलखर्ची:** 50,000 की चीज़ जब 4,000 महीने पर दिखने लगती है, तो हम वो चीज़ें भी खरीद लेते हैं जिनकी हमें ज़रूरत नहीं होती। इसे ही "डेब्ट ट्रैप" कहते हैं।




### क्या नो कॉस्ट ईएमआई आपके लिए फायदेमंद है?

- यह आपके लिए सही हो सकता है यदि : जो समान आप नो कॉस्ट ईएमआई पर खरीद रहे हैं वो आप वैसे भी खरीदने ही वाले थे।
- नकद भुगतान करने पर कोई अलग से एक्स्ट्रा डिस्काउंट नहीं मिल रहा हो।
- आप हर महीने समय पर किस्त चुकाने का अनुशासन रखते हों।
- प्रो टिप : पेमेंट करने से पहले "टोटल इफेक्टिव प्राइस" ज़रूर देखें। अगर किस्तों का कुल योग और प्रोसेसिंग फीस मिलाकर एमआरपी से ज़्यादा है, तो वह "नो कॉस्ट" नहीं है।

- डिस्काउंट का खेल (डिस्काउंट ऑफसेट)

यह सबसे आम तरीका है। बैंक आपसे ब्याज लेता है, लेकिन रिटेलर उस ब्याज के बराबर की छूट आपको शुरू में ही दे देता है।

**उदाहरण :** मान लीजिए आप 30,000 का फोन खरीदते हैं और उस पर ब्याज 3,000 है।

**चाल :** दुकानदार फोन की कीमत 27,000 कर देगा। बैंक आपसे 27,000 लेगा और उस पर 3,000 ब्याज जोड़ेगा। आप अंत में 30,000 ही चुकाएंगे, लेकिन बैंक को उसका मुनाफा मिल गया।

- प्रोसेसिंग फीस का ''झटका''

भले ही ब्याज "माफ" दिख रहा हो, लेकिन लगभग हर नो कॉस्ट ईएमआई पर एक प्रोसेसिंग फीस लगती है। यह 199 से लेकर 1,000 तक हो सकती है। यह पैसा बैंक की सीधी कमाई है और यह कभी "फ्री" नहीं होता।

- नकद छूट (कैश डिस्काउंट) का नुकसान

अक्सर, अगर आप नकद या डेबिट कार्ड से पूरा भुगतान करते, तो आपको 5-10% की सीधी छूट मिल सकती थी। नो कॉस्ट ईएमआई चुनकर आप उस छूट को खो देते हैं, जिसका मतलब है कि वह सुविधा आपको महंगी पड़ी।


# सैमसंग के सस्ते स्मार्टफोन भी होंगे एआई से लैस

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** दिग्गज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी को अब अपने सस्ते स्मार्टफोन में मुहैया कराने जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को भी एआई सुविधाओं के लाभ मिल सकें।

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने तीसरी पीढ़ी की गैलेक्सी एआई सीरीज़ का प्रीमियम स्मार्टफोन ''एस26'' पेश करने के मौके पर बुधवार को यह जानकारी दी। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुल्लन ने कहा कि कंपनी एआई फीचर को अब अपने सबसे सस्ते मॉडल तक ले जा रही है। कंपनी ने हाल ही में 15,000 रुपये की शुरुआती कीमत में गैलेक्सी ए07 5जी मॉडल बाजार में उतारा है, जिसमें एआई से जुड़े फीचर दिए गए हैं।

# दूरसंचार कंपनियों का राजस्व 34 अरब डॉलर के पार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घरेलू दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की एक रिपोर्ट में भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि तिमाही के दौरान भारती एयरटेल का राजस्व सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया का दो प्रतिशत बढ़ा।

रिलायंस जियो के राजस्व में 11 प्रतिशत की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी। देश के दूरसंचार क्षेत्र के कुल राजस्व में इन तीनों कंपनियों की 'युक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही। एक साल पहले के मुकाबले रिलायंस जियो की राजस्व हिस्सेदारी सबसे अधिक 123 आधार अंक (1.23 प्रतिशत) बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गयी। एयरटेल की राजस्व हिस्सेदारी (39 आधार अंक) बढ़कर 39.5 प्रतिशत पर पहुंच गयी जबकि वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी 83 आधार अंक घटकर 13 फीसदी रह गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिलायंस जियो और एयरटेल का वर्चस्व आने वाले समय में और बढ़ेगा।

# सोना तस्करी मामला: रान्या राव के खिलाफ ईडी ने दखिल की चार्जशीट

बेंगलुरु, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय ने सोना तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव, उनके सहयोगी तरुण कोंडुरु और बल्लारी के स्वर्ण व्यापारी साहिल साकरिया जैन के खिलाफ बेंगलुरु की विशेष अदालत में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है।

जांच में सामने आया है कि मार्च 2024 से मार्च 2025 के बीच करीब 127.28 किलोग्राम विदेशी सोना अवैध रूप से भारत लाया गया। जौहरियों और बिचौलियों के नेटवर्क के जरिए इसे घरेलू बाजार में खपाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 102.55 करोड़ है। शुरुआत 3 मार्च 2025 को हुई, जब राजस्व खुफिया निदेशालय ने दुबई से लौटीं रान्या राव को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। अभिनेत्री के पास से 14.213 किलो सोने की छड़ें बरामद हुईं, बाद में उनके घर से 2.06 करोड़ के जेवर और 2.67 करोड़ की नकदी जब्त की गई।

### भारी कमीशन और बार-बार यात्राएं

ईडी की जांच के अनुसार, रान्या राव ने तस्करी के लिए कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कीं। रिपोर्टों के मुताबिक, वह प्रति किलोग्राम सोने की तस्करी पर 4 से 5 लाख रुपये तक का कमीशन लेती थीं। इस मामले में CBI ने DRI की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके आधार पर ED ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की। मई 2025 में ED ने कर्नाटक के 16 स्थानों पर छापेमारी कर कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और विदेशी मुद्रा भी बरामद की थी, जिन्हें अब सबूत के तौर पर चार्जशीट का हिस्सा बनाया गया है।

# ब्रिटेन: 40 साल पुराने हिंदू मंदिर पर बंद होने का खतरा, काउंसिल के बिक्री के फैसले से आक्रोश

लंदन/पीटरबरो, एजेंसी।

• 1986 से संचालित है मंदिर, फैसले के बाद प्रमुख हिंदू संस्थाओं ने जताया रोष




पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में स्थित 40 साल पुराने 'भारत हिंदू समाज मंदिर' और कम्युनिटी सेंटर पर बंद होने का काला साया मंडरा रहा है। स्थानीय पीटरबरो सिटी काउंसिल ने उस ऐतिहासिक भवन को बेचने का निर्णय लिया है, जिसमें यह मंदिर 1986 से संचालित है।

इस फैसले ने न केवल स्थानीय हिंदू समुदाय बल्कि ब्रिटेन की प्रमुख हिंदू संस्थाओं में भी भारी रोष पैदा कर दिया है। न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स स्थित इस मंदिर से कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक और लिंकनशायर के लगभग 13,000 से अधिक हिंदू जुड़े हुए हैं। मंदिर प्रशासन का आरोप है कि काउंसिल ने यह फैसला बिना किसी पारदर्शिता या समुदाय की सहमति के "बंद दरवाजों के पीछे" लिया है। समुदाय का कहना है कि यह केवल एक संपत्ति का मामला नहीं, बल्कि उनकी आस्था और दशकों पुरानी विरासत से जुड़ा सवाल है।

### 'टैक्सपेयर्स के पैसे' का हवाला

लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली पीटरबरो सिटी काउंसिल ने अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं (Taxpayers) के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य सुनिश्चित करना उनकी कानूनी जिम्मेदारी है। काउंसिल कैबिनेट की बैठक में तर्क दिया गया कि वित्तीय घाटे को कम करने के लिए सार्वजनिक संपत्तियों का उचित मूल्य पर बेचना आवश्यक है।

### हिंदू संगठनों ने खोला मोर्चा

वहीं, हिंदू काउंसिल यूके ने काउंसिल के इस कदम की कड़ी निंदा की है। संस्था ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मंदिर के "सामाजिक प्रभाव" और इसके स्वामित्व को समुदाय को हस्तांतरित करने की पूर्व प्रतिबद्धताओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। मंदिर समिति अब इस फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई और सार्वजनिक अभियान चलाने की तैयारी कर रही है ताकि उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बेघर होने से बचाया जा सके।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अम्मान समझौते' के तहत 86 परिवारों को मिली आजादी

**दमिश्क।** सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में महीनों से जारी अशांति को शांत करने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। सीरियाई सरकार और सशस्त्र समूहों के बीच हुए 'अम्मान समझौते' के तहत कैदियों और बंधकों की अदला-बदली की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हो गई। इस मानवीय पहल के जरिए कुल 86 सीरियाई परिवारों को राहत मिली है। समझौते के तहत सशस्त्र समूहों ने अपहरण किए गए 25 नागरिकों को रिहा किया, जिसके जवाब में सीरियाई अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए 61 बंदियों को छोड़ दिया। सीरियाई आंतरिक प्राधिकरण के प्रवक्ता नूरुद्दीन अल-बाबा ने इसे तनाव कम करने और शांतिपूर्ण मार्ग बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि क्षेत्र में स्थिरता के लिए अभी भी कई चुनौतियां बरकरार हैं।

### आदिवासी महिला पर हमले के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एक गर्भवती आदिवासी महिला पर हमले के विरोध में गुरुवार को जमकर बवाल हुआ। जनजाति सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने राज्य सचिवालय 'उत्तरकन्या' के घेराव की कोशिश की, जिसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज, आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। 23 दिसंबर को फांसीदेवा में जमीन विवाद के दौरान एक गर्भवती महिला पर हमला हुआ था, जिसमें उसके अजन्मे शिशु की मौत हो गई थी। प्रदर्शनकारी मुख्य आरोपी के लिए मृत्युदंड और फरार चार अन्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### अल कादिर ट्रस्ट मामले में इमरान की याचिका पर सुनवाई करेगा

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट अल-क़ादिर ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सज़ा के निलंबन की मांग को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान और बुशरा बीबी की याचिका की सुनवाई 11 मार्च को करेगा। एक जवाबदेही अदालत ने 17 जनवरी 2025 को खान और बीबी को 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में क्रमश: 14 और सात साल की सज़ा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि दोनों ने इमरान के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान ब्रिटेन से पाकिस्तान भेजे गये 50 अरब रुपए वैध बनाने के बदले अरबों रुपए और बहरिया टाउन में सैकड़ों कनाल ज़मीन रिश्वत के तौर पर ली थी। दोनों ने इसी सिलसिले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट का रुख़ किया।

# ट्रंप टैरिफ नहीं लगाते तो बेहतर होती अमेरिकी अर्थव्यवस्था :आईएमएफ

## अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत, लेकिन शुल्क और बढ़ते कर्ज से जोखिम बरकरार : रिपोर्ट

वॉशिंगटन, एजेंसी




अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इस वर्ष तेजी से बढ़ने के साथ ही बेरोजगारी में कमी आ सकती है। हालांकि, संघीय बजट घाटा और बढ़ता सरकारी कर्ज स्थिरता के लिए जोखिम बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह बात कही। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि यदि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ यानी आयात शुल्क नहीं होते, तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और बेहतर हो सकती थी।

आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का समग्र आकलन पेश किया है। 191 देशों के संगठन का विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बारे में आकलन मोटे तौर पर सकारात्मक है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) यानी वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल उत्पादन 2026 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है। यह वृद्धि 2025 में दर्ज 2.2 प्रतिशत की दर से अधिक होगी।

आईएमएफ का अनुमान है कि अमेरिका में बेरोजगारी दर 2025 के अंत में 4.5 प्रतिशत से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रह जाएगी। वहीं, महंगाई दर 2027 तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य तक आ सकती है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि फेडरल रिजर्व रेपो दर को मौजूदा 3.6 प्रतिशत से दर को घटाकर लगभग 3.4 प्रतिशत तक ला सकता है। इसने 2025 में नीतिगत ब्याज दर में तीन बार कटौती की थी। उन्होंने हालांकि आगाह किया कि अमेरिकी रोजगार बाजार में '''' अत्यधिक गिरावट'''' आने की स्थिति को छोड़कर, सरकार को और अधिक कटौती करने से बचना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को मजबूत उत्पादकता वृद्धि का लाभ मिला है।

आईएमएफ ने चेताया कि संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपेक्षा से अधिक आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। आईएमएफ ने संघीय सरकार के बढ़ते कर्ज पर भी चिंता जताई। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के अनुपात में पिछले वर्ष के लगभग 100 प्रतिशत से बढ़कर 2031 तक करीब 110 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

### ट्रंप के टैरिफ पर और भी हैं तीखीं प्रतिक्रियाएं

**यूरोपीय संघ (EU): 'डील इज ए डील'**

समझौते पर संकट : यूरोपीय संघ ने कहा है कि एक बार हुआ समझौता बदला नहीं जाना चाहिए। ईयू ने अगस्त 2025 में हुए उस व्यापार समझौते के भविष्य पर सवाल उठाए हैं, जिसमें शुल्क को 15% की सीमा तक सीमित रखने की बात थी। यूरोपीय संसद ने इस नई अनिश्चितता के विरोध में अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के अनुसमर्थन पर फिलहाल रोक लगा दी है।

**चीन: 'व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं'**

चीन ने ट्रंप के शुल्कों को आर्थिक दादागीरी" करार दिया है। इससे पहले 2025 में जब अमेरिका ने भारी शुल्क लगाए थे, तो चीन ने भी अमेरिकी कोयले, एलएनजी (LNG) और कच्चे तेल पर 10% से 15% का जवाबी शुल्क लगाकर पलटवार किया था। चीन ने दुर्लभ मृदा धातुओं के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया है, जो अमेरिकी चिप और हथियार उद्योग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### 109 साल बाद ब्रिटिश सरकार से युद्ध ऋण पर करोड़ों का दावा

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर के प्रसिद्ध दिवंगत व्यवसायी सेठ जुम्मा लाल रूठिया के पोते विवेक रूठिया ने दावा किया है कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार ने उनके दादा से 35,000 रुपये का 'युद्ध ऋण' लिया था, जो आज तक नहीं लौटाया गया। अब परिवार इस राशि की वसूली के लिए ब्रिटेन सरकार को कानूनी नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है।

65 वर्षीय विवेक रूठिया के अनुसार, साल 1917 में प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) के समय ब्रिटिश प्रशासन ने युद्ध प्रयासों के लिए स्थानीय धनाढ्य नागरिकों से आर्थिक सहायता मांगी थी। उन्हें अपने दादा की वसीयत में कुछ ऐतिहासिक दस्तावेज मिले हैं, जिनमें ब्रिटिश सरकार के साथ हुए इस लेनदेन का स्पष्ट उल्लेख है। विवेक रूठिया ने 4 जून, 1917 को भोपाल में ब्रिटिश 'पॉलिटिकल एजेंट' द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र पेश किया है। इसमें लिखा है— "सेठ जुम्मा लाल ने भारतीय युद्ध ऋण के लिए 35,000 रुपये दिए और इस तरह सरकार एवं साम्राज्य के प्रति अपनी वफादारी दिखाई।

# पश्चिम बंगाल चुनाव जीतेगी भाजपा, हर घुसपैठिये को बाहर निकालेंगे : शाह

अररिया (बिहार), एजेंसी

• संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का होगा गठन



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि भाजपा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतेगी और राज्य से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालेगी। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय बदलाव से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में पश्चिम बंगाल शामिल है। शाह ने यह बात बिहार के अररिया जिले में कही, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया और दो नए सीमा चौकियों को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि देश से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालना भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कहा कि ये लोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि गरीबों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उनके प्रभाव को भी कम करते हैं। शाह ने कहा कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ से सीमावर्ती इलाकों में अतिक्रमण भी बढ़ता है और इसे हटाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव का खतरा भी पैदा करती है, जो किसी क्षेत्र की संस्कृति और यहां तक कि उसकी भौगोलिक स्थिति को भी प्रभावित कर सकती है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनसांख्यिकीय बदलाव का अध्ययन करने और सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जनसांख्यिकीय बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं।

शाह ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत बिहार के सीमांचल क्षेत्र से होगी, जहां वे कुछ महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान चार दिन तक रुके थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आलोचना के बावजूद भाजपा ने बिहार चुनाव में घुसपैठ का मुद्दा उठाया था। शाह ने कहा कि घुसपैठ रोकने में एसएसबी की अहम भूमिका है।

# इतिहास सही पढ़ाते तो औरंगजेब नायक नहीं बनता: फडणवीस

मुंबई, एजेंसी



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर पिछले 70 साल के दौरान स्कूलों में इतिहास को सही ढंग से पढ़ाया जाता, तो कोई भी मुसलमान मुगल बादशाह औरंगजेब को नायक नहीं मानता। उन्होंने मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज और मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के बीच तुलना करने के प्रयासों की भी निंदा की।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। फडणवीस ने कहा कि एनसीईआरटी की पुस्तकों में पहले मुगलों पर 17 पृष्ठ और शिवाजी महाराज पर केवल एक पृष्ठ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अब शिवाजी महाराज और मराठा इतिहास के लिए 20 पृष्ठ सुनिश्चित किये हैं। औरंगजेब को नायक मानने वालों का हमेशा विरोध करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह टीपू सुल्तान के अच्छे या बुरे होने की बहस में नहीं पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, हम टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी महाराज की किसी भी तरह की तुलना का विरोध करेंगे। टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, लेकिन उन्होंने ऐसा अपने राज्य को बचाने के लिए किया। लेकिन उन्होंने 75,000 हिंदुओं और 33,000 नायर को भी मार डाला।

# परमाणु वार्ता: युद्ध की आहट के बीच जिनेवा में कूटनीति का अंतिम अवसर

जिनेवा, एजेंसी

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और तेहरान के बीच गुरुवार को जिनेवा में तीसरे दौर की उच्चस्तरीय वार्ता हुई। इसे कूटनीति का आखिरी मौका माना जा रहा है, क्योंकि एक तरफ टेबल पर बातचीत चल रही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने दबाव बनाने के लिए पश्चिम एशिया में युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों का भारी बेड़ा तैनात कर दिया है।

पिछले साल जून के बाद से दोनों देशों के बीच यह तीसरे दौर की सीधी बातचीत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस वार्ता के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त सीमाएं थोपना चाहते हैं। वाशिंगटन का मानना है कि ईरान के भीतर बढ़ता नागरिक असंतोष और हालिया विरोध प्रदर्शन तेहरान को समझौते की मेज पर झुकने के लिए मजबूर कर सकते हैं। अमेरिकी रक्षा सूत्रों के अनुसार, सैन्य तैनाती का उद्देश्य केवल सुरक्षा सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि ईरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना भी है।

### 'विनाशकारी होगा युद्ध' : ईरान



दूसरी ओर, ईरान अपने रुख पर अडिग है। तेहरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह यूरेनियम संवर्धन (Uranium Enrichment) के अपने अधिकार को नहीं छोड़ेगा। जिनेवा रवाना होने से पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका हमला करता है, तो पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य अड्डे उनके निशाने पर होंगे। कहा कि यह युद्ध किसी की जीत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए 'विनाशकारी' होगा। अराघची ने एक साक्षात्कार में कहा कि चूंकि अमेरिकी सैन्य ठिकाने पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैले हुए हैं, फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें जिनेवा वार्ता के नतीजों पर टिकी हैं, क्योंकि यहां से निकलने वाला निष्कर्ष तय करेगा कि क्षेत्र शांति की ओर बढ़ेगा या एक बड़े सैन्य संघर्ष की ओर।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष:** आज आपको अपने कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान करेंगे। सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे।

**वृष:** आज सत्पुरुषों से संपर्क बढ़ेगा। विनम्र व्यवहार के कारण व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

**मिथुन:** आज आपका काम में मन नहीं लगेगा। अनावश्यक विचारों से स्वयं को बचाएं। शांत और धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**कर्क:** आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। व्यापार में बड़ी साझेदारी होगी। शरीर में थकावट व ऊर्जा की कमी महसूस करेंगे।

**सिंह:** आज व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पुराने दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**कन्या:** आज अनुभवी लोगों की राय से लाभ होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण पा लेंगे। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे।

**तुला:** आज अनावश्यक यात्रा न करें। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होना पड़ सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज वैवाहिक जीवन बेहद रोमांटिक रहेगा। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु:** आज व्यवसाय में वृद्धि के लिए निवेश कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**मकर:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। अधिकारीगण आपकी विचारों को तवज्जो देंगे।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है। कोई नया काम शुरू न करें।

**मीन:** आज कारोबार में नव प्रयोग करना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

## रेलवे में डिजिटल क्रांति

ई-आरसीटी' प्रणाली रेलवे दावा न्यायाधिकरण को पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित और पारदर्शी बनाएगी


# ऑनलाइन कर सकेंगे रेल हादसों व सामान चोरी के दावों का निपटारा

नई दिल्ली | एजेंसी

रेल यात्रियों के लिए अब ट्रेन हादसों, अनहोनी घटनाओं या सामान के नुकसान और चोरी के मामलों में क्षतिपूर्ति का दावा करना बेहद आसान होने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी योजना '52 हफ्तों में 52 सुधार' के तहत तीसरे और चौथे बड़े सुधार के रूप में 'ई-आरसीटी' (e-RCT) और 'रेलटेक नीति' की घोषणा की।

इस नई डिजिटल प्रणाली के माध्यम से कोई भी पीड़ित यात्री देश के किसी भी कोने से रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) के समक्ष ऑनलाइन अपना दावा पेश कर सकेगा। अब तक यात्रियों को दावा फाइल करने के लिए सही क्षेत्राधिकार चुनने और भौतिक रूप से न्यायाधिकरण के दफ्तरों के चक्कर काटने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर उन यात्रियों के लिए जो अपने गृह राज्य से दूर यात्रा कर रहे हों, लेकिन अब ई-आरसीटी प्रणाली इन बाधाओं को पूरी तरह खत्म कर देगी।

रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगले 12 महीनों के भीतर देश भर में मौजूद रेलवे दावा न्यायाधिकरण की सभी 23 पीठों को पूरी तरह डिजिटाइज़ कर दिया जाएगा। ई-फाइलिंग से लेकर मामले की सूचना प्रणाली तक की पूरी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आधारित होगी, जिससे न्यायिक निर्णयों की गति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।



वैष्णव ने कहा कि यदि यह डिजिटल मॉडल सफल रहता है, तो इसी तरह के समाधान भविष्य में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण जैसे अन्य निकायों में भी लागू किए जा सकते हैं। अब यात्रियों और उनके वकीलों को दस्तावेज जमा करने या केस को ट्रैक करने के लिए व्यक्तिगत रूप से दफ्तर जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे अपने स्थान की परवाह किए बिना कभी भी ऑनलाइन मामला दर्ज कर सकेंगे और उसकी प्रगति देख सकेंगे।इसके साथ ही, रेलवे में अत्याधुनिक तकनीक को व्यवस्थित तरीके से शामिल करने के लिए 'रेलटेक नीति' को भी मंजूरी दी गई है।

यह नई नीति रक्षा क्षेत्र, इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के स्टार्टअप ढांचे और टेलीकॉम नवाचार नीति जैसे सफल मॉडलों का अध्ययन करने के बाद तैयार की गई है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य पुराने और जटिल ठेकेदारी सिस्टम को हटाकर एक ऐसा नवाचार-संचालित ढांचा तैयार करना है, जहां स्टार्टअप्स, शोधकर्ता और इनोवेटर्स भारतीय रेलवे के साथ आसानी से जुड़ सकें।


अब कोई भी व्यक्ति जिसके पास रेलवे के लिए कोई मजबूत तकनीकी आइडिया हो, वह एक समर्पित 'रेलटेक पोर्टल' के जरिए सीधे संपर्क कर सकेगा। यह पोर्टल पूरी तरह डिजिटल होगा और नई तकनीक के परीक्षण व उसे अपनाने की प्रक्रिया को बेहद सरल बना देगा, जिससे भारतीय रेलवे को वैश्विक स्तर की आधुनिक तकनीक से लैस करने में मदद मिलेगी।

### वकीलों और दफ्तरों के चक्करों से मुक्ति

पुराने सिस्टम में यात्रियों और वकीलों को दस्तावेज जमा करने और केस की प्रगति देखने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायाधिकरण के दफ्तर जाना पड़ता था। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत कहीं से भी आवेदन : यात्री अपने घर या गंतव्य स्टेशन से ही इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दावा फाइल कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आधारित होगी, जिससे न्यायिक निर्णय लेने की गति तेज होगी। केस फाइलिंग से लेकर अंतिम फैसले तक की पूरी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 27 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 22 .32 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- आर्द्रा 22 .48 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

### सुडोकू -74

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |



“कश्मीर की जमीं में बहुत संभावनाएं है। यहां एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। आने वाले समय में गुलमर्ग शीतकालीन खेलों का वैश्विक हब होगा। अब शीतकालीन खेल 15 दिन आयोजित करेंगे।

–मनसुख मांडविया, खेल मंत्री


# स्टेडियम

लखनऊ, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| न्यूजीलैंड-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



चैंपियंस लीग प्लेऑफ फुटबॉल मैच के दौरान गोल का प्रयास करते रियल मैड्रिड के अर्डा गुलर (बाएं) और बेनफिका के लिएंड्रो बैरेइरो बॉल।

### चैंपियंस लीग के अगले दौर में रियल मैड्रिड

**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने बुधवार को बेनफिका के खिलाफ फिर से विजयी गोल दागा जिससे रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहा। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) भी मोनाको को हराकर प्लेऑफ से आगे बढ़ गया जबकि अटलांटा ने बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल करके प्रतियोगिता में इटली की भागीदारी को बरकरार रखा। लेकिन युवेंटस दूसरे चरण में वापसी करने में नाकाम रहा और गैलाटासराय से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

### सिमोन बाइल्स बनीं लॉरियस की एंबेसडर

**नई दिल्ली।** सात बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को लॉरियस का एंबेसडर नियुक्त किया है। इस तरह से वह लॉरियस का एंबेसडर बनने वाले कई स्टार खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गई हैं। इन खिलाड़ियों में भारतीय भाला फेंक के दिग्गज नीरज चोपड़ा और विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हैं। बाइल्स के नाम पर जिम्नास्टिक के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड है।

### गुकेश और नीमन का मैच रहा ड्रॉ

**प्राग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मिडिल गेम में कुछ तनावपूर्ण क्षणों से गुजरने के बाद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के पहले दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन के साथ ड्रॉ खेला। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले की यह अच्छी शुरुआत थी। नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गए।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारुक का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारुक मैरिकन अली का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई।

# लय में लौटे धुरंधर, विस्फोटक पारियां खेल जिम्बाब्वे को 72 रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : सुपर-8 में भारत ने 256 रनों का बनाया सबसे बड़ा स्कोर

**चेन्नई, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ चार विकेट पर 256 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा और मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरा जिम्बाब्वे निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सका और 72 रनों से हार गया।

पंड्या ने 23 गेंद में चार छक्कों और दो चौकों से नाबाद 50 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (नाबाद 44, 16 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 31 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। फॉर्म में वापसी करने वाले अभिषेक ने इससे पहले 30 गेंद में चार छक्कों और इतने ही चौकों से 55 रन की पारी खेलने के अलावा संजू सैमसन (24) के साथ पहले विकेट के लिए 48 और इशान किशन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करने भारत को ठोस मंच दिया।

कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने भी उपयोगी पारी खेली। जिम्बाब्वे के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए। ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार ओवर में 62 रन लुटाकर एक विकेट हासिल किया। ब्रेड इवांस ने भी चार ओवर में 52 रन खर्च किए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 80 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की।

सैमसन ने नगारवा की मैच की दूसरी गेंद पर छक्के से खाता खोला और फिर ब्लेसिंग मुजरबानी (43 रन पर एक विकेट) पर भी छक्का जड़ा। अभिषेक ने टिनोटेंडा मपोसा (40 रन पर एक विकेट) का स्वागत दो चौकों और एक छक्के से किया जिससे तीसरे ओवर में 23 रन बने। सैमसन हालांकि मुजरबानी के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर रेयान बर्ल को कैच दे बैठे। इशान ने भी नगारवा पर दो चौकों के साथ अच्छी शुरुआत की। अभिषेक ने ब्रेड इवांस और नगारवा पर भी छक्के जड़े। इशान 10वें ओवर में 26 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब ब्रायन बेनेट की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए गेंद को हवा में लहरा गए लेकिन बाउंड्री पर ताशिंगा मुसेकिवा उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी गेंद पर भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। अभिषेक ने रजा (29 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन के साथ 26 गेंद में टूर्नामेंट का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी रजा की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर नगारवा को कैच दे बैठे।

सूर्यकुमार भी भाग्यशाली रहे जब इवांस की गेंद पर बैवर्ड स्क्वायर लेग पर मुजरबानी उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। सूर्यकुमार ने दूसरे स्पैल के लिए आए मपोसा का स्वागत लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ किया लेकिन अभिषेक इसी ओवर में लॉन्ग ऑन पर रजा को कैच दे बैठे। उन्होंने 30 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और इतने ही चौके मारे। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए हार्दिक पंड्या ने रेयान बर्ल पर छक्के के साथ शुरुआत की।

सूर्यकुमार ने नगारवा पर छक्का जड़ा लेकिन एक गेंद बाद मुसेकिवा को कैच दे बैठे। उन्होंने 13 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और तीन चौके मारे। तिलक वर्मा ने इवांस पर छक्के के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।



रन लेते भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा। एजेंसी

- फार्म में लौटे अभिषेक वर्मा ने 30 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेल मजबूत शुरुआत दिलाई
- हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा के बीच 31 गेंद में 84 रन की हुई अटूट साझेदारी

### भारत

**256/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का बर्ल बो मुजरबानी | 24 |
| अभिषेक शर्मा का रजा बो मपोसा | 55 |
| इशान किशन का नगारवा को रजा | 38 |
| सूर्यकुमार का मुसेकिवा बो नगारवा | 33 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 50 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 44 |

**गेंदबाजी :** नगारवा 4-0-62-1, मुजरबानी 4-0-43-1, मपोसा 2-0-40-1, इवांस 4-0-52-0, रजा 3-0-29-1, बेनेट 2-0-16-0, बर्ल 1-0-10-0

# न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर

**कोलंबो, एजेंसी**

- स्पिनरों के सामने होगी इंग्लैंड की परीक्षा

अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा।

श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा। लेकिन न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया।

### टीम

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -3.800 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -5.350 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.491 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 3.050 |
| 3. पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -0.461 |
| 4. श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.800 |

# द. अफ्रीका लगभग सेमीफाइनल में

**अहमदाबाद, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एडेन मार्करम (नाबाद 82 रन) के अर्धशतक के साथ उनकी दो साझेदारियों से सुपर आठ के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। टीम ने अपनी बेहतरीन रणनीति की बदौलत जीत की लय जारी रखी। यह उनकी लगातार छठी जीत थी, जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर लगाम लगाई। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए जिससे मेजबान भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार से भारत की उम्मीदों को झटका लगा था। इस हार से कैरेबियाई टीम के नेट रन रेट पर असर पड़ा जो 5.350 से घटकर 1.791 हो गया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरा जिसने निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) के बीच रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए। फिर दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान मार्करम के अर्धशतक और क्विंटन डिकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 95 रन की भागीदारी और रेयान रिकलटन (नाबाद 45 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82 रन की अटूट साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर में 69 रन बनाकर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने नियंत्रण बनाए रखा। मार्करम और डिकॉक ने तेज गेंदबाजों और स्पिनर दोनों पर आराम से रन जुटाकर शानदार साझेदारी की। डिकॉक ने 24 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। लेकिन वह लांग ऑन पर जेसन होल्डर को कैच देकर आउट हो गए।मारक्रम ने गुडाकेश मोती की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रिकलटन क्रीज पर उतरे और उन्होंने मारक्रम का अच्छा साथ निभाया। मारक्रम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया। इससे पहले पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे। इसमें दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा (दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (तीन विकेट) ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया।



जीत दर्ज करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम (दाएं) और रयान रिकेल्टन।

- वेस्टइंडीज को 16.1 ओवर में नौ विकेट से हराया
- कैरेबियाई टीम का नेट रन रेट 5.350 से घटकर हो गया 1.791
- भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें हो गई मजबूत

### वेस्टइंडीज

**176/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ब्रैंडन किंग का डिकॉक बो एनगिडी | 21 |
| शाई होप का डिकॉक बो रबाडा | 16 |
| हेटमायर का महाराज बो रबाडा | 02 |
| रोवमैन का ब्रेविस बो एनगिडी | 09 |
| रोस्टन चेस बो एनगिडी | 02 |
| रदरफोर्ड का डिकॉक बो बॉश | 12 |
| जेसन होल्डर रन आउट | 49 |
| मैथ्यू फोर्डे का रिकेल्टन बो बॉश | 11 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 52 |
| गुडाकेश मोती नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** केशव महाराज 4-0-43-0, मार्को यानसेन 4-0-50-0, कागिसो रबाडा 4-0-22-2, लुंगी एनगिडी 4-0-30-3, कॉर्बिन बॉश 4-0-31-2

### दक्षिण अफ्रीका

**177/1** (16.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम नाबाद | 82 |
| क्विंटन डिकॉक का होल्डर बो चेस | 47 |
| रेयान रिकलटन नाबाद | 45 |

**गेंदबाजी :** मैथ्यू फोर्डे 3-0-30-0, रोमारियो शेफर्ड 2-0-22-0, जेसन होल्डर 3.1-0-31-0, शमार जोसफ 2-0-24-0, गुडाकेश मोती 2-0-24-0, रोस्टन चेस 4-0-46-1

# सैंटनर जैसा कप्तान महसूस कराता है अभेद्य : रचिन

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के आलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह हैं और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं।

रविंद्र ने इस मैच में 32 रन बनाए और 19 रन देकर चार विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कप्तान सैंटनर की 26 गेंदों पर खेली गई 47 रन की पारी से न्यूजीलैंड 84 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 168 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 107 रन ही बना सका। रविंद्र ने कहा हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है, जैसे कि किस छोर से कौन सी गेंद फेंकनी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात है कि वह अच्छा प्रदर्शन के साथ नेतृत्व करते हैं।

# सीरीज जीवंत रखने के लिए भारत को बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

## महिला वनडे सीरीज

**होबार्ट, एजेंसी**

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है।

इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन भारत 2025 में महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली पांच विकेट की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। वर्तमान श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करने में नाकाम रहे और पूरी टीम केवल 214 रन पर आउट हो गई। उप-कप्तान स्मृति मंधाना (58), कप्तान हरमनप्रीत कौर (53) और कासवी गौतम (43) को छोड़कर अन्य भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां नहीं खेल सका। वे ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, काशवी गौतम, हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), सोफी मोलिनी (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा मुकाबला आज सुबह 9:20 बजे से

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

कर्नाटक को फॉलोआन के खतरे में डाला, औकिब नबी ने तीन विकेट चटकाए

# जम्मू-कश्मीर फिर इतिहास रचने को तैयार

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी में पहली बार फाइनल खेलने का अधिकार पाने के साथ ही इतिहास सृजित कर चुका जम्मू-कश्मीर एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि बल्लेबाजों के पराक्रम के बाद शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से मेहमानों ने खिताबी मुकाबले में पूर्व चैम्पियन व मेजबान कर्नाटक को फॉलोऑन के खतरे में धकेल दिया है।

इस क्रम में यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन का खेल समाप्त हुआ तो जम्मू-कश्मीर के विशाल स्कोर (584 रन) के जवाब में पेसर ऑकिब नबी (3-32) के सामने कर्नाटक का शीर्षक्रम ध्वस्त हो गया और टीम 69 ओवरों में 220 रनों पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी।

कर्नाटक पहली पारी के आधार पर 364 रन पीछे है और उसे फॉलोऑन बचाने के लिए अब भी 165 रनों की दरकार है। अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि चौथे दिन कर्नाटक के बचे बल्लेबाज फॉलोऑन बचा पाने में सफल हो पाते हैं अथवा नहीं। उल्लेखनीय है कि रणजी ट्रॉफी में 1959-60 में पदार्पण करने के बाद जम्मू-कश्मीर पहली बार फाइनल में पहुंची है।

ऑकिब नबी की बात करें तो उन्होंने लगातार नौ ओवर फेंककर भारतीय क्रिकेट के कुछ बड़े नामों को परेशानी में डाला। उन्होंने 12वें ओवर में 27 के योग पर लोकेश राहुल (13 रन) को आउट किया और फिर 18वें ओवर में लगातार गेंदों पर करुण नायर (0) व स्मरण रविचंद्रन (0) खाता खोलने तक नहीं दिया (4-57)। इसके पिछले ओवर में कप्तान देवदत्त पडिक्कल (11 रन) सुनील कुमार (1-45) के शिकार बन चुके थे।





पैवेलियन लौटते जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा (बाएं) और अन्य खिलाड़ी। शतक लगाने के बाद जश्न मनाते मयंक अग्रवाल।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584/10 |
| यश जम्मू-कश्मीर | 220/5 |

### नबी मौजूदा सत्र में ले चुके हैं 58 विकेट

गौरतलब है कि नबी ने पूरे सत्र में टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और मौजदू सत्र में उनके विकेटों की संख्या 58 हो गई है, जो उत्तराखंड के स्पिनर मयंक मिश्रा के 59 विकेट से सिर्फ एक कम है। गनीमत रही कि अनुभवी ओपनर मयंक अग्रवाल (नाबाद 130 रन, 207 गेंद, 17 चौके) ने मजबूत रक्षात्मक तकनीक का नजारा पेश करते हुए एक छोर संभाले रखा। उन्हें 124 रनों के स्कोर पर जीवनदान भी मिला। मयंक ने श्रेयस गोपाल (27 रन) संग पांचवें विकेट पर 105 रनों की साझेदारी की थी, तभी युद्धवीर सिंह (1-32) ने गोपाल को लौटाकर यह भागीदारी तोड़ी। इसके बाद मयंक, कृतिक के साथ क्रीज पर हैं।